सूर्योदय 5:36 सूर्यास्त 6:59

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.2 न्यू | 26.6 अधि |
| धर्मशाला | 18.8 न्यू | 31.4 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73878.15 |
| निफ्टी | 22475.85 |
| सोना | 70,090 |
| चांदी | 83,500 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 6 मई, 2024 | 24 बैशाख, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 138, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

आज के अंक में

- भाजपा ने किया है, भाजपा ही करेगी हिमाचल का विकास: अनुराग ठाकुर
- प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में आएंगे सभी परिणाम: मुकेश अग्निहोत्री

पृष्ठ 2 पर पढ़ें



- खरीद-फरोख्त की राजनीति करने वालों को सिखाएं सबक: सुक्खू
- कुप्रबंधन के लिए जानी जाएगी सुक्खू सरकार: मीनाक्षी लेखी

पृष्ठ 3 पर पढ़ें



- सुन्नी बांध परियोजना का काम शुरू मांगें पूरी करने का दिया आश्वासन
- कांग्रेस पार्टी अपना कुनबा ही संभालने में असफल: त्रिलोक

पृष्ठ 13 पर पढ़ें



- ड्रग्स के नशे में ऑस्ट्रेलियाई महिला सांसद का यौन उत्पीड़न
- चेन्नई ने पंजाब किंग्स को 28 रन से हराया

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



## आज का मैच

मुंबई इंडियंस vs सनराइजर्स हैदराबाद

समय: रात 7:30 बजे (मुंबई)

# धर्मशाला में लिया चेन्नई हार का बदला

## पंजाब किंग्स को 28 रनों से हराकर टॉप-3 में पहुंची सुपर किंग्स, प्लेऑफ की उम्मीदें मजबूत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

रवींद्र जडेजा के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल-2024 के 53वें मैच में पंजाब किंग्स को 28 रनों से हराकर चेन्नई में मिली पिछले मैच की हार का बदला धर्मशाला में लिया।

जडेजा ने पहले बल्लेबाजी के दौरान 26 गेंदों पर 3 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 43 रन के बाद 20 रन देकर 3 विकेट झटके। चेन्नई ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 167 रन बनाए।

168 रन का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स की टीम 9 विकेट पर 139 रन बना सकी। इस जीत से चेन्नई सुपर किंग्स की टीम 11 मैचों में 12 अंकों के साथ अंक तालिक में टॉप-3 पर पहुंच गई है। इस जीत से चेन्नई ने प्लेऑफ की उम्मीदें को मजबूत किया है। पंजाब की टीम के 11 मैचों के बाद इस हार के बाद 8 मात्र है।



पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच जीतने के बाद मैदान से बाहर निकलते चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ी।

### प्लेयर ऑफ द मैच



प्लेयर ऑफ द मैच रवींद्र जडेजा ने 43 रन व 3 विकेट झटके।

### पांच हार के बाद जीता चेन्नई

इसी के साथ चेन्नई के खिलाफ पंजाब की जीत का सिलसिला भी थम गया। दोनों टीमों के बीच हुए पिछले छह में से पांच मैचों में पंजाब की टीम ने जीत हासिल की थी। छठे मैच में सीएसके ने जीत हासिल की।

### चेन्नई के कप्तान गायकवाड़ ने 21 गेंद में बनाए 32 रन

शानदार लय में चल रहे चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 21 गेंद में 32, जबकि डेरिल मिचेल ने 19 गेंद में 30 रन का योगदान दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 32 गेंद में 57 रन की साझेदारी की। अर्शदीप ने पारी के दूसरे ओवर में अजिंक्या रहाणे को आऊट कर सीएसके को पहला झटका दिया। क्रीज पर आए डेरिल मिशेल ने इस गेंदबाज के अगले ओवर में चौका और छक्का लगाकर हाथ खोला तो वहीं कप्तान गायकवाड़ ने हरप्रीत बराड़ के खिलाफ छठे ओवर में लगातार गेंदों पर छक्का और दो चौके जड़े। मिचेल ने ओवर की आखिरी गेंद को बाउंड्री पार पहुंचाया। इस ओवर से 19 रन बटोर कर सीएसके ने पावरप्ले में एक विकेट पर 60 रन बना लिये। आठवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये चाहर ने अपनी शुरुआती दो गेंदों पर गायकवाड़ और शिवम दुबे (शून्य) को पवेलियन की राह दिखाई।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज आएंगी धर्मशाला

## केंद्रीय विवि के दीक्षांत समारोह में प्रदान करेंगी डिग्रियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय का सातवां दीक्षांत समारोह 6 मई को मनाया जा जाएगा। समारोह राजकीय कॉलेज धर्मशाला के ऑडिटोरियम में होगा।

इस कार्यक्रम में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, कुलाधिपति पद्मश्री प्रोफेसर डॉ. हरमहेंद्र सिंह बेदी भाग लेंगे। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि दीक्षांत समारोह के आयोजन करने के लिए सभी बंदोबस्त कर लिए गए हैं।

प्रो. बंसल ने कहा कि दीक्षांत समारोह में 2019-22 के यूजी और 2020-22 के सत्रों के पीजी छात्रों को डिग्रियां दी जाएंगी। इस कार्यक्रम में 11 शोधार्थियों को डॉक्टरेट की डिग्री दी जाएंगी। दीक्षांत समारोह में 30 मेधावी छात्र जिन्होंने विभिन्न संकायों में प्रथम स्थान ग्रहण किया उन्हें गोल्ड मेडल और डिग्री से सम्मानित किया जाएगा। इस दीक्षांत समारोह में कुल 709 छात्रों को डिग्रियां आवंटित की जाएंगी।

## अरुणोदय शर्मा की प्रतिभा से प्रभावित राष्ट्रपति



**शिमला**। हिमाचल के अद्भुत बालक अरुणोदय शर्मा ने रविवार शाम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रपति ने अरुणोदय को ये बताया कि उन्होंने भी उसके 'कौन बनेगा करोड़पति' के एपिसोड देखे हैं। हिमाचल का बालक उस समय भी दंग रह गया, जब राष्ट्रपति ने यह खुलासा किया कि उन्हें अरुणोदय से जुड़े डायलॉग भी याद हैं। राष्ट्रपति अरुणोदय की प्रतिभा से काफी प्रभावित हुईं।

## न्यूज शॉर्ट्स

### डोप सैंपल नहीं देने पर नाडा ने बजरंग को किया सस्पेंड

**नई दिल्ली**। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने मार्च में सोनीपत में हुए ट्रायल के दौरान डोप सैंपल नहीं देने के लिए टोक्यो ओलंपिक के पदक विजेता बजरंग पूनिया को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है।



बजरंग ने सोनीपत में आयोजित ट्रायल के दौरान अपने यूरिन सैंपल देने से इनकार कर दिया था, जब वह रोहित कुमार से हार गए थे और परिसर से बाहर चले गए थे। वहीं, अब पूनिया का भी इस पर रिएक्शन आया है। उनका कहना है कि उन्होंने कभी भी नाडा को सैंपल देने से मना नहीं किया था।

### बंगाल शिक्षक भर्ती मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**नई दिल्ली**। डब्ल्यूबीएसएससी द्वारा 2016 में शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों पर की गई 25,753 नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। सीजेआई डी.वाई.चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले की सुनवाई 6 मई को जारी रखेगी। पीठ में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। बता दें कि पिछली सुनवाई के दौरान पीठ ने 22 अप्रैल को कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

### लोकसभा चुनाव : तीसरे चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार थमा

**नई दिल्ली**। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार का शोर रविवार की शाम पांच बजे थम गया। चुनाव आयोग तीसरे चरण की वोटिंग को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। चुनाव के वोटों की गिनती चार जून को की जाएगी। तीसरे चरण के चुनाव में गृह मंत्री अमित शाह, ज्योतिरादित्य सिंधिया, शिबराज सिंह चौहान, दिग्विजय सिंह, डिंपल यादव, सुप्रिया सुले समेत कई दिग्गजों का फैसला होगा।

# अयोध्या में मोदी का रोड शो

**एजेंसी, अयोध्या**

**लोकसभा** चुनाव के तीसरे चरण के लिए सात मई को होने वाले मतदान से ठीक पहले अयोध्या में रामलला के दर्शन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार शाम मेगा रोड शो निकाला।

इस साल जनवरी में राम जन्मभूमि मंदिर में भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद पीएम मोदी ने पहली बार अयोध्या का दौरा किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इटावा और धौरहरा में चुनावी सभाओं को संबोधित करने के बाद रविवार सायं रामनगरी अयोध्या पहुंचे। पीएम मोदी ने श्रीराम जन्मभूमि पहुंच कर प्रभु श्रीरामलला के दर्शन कर भगवान की आरती उतारी। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर अपने संदेश में लिखा कि अयोध्या में श्रीराम लला के दर्शन और पूजन कर भावविभोर हूं। रोड शो के दौरान पीएम मोदी की एक झलक पाने के लिए जनता बेताब थी। लोग सड़कों पर जुटे थे और जोश के साथ नारे लगा रहे थे। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।



अयोध्या में रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ यूपी के सीएम योगी।

पीएम का रोड शो करीब दो किलोमीटर लंबा निकला। सड़क के दोनों किनारों पर भाजपा समर्थक और लोगों की भारी भीड़ मौजूद थी। पीएम नरेंद्र मोदी के रोड शो के लिए विशेष रथ को फूलों से सजाया गया था।

# उपचुनाव : बड़सर से सुभाष ढटवालिया कांग्रेस प्रत्याशी!

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

> बड़सर विधानसभा क्षेत्र से पहली बार होगा कोई राजपूत उम्मीदवार

बड़सर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए सुभाष ढटवालिया का नाम लगभग फाइनल हो गया है। शनिवार रात बड़सर-शाहतलाई रोड पर स्थित मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ एक निजी होटल में हुई डिनर डिप्लोमेसी में इसका खुलासा हुआ। यह पहला मौका है कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र से किसी राजपूत उम्मीदवार को उतारा जा रहा है। इससे भी ज्यादा खास बात यह है कि ढटवाल बिरादरी के क्षेत्र से कांग्रेस ने उम्मीदवार उतारने की हामी भर ली है। इसकी लंबे समय से भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों के बीच चर्चा होती रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के भीतर इस क्षेत्र से उम्मीदवार उतारे जाने की जोरदार पैरवी क्षेत्रवासियों और भाजपा समर्थित वोटरों ने की थी। जिस क्षेत्र से सुभाष ढटवालिया ताल्लुक रखते हैं, वह क्षेत्र तप्पा ढटवाल का प्रमुख क्षेत्र है।



इस डिनर डिप्लोमेसी बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष संजय शर्मा, पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा के अलावा टिकट की दौड़ में शामिल वे नेता भी शामिल हुए जिन्होंने आवेदन किया था। (अनंत ज्ञान)

# पत्थर गिरने से युवक की मौत

**नाहन**। सिरमौर जिले में एक दुखद घटना सामने आई है। जिले की जमटा-काटल सड़क पर पत्थर गिरने से 20 साल के युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए नाहन अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जमटा से महीपुर रोड पर चाकली से श्मशानघाट के लिए सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें जेसीबी काम पर लगाई गई थी। जेसीबी ने पत्थर निकालकर सड़क किनारे रख दिए थे। रामचंद्र, जगदीप चौहान व चालक दीपांशु साइट पर जा रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे रखे पत्थर अचानक खिसककर नीचे गिर गए।

हादसे में रामचंद्र (20) पुत्र रूप सिंह निवासी गांव कमलाड तहसील ददाहू जिला सिरमौर की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसा जगदीप चौहान व जेसीबी चालक दीपांशु की लापरवाही से पेश आया है।

## अनंत व्यंग्य





## शिमला में 17 साल की युवती से दुष्कर्म

**शिमला**। अपर शिमला में 17 साल की नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

युवक ने कई बार पीड़िता से शारीरिक संबंध बनाए और खुलासा करने पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दे रहा था।

पीड़िता ने दिनेश (25) नामक युवक पर जबरन यौन संबंध बनाने के आरोप लगाए हैं। आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## भुंतर में पानी के ड्रम में डूबने से दो वर्षीय बच्ची की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

> मृतक बच्ची उत्तर प्रदेश के बदायूं की, माता-पिता मजदूरी करते हैं

**कुल्लू** जिले के तहत आते भुंतर से सटे तेगुबेहड़ में दो साल की बच्ची की पानी से भरे ड्रम में डूबने से मौत हो गई है। पुलिस ने घटना को लेकर मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है तथा पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

बच्ची घर के पास खेल रही थी। इस दौरान वह खेलते-खेलते पानी से भरे ड्रम के पास पहुंच गई और उसमें गिर जाने से उसकी मौत हो गई। बच्ची को जब अस्पताल लाया गया तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बच्ची की पहचान चांदनी पुत्री नेम सिंह निवासी गेंगटंगला बदायूं उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। बच्ची के माता-पिता यहां पर मजदूरी करते हैं। एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने घटना की पुष्टि की है।

## लुधियाना में ट्रेन के इंजन से अलग हुए डिब्बे

**लुधियाना**। पटना से जम्मू-तवी की ओर जाने वाली अर्चना एक्सप्रेस ट्रेन में उस समय हडकंप मच गया जब खन्ना में अर्चना एक्सप्रेस यात्री ट्रेन के इंजन से इसके डिब्बे अलग हो गए। यह हादसा रेलवे स्टेशन से कुछ आगे जाकर हुआ।

करीब आधा किलोमीटर तक इंजन निकल कर आगे चला गया। गनीमत रही की इस दैरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। इस दौरान करीब 35 मिनट तक ट्रेन की रही। पटरी पर काम कर रहे की-मैन ने शोर मचाने पर ड्राइवर को इसकी जानकारी मिली। तब इंजन को रोका और वापस इंजन को गाड़ी से जोड़ा गया। यह हादसा आज सुबह 9 बजकर 20 मिनट पर हुआ, जबकि ट्रेन दोबारा 9 बजकर 55 मिनट पर गंतव्य के लिए रवाना हुई।

# बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर जारी अब तक 2.38 लाख का पंजीकरण

**एजेंसी, जम्मू**

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने रविवार को बाबा बर्फानी के धाम की इस वर्ष की पहली तस्वीर जारी की है।

श्री अमरनाथ की पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी हिम शिविलिंग के रूप में विराजमान हो चुके हैं और गुफा के चारों ओर बर्फ जमी हुई है। इस बार यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है। बाबा बर्फानी की इस वर्ष यात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इस वर्ष की यात्रा के लिए 20 दिन में 2.38 लाख शिवभक्तों ने ऑफलाइन और ऑनलाइन अग्रिम यात्री पंजीकरण करवा लिया है। दूसरी ओर पारंपरिक पहलगाम मार्ग पर बर्फ हटाने का काम भी जारी है।



यात्रा संबंधी महत्वपूर्ण कार्यों के लिए निविदाएं जारी की गई हैं, जिसमें मई के मध्य या आखिरी सप्ताह में युद्धस्तर पर काम शुरू करवा दिए जाएंगे। तीर्थयात्रियों की सुचारु आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए कड़ी सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को मजबूत किया जा रहा है।

अनंत ज्ञान

## अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

प्रूफ रीडर, कंटेंट राइटर और उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

**अकाउंट डिपार्टमेंट**

कंप्यूटर अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर में काम करने वाला अनुभवी अकाउंटेंट चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

**ताकत** भारतीय कंपनी ने तैयार किया स्वदेशी बमवर्षक, 'देश के बाज' के रूप में काम करेगा

# अब दुश्मनों पर ड्रोन से होगी एयर स्ट्राइक

**एसेंसी, नई दिल्ली**

भारत को अब एयर स्ट्राइक करने के लिए अपने विमानों को दुश्मन के इलाके में भेजने की जरूरत नहीं है। भारत में तैयार बमबर्षक ड्रोन दुश्मन को उनके इलाके में घुसकर नेस्तानाबूद कर देगा। भारत ने रक्षा क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

बेंगलुरु की एक कंपनी फ्लाइंग वेज डिफेंस एंड एयरोस्पेस टेक्नोलॉजीज ने एफडब्ल्यूडी-200बी नामक भारत का पहला स्वदेशी बमवर्षक ड्रोन लॉन्च किया है। यह 'देश के बाज' के रूप में काम करेगा। इस ड्रोन का अनावरण मेक इन इंडिया पहल को एक बड़ा बढ़ावा देता है और रणनीतिक रक्षा उपकरणों के लिए महंगे आयात पर निर्भरता कम करता है।





### अमेरिकी ड्रोन से 10 फीसदी सस्ता स्वदेशी ड्रोन

फ्लाइंग वेज डिफेंस के संस्थापक सुहास तेजस्कंदा ने बताया कि एफडब्ल्यूडी-200बी और डीआरडीओ जैसे एजेंसियों के प्रयास के बाद बमबर्षक ड्रोन तैयार किया गया है। सबसे बड़ी बात यह कि इसकी कीमत सिर्फ 25 करोड़ रुपए है और यह अमेरिकी प्रीडेटर ड्रोन को टक्कर देने में सक्षम है। एक अमेरिकी ड्रोन की कीमत करीब 250 करोड़ रुपए है।

### ड्रोन में ये है खास?

- 12-20 घंटे है एफडब्ल्यूडी-200बी की सहनशक्ति।
- 370 किलो मीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति।
- हवाई हमले के लिए सटीक हथियार।
- 100 किलोग्राम तक वजन लेकर उड़ने में सक्षम।
- लंबी दूरी का मानव रहित विमान।
- मध्यम ऊंचाई पर इसकी उड़ान।
- भारत में हुआ डिजायन तैयार।
- जासूसी के लिए ऑप्टिकल निगरानी उपकरण।

# दहेज प्रताड़ना के कानून में करें जरूरी बदलाव

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट का संसद से आग्रह

**सुप्रीम** कोर्ट ने दहेज प्रताड़ना से संबंधित कानून के मिसयूज पर चिंता जताई है। इसी के साथ कहा है कि दहेज प्रताड़ना से संबंधित नए कानून में जरूरी बदलाव करना चाहिए। भारतीय न्याय संहिता पहली जुलाई से लागू होने जा रही है, जिसमें दहेज प्रताड़ना से संबंधित प्रावधान धारा 85 और 86 में है।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की बेंच ने कहा, भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 85 और 86 पहली जुलाई से प्रभाव से लागू होने वाली है। ये धाराएं आईपीसी की धारा 498-ए को दोबारा लिखने की तरह है। हम कानून बनाने वालों (संसद) से अनुरोध करते हैं कि इस प्रावधान के लागू होने से पहले धारा 85 और 86 में जरूरी बदलाव करने पर विचार करना चाहिए।

नए कानून में दहेज प्रताड़ना से संबंधित कानून की परिभाषा में कोई बदलाव नहीं किया गया है, बस अलग से धारा 86 में दहेज प्रताड़ना से संबंधित प्रावधान के स्पष्टीकरण का जिक्र किया गया है।

## प्रिय पाठकों के लिए

**वोट के लिए आपके मन की बात**



**लोकसभा** चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल : editoranantgyaan @gmail.com पर भेज सकते हैं।
यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबरः 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

## चुनावी चुटकी

### नेता जी की हेलमेट ब्रिगेड



**हेलमेट** ब्रिगेड की हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में काफी चर्चा होने लगी है। क्या हेलमेट पहनकर कोई ब्रिगेड आ गई है। यहां तो सब शांत चल रहा है। किसी को कोई खतरा भी नहीं है। आखिर ऐसा क्या हो गया है। कहीं कुछ दंगा भी नहीं हुआ है। अचानक जहां भी सुनो हेलमेट ब्रिगेड की बात हो रही है। ऐसे भी सुना है यह ब्रिगेड बिना पैसे के काम करेगी। भर्ती भी अभी हुई है। ड्यूटी भी सीमा पर नहीं है और इस क्षेत्र में ही घूम रही है। अब हेलमेट ब्रिगेड का काम क्या है यह किसी को समझ नहीं आ रहा है। इतना जरूर है कि हेलमेट का रंग सफेद बताया है। सफेद रंग के हेलमेट तो कभी ट्रेफिक पुलिस के होते हैं। आग बुझाने वाले महकमे के भी ऐसे ही हेलमेट होते हैं। अब न जाने यह ब्रिगेड सफेद हेलमेट पहन कर क्या गुल खिलाने वाली है। चारों ओर चर्चा भी हो रही है, लेकिन कोई बताने को राजी नहीं है कि क्या यह ब्रिगेड किसी नेता की इस्कॉड में शामिल होगी, या नेता की सुरक्षा करेगी। कुछ भी हो हेलमेट ब्रिगेड की भर्ती के पीछे कोई रहस्य तो रहा होगा। रौनकी ताऊ भी कम नहीं है। ताऊ को सब मालूम है, ताऊ बोल रहा है कि हेलमेट ब्रिगेड तो खड़ी हुई है, लेकिन भर्ती करने वाले कुछ गलती जरूर कर गए हैं। इसमें बैक डोर से कुछ ऐसी भर्ती हो गई है, जो काम खराब कर सकती है। अब हेलमेट एक जैसे हैं, अगर ये हेलमेट लेकर कहीं उल्टे रास्ते पर चल पड़े तो नेता जी को मुश्किल हो जाएगी। हेलमेट में लगा लोगो भी नेता ने अपने फायदे के लिए बनवाया था, लेकिन हेलमेट का यह लोगो कहीं लोगों को ही भ्रमित न कर दे। -राजेश शर्मा

### डेयरी फार्म चलेगा



**मैंने** पीएचडी करके डेयरी फार्म खोला है, इसमें कइयों ने कई कुछ बोला है। पीएचडी के लिए लोन भी लिया था, बैंक से समय पर लौटने का वादा भी किया था। नौकरी के इंतजार में सालों बीत गए, उम्मीदों के पंख भी आंसुओं की बारिश में भीग गए। किसी ने अब उम्मीद नई जगाई है, पढ़ाई की डिग्री पीछे हटाई है। बड़ी डिग्री ही बना तुम्हारा रोड़ा है, पढ़े-लिखे के लिए काम बहुत थोड़ा है। अब हम डिग्री भूल चुके हैं, नए आसमान पर झूल चुके हैं। डेयरी फार्म अब खुल गया है, गोबर का गोदाम फुल हुआ है। हम भी अब बनेंगे लखपति, डिग्री से हुई थी दुर्गति। सरकार ने किया है कोई वादा, तभी हमने किया नेक इरादा। सरकार ने ऐसे हैं सपने दिखाए, जिसने भी देखे उसके मन भाए। अब हम नहीं बदलेंगे विचार, गोबर बेशक कर दे बेकार। सरकार जी तुम मेरी भी सुनना, डेयरी से शुरू किए हैं सपने बुनना। हम लगा देंगे जोर, डेयरी खोलो मचा देंगे शोर। रौनकी ताऊ ने भी खोलेंगे डेयरी, अब नहीं करेंगे कोई देरी। उनको भी है लखपति बनना, डेयरी के खिलाफ कुछ नहीं सुनना। गोबर के भी लगा दिए हैं ढेर, अंधे के हाथ अब लगेंगे बटेर।

## कांग्रेस के न्याय पत्र में रखा है हर वर्ग का ख्यालः अमृत गिल



**मंडी।** कांग्रेस की राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक एवं प्रवक्ता अमृत गिल ने कहा कि लोकसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस पार्टी की ओर से जारी किए गए, न्याय पत्र को लेकर भाजपा के नेताओं यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भ्रामक प्रचार किया जा रहा है कि इसमें मुसलमानों को अलग से आरक्षण देने की बात कही गई है, जबकि वास्तव में ऐसा कुछ भी नहीं है। रविवार को मंडी में पत्रकारों से बात करते हुए अमृत गिल ने कहा कि कांग्रेस के न्याय पत्र में शामिल पांच न्याय और 25 गारंटियों के माध्यम से देश के हर वर्ग का खयाल रखा गया है। पांच न्याय में भागीदारी न्याय में समाज के वंचित वर्ग और छूट गए तबके को मु यधारा में शामिल किया जाएगा।

## कुटलैहड़ की जनता की सेवा करना हमारा उद्देश्यः देवेंद्र कुमार भुट्टो

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र के पंचायत डोहगी और धुंदला में कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो ने जन सभाएं करके जनता से भाजपा के लिए समर्थन मांगा। देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि अपने तीस वर्ष के लंबे राजनीतिक सफर में हमने पहले समाज सेवा को प्राथमिकता दी है और राजनीति को समाजसेवा का जरिया बनाकर जनता के बीच गए हैं। हमारा उद्देश्य केवल कुटलैहड़ की जनता की सेवा करना है। भुट्टो ने कहा राज्य में अब सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि मैं आपके बीच बीते तीस वर्षों से लगातार सेवा करता आ रहा हूं, लेकिन कुछ कांग्रेस नेताओ को यह चुभन हो रही है। अगर कोई परिवार बीते दिनों में आर्थिक सहायता देने की बात सोशल मीडिया में शेयर कर रहे हैं, तो कांग्रेस मित्र आचार संहिता के उल्लंघन की बात कर रहे हैं।

# शहरवासियों की बुलंद आवाज, मंडी में संचालित हो आकाशवाणी केंद्र

## संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन में साबित होगा मील का पत्थर, प्रतिभाओं को मिलेगा मंच, हर जगह गूंजेगा छोटी काशी का नाम




**अनिल शर्मा, मंडी**

**चुनावी मुद्दा**

लोकसभा चुनाव आरंभ चुके हैं और आरोप-प्रत्यारोप के बीच असल मुद्दे दोनों ही राष्ट्रीय दलों ने बड़ी सफाई से गौण कर दिए हैं, लेकिन जनता तो जनार्दन है, वह हिसाब लेने और देने में देर नहीं लगाती। न मांग पूरी हुई न आश्वासन मिला, कुछ तो प्रतिक्रिया चुनावी बटन दबाते हुए मंडीवासी देंगे ही।

आज हम बात करेंगे मंडी में आकाशवाणी स्टूडियो व एमएम रेडियो केंद्र प्रारंभ करने के बारे में। छोटी काशी मंडी की पहचान हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी के तौर पर भी की जाती है, लेकिन यह बड़े आश्चर्य की बात है कि समृद्ध सांस्कृतिक पृष्ठभूमि होने के बावजूद मंडी में अभी तक आकाशवाणी स्टूडियो व एफएम केंद्र नहीं खोला गया है, जबकि शिमला, धर्मशाला व हमीरपुर में यह कार्यरत है।

इसी विषय को लेकर दैनिक अनंत ज्ञान ने जनता की राय जानी और उसे प्रबुद्ध पाठकों के सामने रखने का प्रयास किया है.... (अनंत ज्ञान)

**मंडी में प्रतिभाएं हैं, लेकिन मंच नहीं**

**इस** समय लगभग आधा घंटे का मंडयाली कार्यक्रम आकाशवाणी शिमला से प्रसारित होता है जो समृद्ध मंडयाली संस्कृति के लिए अपर्याप्त है। यदि मंडी में आकाशवाणी केंद्र संचालित होता है तो इस कमी को पूरा किया जा सकता है। टारना में आकाशवाणी केंद्र के लिए प्रत्येक सुविधाएं मौजूद हैं बस इच्छा शक्ति होनी चाहिए। मंडी में संगीत की सभी विधाओं के कलाकार, गायक, गीतकार, लेखक, रचनाकार इत्यादि स्थानीय स्तर पर आसानी से उपलब्ध हैं, लेकिन मंच नहीं है। आकाशवाणी केंद्र यहां की प्रतिभाओं के लिए एक बड़ा मंच साबित हो सकता है।

### मंडी केंद्र की होनी चाहिए शुरुआत



**आजकल** केवल विविध भारती के कार्यक्रम ही डीएमसी केंद्र मंडी से प्रसारित हो रहे हैं और कोई भी मनोरंजन से संबंधित गतिविधियां प्रसारित नहीं होती। भविष्य में मंडी में भी आकाशवाणी केंद्र की शुरुआत की जानी चाहिए। दोनों दलों के उम्मीदवारों से आग्रह है कि इस दिशा में गंभीर कदम उठाए जाएं। -नीरज हांडा, मंडी

### मंडी में आकाशवाणी केंद्र खुलना जरूरी



**मंडी** जिले की आबादी वर्तमान में 12 लाख से ज्यादा है और साक्षरता दर 87 प्रतिशत है तथा सारे जिले में मंडयाली प्राचीन समय से बोली जाती है और मंडयाली बोली, कला संस्कृति, साहित्य व संगीत प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। ऐसी स्थिति में यहां आकाशवाणी केंद्र का खुलना बहुत ही जरूरी है। - कमल कांत शर्मा, संस्कृति संरक्षक

### इच्छा शक्ति हो तो जल्द खुल सकता है केंद्र



**टारना** मंदिर की खूबसूरत पहाड़ी पर जहां माइक्रोवेव अपलिंकिंग टावर लगा है, वहां पर आकाशवाणी स्टूडियो व एफएम रेडियो केंद्र खोलने के लिए पूरी अधोसंरचना विद्यमान है। ऐसी स्थिति में इच्छाशक्ति प्रबल हो तो आकाशवाणी केंद्र मंडी में शीघ्र ही खुल सकता है। -विनोद बहल, अध्यक्ष मेरे अपने संस्था

### केंद्र खोलने से संस्कृति से जुड़ेंगे युवा



**स्टूडियो** व एफएम केंद्र खोलने से बहुत लाभ होने हैं। पहला तो यह कि आज की युवा पीढ़ी जो सोशल मीडिया के कारण अपनी सांस्कृतिक जड़ों से कटती जा रही है उनको इस सांस्कृतिक अभियान से पुनः जुड़ने का मौका मिलेगा। कला और संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए बहुत अधिक आवश्यक इस समय युवा पीढ़ी को इसके साथ जोड़ना है। -राजीव कुमार

### सांस्कृतिक विरासत से जुड़ेंगे युवा



**केंद्रीय** सरकार ने नीतिगत फैसला लिया है कि पंचायत स्तर तक युवाओं को अपनी संस्कृति व विरासत से जोड़ने की योजनाएं बनाई जाएं। ऐसी स्थिति में यदि मंडी में आकाशवाणी केंद्र होगा तो इस नीति में सोने पर सुहागा वाली स्थिति होगी। हम केंद्र सरकार और राज्य सरकार से मांग करते हैं कि यहां आकाशवाणी केंद्र खोला जाए। - दिनेश कुमार, किसान सभा अध्यक्ष

### जल्द दी जाए केंद्र खोलने की अनुमति



**मंडी** नगर में संगीत की विभिन्न विधाओं गायन, वादन, नृत्य, रंगमंच से जुड़े कलाकार, साहित्यकार जो अपने सीमित साधनों से मंडयाली बोली, कला-संस्कृति, साहित्य व संगीत के संरक्षण व संवर्द्धन के लिए प्रयासरत हैं, उनकी भावना को ध्यान में रखकर जल्द यहां पर आकाशवाणी का स्टूडियो व एफएम रेडियो स्टेशन खोलने की अनुमति दी जाए। - कृष्ण चंद्र महादेविया, वरिष्ठ साहित्यकार

### मंडी में प्रतिभाओं की नहीं कोई कमी



**मंडी** जिला सांस्कृतिक राजधानी होने के साथ-साथ यहां प्रतिभाओं की खदान है, ऐसी स्थिति में सरकारों को चाहिए कि यहां शीघ्र-अति शीघ्र आकाशवाणी केंद्र खोला जाए, ताकि इन प्रतिभाओं को मंच प्राप्त हो सके। स्टूडियो नहीं होगा तो यह प्रतिभाएं कहां जा सकती हैं। सरकार को शीघ्र अति शीघ्र इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने चाहिए। -कैप्टन जगदीश वर्मा

### मंच मिलने से प्रतिभाओं में आएगा निखार



**मंडी** में आकाशवाणी केंद्र खुलता है, तो यहां की प्रतिभाओं को मंच प्राप्त होगा। हालांकि हमने निजी प्रयासों से भी युवाओं को मंच प्रदान करने की बेहतर कोशिश की है और आगे भी जारी रहेगी, लेकिन यदि यह केंद्र खुलता है, तो प्रतिभाओं के निखार में यह सोने पर सुहागा होगा। -आलोक राठौर, कंप्यूटर इंजीनियर

### सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र है मंडी



**मंडी** नगर को राजा अजबरसेन ने वर्ष1527 में बसाया था, यह नगर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र रहा है, जिसकी पहचान हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी के तौर पर भी की जाती है, लेकिन मंडी में अभी तक आकाशवाणी स्टूडियो व एफएम केंद्र नहीं खोला गया है। इसे जल्द ही खोला जाना चाहिए। -अनिल शर्मा, ओल्ड स्टूडेंट यूनियन अध्यक्ष

### स्थानीय युवाओं को मिलेगा रोजगार




**स्टूडियो** बनने से परोक्ष व अपरोक्ष रूप में स्थानीय युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। इसके साथ ही मंडयाली संस्कृति, कला आदि देश-विदेश में प्रसिद्ध होगी। यदि उभरते हुए कलाकारों को समय रहते मंच प्रदान नहीं किया जाता है, तो यह प्रति प्रतिभाएं धूमिल हो जाती हैं, जो एक प्रतिभाशाली समाज के लिए धब्बा है। -दीपमाला, मंडी

### विभाग के नाम है 5000 वर्गमीटर भूमि



**वर्तमान** में लगभग 5000 वर्गमीटर भूमि सूचना एवं संचार विभाग के नाम पर है। मौजूदा भवनों में से एक भवन बंद पड़ा है और ताला लगा है तथा आसपास बहुत बड़ा भू-भाग खाली पड़ा है। भूमि और भवन सब कुछ होने के बावजूद भी मंडी में आकाशवाणी केंद्र नहीं खोला जा रहा है वह दुर्भाग्यपूर्ण है। -अजय सहगल, समाजसेवी।

### मंडीयाली संस्कृति का होगा संरक्षण



**स्थानीय** स्तर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम, चर्चा, नाटक इत्यादि को कम समय में मंडी में तैयार करने की क्षमता विद्यमान है। ऐसे में इस क्षमता का समाज के लिए दोहन होना बहुत जरूरी है, ताकि मंडयाली संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकें। -चंद्रशेखर वैद्य, अध्यक्ष वीर मंडल

### मंडी में क्यों नहीं है अकाशवाणी केंद्र?



**शिमला,** धर्मशाला व हमीरपुर में आकाशवाणी केंद्र सक्रिय हैं तो मंडी में क्यों नहीं हो सकता है। मंडी में 1997 से डीएमसी केंद्र कार्यरत है, लेकिन इतने लंबे समय पश्चात भी आकाशवाणी केंद्र नहीं संचालित किया गया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। यहां के युवाओं को मंच प्रदान करने के लिए शीघ्र-अतिशीघ्र आकाशवाणी केंद्र संचालित होना चाहिए। -लक्ष्मेंद्र, अध्यक्ष, हिमाचल बचाओ संघर्ष मोर्चा

### एक महीने में शुरू हो सकता है एफएम



**स्टूडियो** व एफएम केंद्र चलाने के लिए अतिरिक्त निर्माण करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी तथा तत्काल आकाशवाणी स्टूडियो व एमएम रेडियो केंद्र प्रारंभ करने के लिए सभी साधन यहां उपलब्ध हैं। भवन के एक कमरे को साउंडप्रूफ बनाकर थोड़े से खर्चे से एक महीने के अंदर स्टूडियो व एफएम रेडियो स्टेशन प्रारंभ किया जा सकता है। -नीरज शर्मा, प्रवक्ता मंडी

# भाजपा ने किया है, भाजपा ही करेगी हिमाचल का विकासः अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**


नालागढ़ में जनसभा के दौरान जनता के बीच अनुराग ठाकुर।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई और आदरणीय प्रेम कुमार धूमल की डबल इंजन की सरकार में एक दिसंबर 2002 को हिमाचल प्रदेश को विशेष इंडस्ट्रियल पैकेज मिला था, उसी की देन है कि आज हिमाचल के बद्दी और नालागढ़ में हजारों उद्योग लगे हैं और लाखों लोगों को रोजगार मिला है। मेडिकल डिवाइस पार्क और बल्क ड्रग पार्क भी भारतीय जनता पार्टी की ही देन है।

आज हिमाचल में जो रेल और सड़क विकास हुआ है यह भी भारतीय जनता पार्टी ने ही कराया है। मगर, इसमें एक बात यह भी है कि विकास के कार्यों के लिए जमीन अधिग्रहण राज्य सरकार को करना होता है। बिना जमीन अधिग्रहण के विकास के कार्य समय पर नहीं हो पाते हैं। यह बात स्पष्ट है कि हिमाचल का विकास भारतीय जनता पार्टी ने ही किया है और आगे भी भारतीय जनता पार्टी ही करेगी। अनुराग ठाकुर ने यह बातें नालागढ़ में एक विशाल जनसभा में कहीं। उन्होंने कहा कि जब हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा की कांग्रेस की सरकार थी, तब उन्होंने स्पष्ट कह दिया था कि हम हिमाचल से जुड़ने वाली सड़क नहीं बनाएंगे। इससे यह स्पष्ट होता है कि विकास के लिए नीति और नियत के साथ-साथ डबल इंजन की भाजपा सरकार बेहद जरूरी होती है। आज हम लोकसभा चुनाव में अपने विकास के ट्रैक रिकॉर्ड के ऊपर लड़ रहे हैं, वहीं कांग्रेस भय और भ्रम फैलाकर चुनाव में उतरी है। उनके गठबंधन का हाल यह है कि सभी एक-दूसरे पर विश्वास खत्म हो चुका है और सब अपनी ढपली अपना राग अलाप रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से एसटी, एससी और ओबीसी विरोधी रही है। इन्होंने हमारे एससी-एसटी और ओबीसी भाइयों बहनों का आरक्षण छीन कर मुसलमानों को दिया है। कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह अपनी सरकारों में एससी, एसटी और ओबीसी का दर्जा छिनने वाली है? कांग्रेस जो सर्वेक्षण करने की बात करती है, उसमें क्या स्त्री धन को भी छीनेंगे? क्या जमीन भी ले जाएंगे? क्या वे इन सभी चीजों पर एफिडेविट देंगे।

**केंद्रीय मंत्री ने नालागढ़ में की विशाल जनसभा**

# प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में आएंगे सभी परिणामः मुकेश अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान, ऊना**


घालुवाल में आयोजित डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री की जनसभा में पहुंचे लोग।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश में लोकसभा व विधानसभा के उपचुनाव पूरी गंभीरता के साथ लड़ रही है और चुनाव में परिणाम चमत्कारी रूप से कांग्रेस के पक्ष में आएंगे। भाजपा को मुंह की खानी पड़ेगी। नेता विपक्ष जयराम ठाकुर जो अपने आप को हिमाचल का स्टार प्रचारक मान रहे थे, वह अब केवल एक क्षेत्र में एक उम्मीदवार कंगना के इंट्रोडिउसर बनकर रह गए हैं।



मुकेश अग्निहोत्री ने घालुवाल में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता एक बात याद रख लें कि हमीरपुर की जीत के बिना हमारी जीत अधूरी होगी, इसलिए हमीरपुर में सतपाल रायजादा जीताने के लिए घर-घर प्रचार करें। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि कोई भी लक्ष्य बड़ा नहीं होता है, जब कार्यकर्ता ठान ले तो हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि यह कार्यकर्ताओं का प्यार है, स्नेह है जो इतनी बड़ी संख्या में जहां पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि विचारों की लड़ाई है हम विकास के ऊपर आगे बढ़ेंगे। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि कांग्रेस के मजबूत उम्मीदवारों को देखकर भाजपा की हवाइयां उड़ रही हैं । उन्होंने कहा कि मंडी में भाजपा को अब पता लग रहा है चुनाव क्या होता है? उन्होंने कहा कि भाजपा गलतफहमी है कि वीरभद्र सिंह का अपमान कर चुनाव नहीं जीते जा सकते। उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह हिमाचल प्रदेश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं, जिन्होंने प्रदेश की सेवा की है, जो दिलों में राज करते हैं। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि नेता विपक्ष जयराम ठाकुर जल्दबाजी में हैं इसलिए आपरेशन लोटस को भी जल्दबाजी में किया, अब तो उन्हें हाईकमान की डांट लग रही है कि सफलता नहीं मिली।

उन्होंने कहा कि पूरे भारत में हिमाचल भाजपा के लिए आपरेशन लोटस के फेल होने की मिसाल बनकर याद रहेगा। उन्होंने कहा कि हम विकास को आगे बढ़ाएंगे। प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाएंगे। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि उनकी धर्मपत्नी प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री का अचानक निधन, परिवार को खालीपन दे गया है। उन्होंने कहा कि परिवार की ताकत चली गई है । उन्होंने कहा कि हरोली अब परिवार है।

**बोले- सिम्मी के जाने के बाद हरोली ही अब मेरा परिवार**

**सियासत** नालागढ़ में पन्ना प्रमुख सम्मेलन में नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस पर लगाए आरोप

# बद्दी में वसूला जा रहा गुंडा टैक्सः जयराम

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



नालागढ़ में रविवार को पन्ना प्रमुख सम्मेलन में शिरकत करते जयराम ठाकुर।

नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में रविवार को पन्न प्रमुख सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में नेता नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिरकत करते हुए कार्यकर्ताओं में आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर जोश भरा और केंद्र की जनकल्याणा नीतियों को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया। जयराम ठाकुर ने कहा कि आज हमारे पास नरेंद्र मोदी जैसा क्षमतावान नेतृत्व है। यह हमारे लिए सौभाग्य और गर्व की बात है।

आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। देश-दुनिया का नरेंद्र मोदी पर यह भरोसा उनके द्वारा किए गए कार्यों की वजह से हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है और बद्दी में खुलेआम गुंडा टैक्स वसूला जा रहा है, जिसके कारण उद्योग पलायन कर रहे हैं। स्क्रैप के मामले में जो हाल इस सरकार में है वह पहले कभी नहीं था, उसके लिए एक अलग ही महकमा बना दिया है, जो सरकार के समानांतर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि उद्योगों को परेशान करने के लिए जिस तरह से अराजकता चल रही है, उससे प्रदेश का नुकसान होगा। जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री पर हमला करते हुए कहा कि प्रदेश में विकास विरोधी सरकार चल रही है। कांग्रेस की सरकार के पास बहुमत नहीं है। सरकार बचाने के लिए स्पीकर ने भाजपा के 15 विधायकों को निष्कासित किया। जयराम ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन करके यह सरकार बची है, जो अब ज्यादा दिन नहीं चलने वाली है।

आज मुख्यमंत्री हमारे नेताओं पर अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। उनके पास अगर तथ्य हैं तो वह जनता के सामने रखें, लेकिन उनके पास कोई तथ्य नहीं हैं, सिर्फ झूठी बातें हैं। वहीं, विधायक केएल ठाकुर भी पन्ना प्रमुख सम्मेलन में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह पर जमकर बरसे। विधायक केएल ठाकुर ने कहा कि पिछले 15 माह में कोई काम नहीं हुआ।

# राम मंदिर बनाने वाले को फिर से बनाएंगे देश का प्रधानमंत्रीः डॉ. राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान, शिमला**



भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने शिलाई विधानसभा क्षेत्र के पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाग लिया और उनके साथ सांसद सुरेश कश्यप, पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप, प्रदेश प्रवक्ता बलदेव तोमर व जिला अध्यक्ष विनय गुप्ता उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बिंदल ने कहा कि देश में एक बार फिर मोदी सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि झूठ बोलने वालों को जनता माफ नहीं करेगी, जिन्होंने भगवान श्री राम, महिलाओं, युवा, किसानों, 300 यूनिट बिजली को लेकर जनता से झूठ बोला। कांग्रेस के वो लोग अब ज्यादा दिनों के लिए बचने वाले नहीं हैं। उन्हांने कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने खुलकर अल्पसंख्यकों के बारे में बोला है, कांग्रेस के लिए हिंदू बहुसंख्यक है और मुस्लिम अल्पसंख्यक है और यह लोग अल्पसंख्यकों को सब कुछ देना चाहते हैं। कांग्रेस के नेता सनातन विरोधी है, सनातन धर्म को डेंगू, मच्छर की तरह खत्म करने की बात करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करवाया, इसके लिए हम सब मिलकर फिर से राम मंदिर बनाने वाले को देश का प्रधानमंत्री बनाएंगे।

## हैप्पी बर्थडे



मंडी की वानिका अवस्थी को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

# थुरल बाजार में जाम हुआ आम

**राकेश डोगरा, डरोह**

थुरल बाजार में ट्रैफिक जाम आम देखा जा सकता हैं। जिससे जहां इस समस्या से गाड़ियों के चालकों को दो चार होना पड़ रहा हैं वहीं बाजार में खरीददारी करने वालों को पैदल चलना मुश्किल हो रहा है।

थुरल बाजार में ट्रैफिक जाम का आलम यह है कि इससे पालमपुर-हमीरपुर सड़क पर चलने वाली बसें भी अपने निर्धारित समय से आधा पौना घंटा इस जाम में फंसी रहती हैं और तय समय पर अपने गंतव्य पर नहीं पहुंच पा रही हैं।

हालांकि प्रशासन ने यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए बाजार के दोनों तरफ ट्रैफिक लाइट्स लगवाई हैं लेकिन काफी लंबे अरसे से यह बंद पड़ी हुई हैं। जिसके कारण थुरल बाजार में प्रतिदिन लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

थुरल बाजार के दुकानदारों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि ट्रैफिक लाइट्स को सुचारु रूप से चलाया जाए ताकि थुरल की जनता व यहां से गुजरने वाले वाहन चालक व यात्रियों को इस ट्रैफिक जाम से निजात मिल सके। (अनंत ज्ञान)



थुरल बाजार में लगा ट्रैफिक जाम, इससे यहां लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।

# 'दीन दयाल भरोसे तेरे' परौर में सत्संग से गूंज उठा पंडाल

## महाराज गुरिंद्र सिंह ढिल्लों ने प्रवचनों से संगत को किया निहाल

**तरुण चौधरी, नगरोटा बगवां**

राधा स्वामी डेरा परौर में रविवार को महाराज गुरिंद्र सिंह ढिल्लों ने सत्संग किया। इस दौरान पंडाल में मौजूद लाखों की संगत ने उनके प्रवचन सुने। सत्संग शुरू होने से पहले पूरा पंडाल 'दीन दयाल भरोसे तेरे' से गूंज उठा।



राधा स्वामी सत्संग परिसर परौर में रविवार को डेरा ब्यास प्रमुख गुरिंद्र सिंह ढिल्लों महाराज की एक झलक पाने के लिए आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। डेरा प्रमुख ने भी पंडाल में उपस्थित संगत को प्रवचनों के माध्यम से निहाल किया।

इस दौरान प्रवचनों से पहले मरणोपरांत अंग दान एवं नेत्र दान का महत्व भी बताया गया। इस दौरान गुरिंद्र सिंह महाराज ने फरमाया कि मन मांग इच्छाओं का आशिक है इसलिए बेकाबू रहता है। मन को मालिक की भक्ति से जोड़कर अंदर से रस प्राप्त किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)



राधा स्वामी डेरा परौर में बस स्टॉप के पास मौजूद संगत।

### मैं और मेरी को छोड़कर जीवन में आगे बढ़ें

डेरा ब्यास प्रमुख ने कहा कि मालिक की पहचान तभी होगी जब नाम एवं नामी एक हो जाएंगे। मैं और मेरी को छोड़कर जीवन में आगे बढ़ें। गुरु केवल रास्ता दिखाते हैं, साधन समझाते हैं। गुरु द्वारा समझाया जाता है कि कमाई कैसे करनी है ताकि नाम की शक्ति अंदर से जागृत हो सके। मालिक का कोई नाम नहीं है, इसलिए अनामी बोला गया है। मालिक को अलग-अलग धर्म के लोग अलग-अलग नाम से पुकारते हैं। मालिक ने जो दिया उसमें संतुष्ट होना सीखें। नाम सत जग झूठ है। नाम एवं शब्द वह ताकत एवं शक्ति है जिसने सृष्टि को बनाया है। नाम न लिया जाता है न दिया जाता है। नाम मनुष्य के अंदर विराजमान है। डेरा ब्यास प्रमुख ने कहा कि मालिक ने मनुष्य को जो मौका दिया है उसे बर्बाद किया जा रहा है। मनुष्य अपनी पहचान तो कर नहीं पाया परंतु मालिक की पहचान करने में जरूर जुटा हुआ है। मन को काबू कर भक्ति में रस जाना है। परमात्मा प्रेम है तो प्रेम ही परमात्मा है। मनुष्य भक्ति का भी आसान तरीका ढूंढता है।



### सत्संग के बाद लगा ट्रैफिक जाम

महाराज गुरिंद्र सिंह ढिल्लों के सत्संग के बाद ज्यादातर संगत घरों के लिए वापस हो जाती है। इसके चलते बसों और अन्य वाहनों के कारण कुछ-कुछ देर तक जाम लगा रहा। परौर से नगरोटा बगवां और ठाकुरद्वारा तक धीमी गति से वाहनों की आवाजाही हुई। वहीं ट्रैफिक पुलिस और सेवादारों द्वारा ट्रैफिक को पूरी तरह कंट्रोल में रखकर वाहनों की आवाजाही को सुचारु रूप से चलाए रखा।

## मोदी के पक्ष में मतदान की अपील

# किसान मोर्चा ने निकाली बूथ विजय संकल्प यात्रा



बूथ विजय संकल्प यात्रा के दौरान लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करते किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अभिनय भाटिया व अन्य।

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा धर्मशाला मंडल में बूथ विजय संकल्प यात्रा रविवार को बूथ नंबर 41 में की गई। यह यात्रा जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा अभिनय भाटिया की अध्यक्षता में की गई।

इस यात्रा में घर-घर जाकर लोगों से मोदी के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया गया और समस्त लोगों को मोदी द्वारा किए गए विकासात्मक कार्यों एवं उनकी जनकल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत करवाया। साथ में उन्हें पत्रक भी वितरित किए गए। यह अभियान लोकसभा चुनाव और उपचुनाव होने तक पूरे विधानसभा क्षेत्र में चलेगा।

इस यात्रा के दौरान लोगों में खूब जोश देखा गया व लोगों का भरपूर समर्थन भी मिल रहा है। इसमें कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र प्रभारी किसान मोर्चा संजीव ठाकुर, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा शिव कुमार, सतीश जोश, विरजेश्वर गुलेरिया, सुरेश कुमार, सरबजीत धीमान व आनंद शर्मा आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## युवाओं को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**देहरा।** ग्राम पंचायत दयाल की पंचायत प्रधान ममता देवी व बीडीसी सदस्य रंजना धीमान ने नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण युवाओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि आज के समय में नशा काफी हद तक पैर पसार चुका है। नशे से स्वास्थ्य को तो हानि होती ही है, इसके साथ-साथ पारिवारिक स्थिति पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। ब्लॉक समिति सदस्य रंजना धीमान ने कहा कि शिक्षा के अभाव में कई लोग जाने-अनजाने बुरी आदतों के शिकार हो जाते थे। उन्होंने युवाओं से कमेटियां गठित कर समाज में पनप रही तमाम बुराइयों के खिलाफ लोगों को जागरूक करने की अपील की। नशे की लत का छुड़वाने के लिए लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। इसलिए युवाओं को नशे के खिलाफ आवाज उठानी होगी। उन्होंने युवाओं से नशे जैसी बुराई से दूर रहने का आह्वान किया और खेलों की ओर ध्यान देने को कहा।

# कोहालरी गांव में बावड़ी को संवारा

**अनंत ज्ञान, परागपुर**

गर्मी का मौसम शुरू होते ही क्षेत्र में पानी का संकट पैदा न हो इसके लिए गांव टीहरी के समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त स्कूल प्रधानाचार्य होशियार सिंह भारती ने एक नई पहल शुरू की है।

इन दिनों होशियार सिंह भारती अपने क्षेत्र के विक्की, संजू, आशु, विनय बबलू, बुधि सिंह सोनी आदि को साथ लेकर क्षेत्र के कुएं और बावड़ियों की साफ-सफाई करने का अभियान शुरू किया है। इसी कड़ी में होशियार सिंह भारती ने इन युवाओं के साथ मिलकर रविवार को गांव कोहालरी के प्राचीन कुएं और बावड़ी की साफ-सफाई की ताकि गर्मी में लोगों को पीने के पानी की कोई दिक्कत पैदा न हो। इस दौरान होशियार सिंह भारती ने लोगों से कुएं और बावड़ियों के निकट कूड़ा-कर्कट न फैंकने की अपील की है।



बावड़ी की सफाई करते समाजसेवी होशियार सिंह भारती व अन्य।

# हेमराज कौंडल की नियुक्ति से कांग्रेसी उत्साहित

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने हेमराज कौंडल को जयसिंहपुर ब्लॉक कांग्रेस सेवादल का अध्यक्ष नियुक्त किया है। विधानसभा चुनावों के बाद ब्लॉक कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष का पद खाली चल रहा था, लेकिन अब इस पद पर हेमराज कौंडल की नियुक्ति से जयसिंहपुर कांग्रेस को ओर ज्यादा मजबूती मिलेगी।

मंत्री यादविंद्र गोमा के खास व उनके ही पैतृक गांव धार क्षेत्र के खजुरनु के रहने वाले हेमराज ने अपने जीवन काल के 41 वर्ष देश व प्रदेश की सेवा में लगाए हैं। 65 वर्षीय हेमराज ने 24 वर्ष भारतीय सेना में सेवाएं देने के बाद 14 वर्ष हिमाचल पुलिस व तीन वर्ष मदर डेयरी में सर्विस की है। इनकी परिवारिक पृष्ठ भूमि भी कांग्रेस विचारधारा से जुड़ी है। हेमराज को उनकी सेवानिवृत्ति के बाद खजुरनु बूथ का अध्यक्ष बनाया गया। यहां भी इन्होंने पूरी निष्ठा से से काम करते हुए विधानसभा चुनावों में अपने बूथ से कांग्रेस को बढ़त दिलाई।



अभी कुछ दिन पहले ही इनको सेवादल अध्यक्ष बनाया गया है। इन्होंने जयसिंहपुर विधानसभा के दौरे करना शुरू कर दिए हैं। हेमराज ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह, मंत्री यादविंद्र गोमा, प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अनुराग शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत ढडवाल व समस्त प्रदेश कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया है।

# हेल्थ इज वेल्थ

## गर्मियों के रोग का इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक पद्धति से उपचार

**मौसम** बदलाव के साथ कई रोग भी उत्पन्न होते हैं जो कि सामान्य बातों को अक्सर ध्यान में न रखने के कारण जानलेवा रूप धारण कर लेते हैं। गर्मियों के मौसम में उच्च तापमान, आपकी त्वचा पर उभार, मांसपेशियों में ऐंठन, सिरदर्द, चक्कर आना, मतली या कई अन्य लक्षण हैं, तो आपको गर्मी से संबंधित सबसे आम बीमारियों में से एक हो सकती है घमौरियां, गर्मी ऐंठन, गर्मी से थकावट या हीट स्ट्रोक। गर्मी की बीमारियां हल्के से लेकर गंभीर तक होती हैं और हीट स्ट्रोक जानलेवा हो सकता है। बीमारियों के लक्षणों व उसके उपचार को लेकर इलेक्ट्रोहोम्यपैथी विशेषज्ञ एवं शोधकर्ता डॉ. संजीव शर्मा ने अनंत ज्ञान दैनिक समाचार से एक विशेष भेंटवार्ता की।

### गर्मी की अकड़न

**पानी** पिएं, आराम करें, गर्मी से थकावट, किसी ठंडे, छायादार क्षेत्र में जाएं या घर के अंदर जाएं, ठंडा पानी छोटे-छोटे घूंट में पिएं, अपनी त्वचा पर ठंडे कपड़े रखें। अपने ऊपर धुंध छिड़कें और पंखे के पास खड़े हो जाएं।



### घमौरियां

**यदि** संभव हो तो किसी ठंडी जगह पर जाएं, अपनी त्वचा को धीरे से सुखाएं, अपनी त्वचा पर ठंडी पट्टी लगाएं, ऐसे किसी भी उत्पाद का उपयोग न करें जो आपके छिद्रों को अवरुद्ध कर सकता है। इसमें बेबी पाउडर, क्रीम और मलहम शामिल हैं।

### लू लगना

गर्म क्षेत्र से बाहर निकलें, लक्षण दिखने पर 30 मिनट के अंदर चिकित्सक का परामर्श लें व उपचार कराएं, अपने आप पर पानी छिड़क कर या ठंडा सेक लगाकर ठंडा होना शुरू करें, अपने कपड़ों को ढीला करें या हटा दें, अपने पैर ऊपर उठाएं।

### चौड़ी किनारी वाली टोपी और धूप का चश्मा पहनें

**तापमान** और आर्द्रता अधिक होने पर गतिविधियों या व्यायाम के लिए बाहर जाने से बचें। सनबर्न से आपके शरीर की ठंडक पाने की क्षमता कम हो जाती है। बाहर चौड़ी किनारी वाली टोपी और धूप का चश्मा पहनें।

प्रस्तुति: एमएम डैनियल, चंबा



### हर 15 मिनट में पानी पिएं

**इलेक्ट्रोहोम्यपैथी** विशेषज्ञ एवं शोधकर्ता डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि गर्मी से होने वाली बीमारियां रोकथाम योग्य हैं। खुद को ज्यादा गरम होने से बचाने के लिए निम्नलिखित सरल चरणों का उपयोग करें गर्म वातावरण में काम करते या व्यायाम करते समय हर 15 मिनट में पानी पिएं, भले ही आपको प्यास न लगी हो। यदि आपको अत्यधिक गर्मी में बाहर रहना है, तो हर घंटे कुल दो से चार गिलास पानी पिएं। समय-समय पर छाया, ठंडे क्षेत्र में विश्राम करें। गर्म, आर्द्र मौसम में बाहर काम करते समय या व्यायाम करते समय टोपी और ढीले, हल्के, हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें। शराब या कैफीन युक्त पेय पदार्थ न पिएं।

## जलजनित रोग हो सकते हैं खतरनाक

**इन** दिनों लोग जल जनित रोग जैसे डायरिया टाइफाइड वायरल जैसी बीमारियों से जूझ रहे हैं। इसका मुख्य कारण दूषित भोजन और पानी का उपयोग है। टाइफाइड दूषित भोजन और पानी से फैलने वाली सबसे आम जलजनित बीमारियों में से एक है। साफ और स्वच्छ पानी की पहुंच से वंचित स्थानों पर रहने वाले लोगों में टाइफाइड होने का खतरा अधिक होता है। टाइफाइड अत्यंत संक्रामक है और किसी संक्रमित व्यक्ति द्वारा दूषित पानी के संपर्क में आने से व्यापक रूप से फैलता है। हालांकि, उचित स्वच्छता उपाय अपनाने और आवश्यक टीके लेने से इसे रोका जा सकता है।



### प्रदूषित पानी से होता है हैजा

**हैजा** एक जलजनित बीमारी है जो आमतौर पर ग्रामीण समुदायों में होती है जहां लोगों को हमेशा उचित स्वच्छता तक पहुंच नहीं मिलती है। हैजा एक हानिकारक बीमारी है जिसका इलाज न किया जाए तो यह जानलेवा हो सकती है। हैजा प्रदूषित पानी से फैलता है, जो गंभीर दस्त और निर्जलीकरण का कारण बनता है, विशेष रूप से खराब स्वच्छता वाले क्षेत्रों में और खुले जल स्रोतों (जैसे तालाब) से पानी का उपयोग करते हुए, जिसका उपयोग कई कारणों से किया जाता है जैसे कि कपड़े धोने, नहाने, सफाई आदि के लिए। अत्यधिक संक्रामक होने के कारण, हैजा बहुत आसानी से फैल सकता है और संक्रमण के कुछ दिनों या घंटों के भीतर घातक हो सकता है।

### डॉक्टर से परामर्श जरूरी



**डॉ.** एनके गुप्ता का कहना है कि डायरिया, डायसेन्ट्री, टाइफाइड, वायरल, हेपेटाइटिस की स्थिति में डॉक्टर से परामर्श जरूरी है। इलाज के लिए एंटीबायोटिक कोर्स के साथ पानी को उबालकर पिएं। पानी कम से कम 20 मिनट तक उबालें। प्राकृतिक जल स्रोत में नियमित क्लोरिन का छिड़काव जरूरी है।

### जलजनित रोगों के कारण

**वरिष्ठ** चिकित्सक डॉ. एनके गुप्ता बताते हैं कि गर्मियों में तेजी से बैक्टीरिया पनपता है। बारिश का पानी दूषित पदार्थों से होकर जलस्रोत में मिलता है। इसके सेवन से अक्सर जलजनित बीमारियां बैक्टीरिया, वायरस फैल जाता है। प्रदूषित जल स्रोतों या मल के सीधे संपर्क में आने और भोजन और पेय पदार्थों को संभालते समय उचित स्वच्छता उपायों का पालन न करने के कारण फैलती हैं। ये संक्रमित सतहों को छूने और संक्रमित व्यक्तियों के निकट संपर्क या निकटता में रहने से भी फैल सकते हैं। उचित स्वच्छता और स्वच्छता का पालन न करना जल जनित बीमारियों के फैलने का मुख्य कारण है।

प्रस्तुति: आर मोहन चौहान, सोलन

## डायरिया रोग से गर्मियों में बचाव जरूरी

**गर्मियों** के मौसम में डायरिया या आंत्रशोथ रोग पनपने की संभावना रहती है। डायरिया को दस्त के रूप में भी जाना जाता है यह एक बीमारी है जो आपको सामान्य की तुलना में अधिक शिथिल या अधिक मल पास करती है। अक्सर गर्मियों में इस रोग के पनपने की संभावना रहती है। गर्मियों में दूषित पेयजल और साधारण पानी में भी बैक्टीरिया हो सकता है। पानी को छानने अथवा उबालने के बाद ठंडा करके इस्तेमाल किया जाना चाहिए। साधारण भाषा में डायरिया को दस्त के रूप में भी जाना जाता है। यह एक बीमारी है जो आपको सामान्य की तुलना में अधिक शिथिल या अधिक मल पास करती है। दो से तीन दिन तक लगातार तरल मल आने का मतलब डायरिया हो सकता है। इसको गैस्ट्रोएंटेराइटिस, जिसे पेट का फ्लू भी कहा जाता है। यह माइक्रोबियल संक्रमण के कारण पेट या आंत की सूजन के कारण होता है।

### असाध्य नहीं है डायरिया

डॉ. आशीष शर्मा, शिशु रोग विशेषज्ञ ऊना का कहना है कि यह रोग असाध्य नहीं है, डायरिया एक ऐसा रोग है जो कुछ सामान्य से साधारण उपाय करने से ठीक हो सकता है। इसमें स्वच्छ पेयजल, गीला कचरा और गंदगी के सुरक्षित और स्वच्छ निपटान के लिए प्रावधान बनाए रखने से दस्त के अचानक फैलने के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। दस्त को रोकने में एक बड़ा उपाय जो हो सकता है वह है उचित व्यक्तिगत स्वच्छता का रखरखाव है। टॉयलेट जाने के बाद और खाना बनाने और खाने से पहले अच्छी तरह हाथ धोने से डायरिया को आसानी से निर्यंत्रित किया जा सकता है।





### ये हैं डायरिया के लक्षण

किसी भी व्यक्ति को इसका पता लगाना भी आसान है। जिनको पानी जैसा लगातार मल आने लगे, पेट में ऐंठन या दर्द होना, मतली और उल्टी का मन करना, कुछ मामलों में बुखार हो सकता है और भूख की कमी होने लगती है। दस्त के एक-दो दिनों के बाद शरीर में पानी की कमी से कमजोरी और सुस्ती हो सकती है। प्रभावित व्यक्ति को इस दौरान हर समय हाइड्रेटेड रहना पड़ता है। बहुत सारे तरल पदार्थ पीने के अलावा और कोई अच्छा विकल्प नहीं है। ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन या ओआरएस को पानी में मिलाकर खोए हुए मिनरल्स और लवणों को वापस ला सकते है। एक सामान्य आहार को कम मसाले, नमक और चीनी से रहित रखें। दस्त वाले बच्चों के लिए, आपको उन्हें सामान्य रूप से दूध पिलाना, स्तनपान कराना जारी रखना चाहिए। व्यस्कों के लिए दस्त का एक मामला जो एक सप्ताह से अधिक समय तक रहता है, चिंता का एक गंभीर कारण है और तुरंत चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए।

प्रस्तुति: राजेश शर्मा, ऊना


## कटे फलों को नमक डालकर खाना सेहत के साथ खिलवाड़

**गर्मियों** का मौसम है। इस मौसम में बार-बार प्यास लगना आम बात है। प्यास बुझाने के लिए हम या तो पानी पीते हैं या फिर फल खाते हैं। वैसे तो फल खाना सेहत के लिए लाभदायक होता है, लेकिन कभी-कभी हमारी कुछ गलतियों या फिर अज्ञानता के कारण गलत तरीके से फल खाने से हमें कई नुकसान उठाने पड़ सकते हैं। ऐसा हम इसलिए कह रहें कि अक्सर देखा गया है कि लोग फलों को काटकर इन पर चाट मसाला या नमक छिड़कते हैं या फिर चीनी मिला देते हैं, ताकि इनका स्वाद बढ़ जाए। अगर आपको भी कटे फलों में ऊपर से शक्कर, नमक या चाट मसाला डालकर खाना पसंद है तो सावधान हो जाइए। इस तरह के फलों का सेवन सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

### भोजन के साथ न खाएं फल

**फलों** के सेवन का एक सही तरीका होता है। अक्सर लोग खाने के साथ ताजे फलों का बना सलाद खाते हैं। भारतीय भोजन में कार्ब और कैलोरी भरपूर मात्रा में होती है, लेकिन जब हम भोजन के साथ फल का सेवन करते हैं तो कार्ब और कैलोरी बढ़ जाती है। ऐसे में भोजन में कार्ब की मात्रा को कम करके फल साथ में खाए जा सकते हैं। अन्यथा भोजन और फलों को एक साथ खाने से परहेज ही करना चाहिए।





### किडनी पर असर करता है सोडियम

विशेषज्ञों के मुताबिक, कटे फल पर नमक छिड़कने पर वह पानी छोड़ने लगता है। इससे फल में मौजूद न्यूट्रिएंट्स खत्म हो जाते हैं। वहीं, नमक या चाट मसाले में मौजूद सोडियम किडनी पर असर करता है। यदि आप नमक के साथ चाट मसाला भी मिलाते हैं, तो शरीर में सोडियम की मात्रा ज्यादा हो जाती है, क्योंकि चाट मसाले में भी नमक होता है। फलों में प्राकृतिक मिठास होती है। फलों में ग्लूकोज भी पाया जाता है, जो कैलोरी बढ़ाता है। ऐसे में अगर आप कटे फलों में ऊपर से चीनी मिलाते हैं, जो शरीर में मिठास की मात्रा अतिरिक्त हो जाती है। इससे डायबिटीज की समस्या बढ़ सकती है। अतिरिक्त शर्करा से वजन भी बढ़ता है। जो मरीज मधुमेह से पीड़ित हैं, उनके लिए फलों में ऊपर से चीनी मिलाकर खाना नुकसानदायक हो सकता है।

प्रस्तुति: हरजीव कुमार

## आईपीएल का क्रेज



चेन्नई सुपर किंग्स बनाम पंजाब किंग्स मैच के दौरान दर्शकों से भरा स्टेडियम।



स्टेडियम के बाहर क्रिकेट सितारों की जर्सी, हैट और कैप बेचती महिला।



रविवार को मैच के दौरान प्रसन्नचित मुद्रा में दर्शक।

# आदर्श स्कूल परागपुर को तीसरे दिन पानी

## गर्मी का मौसम शुरू होते ही पानी के लिए हाहाकार, 20 से 25 मिनट तक हो रही आपूर्ति

**सालविया शर्मा, गरली**

उपमंडल देहरा के अंतर्गत परागपुर, नैहरनपुखर, गरली, मनियाला, कठियाडा आदि कई इलाकों में गर्मी का मौसम शुरू होते ही सैकड़ो परिवार गत करीब एक सप्ताह से लगातार पेयजल की प्रर्याप्त सप्लाई न मिलने पर पानी की एक-एक बूंद के लिए दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर हैं।

वहीं आदर्श स्कूल परागपुर की बात करें तो यहां पिछले कई दिनों से विभाग द्वारा तीसरे दिन मात्र 20 या 25 मिनट ही पानी की सप्लाई दी जा रही है। स्कूल प्रधानाचार्य गगन सूद व स्टाफ का आरोप है कि यहां शिक्षा ग्रहण करने वाले करीब 485 छात्रों को हर रोज पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। प्रधानाचार्य का कहना है कि इस बारे कई बार विभागीय कर्मचारियों को कहा गया है, लेकिन उन्होंने यह कह कर अपना पल्ला झाड़ लिया कि पानी की कमी के कारण सप्लाई तीसरे दिन दी जा रही है। वही ग्रामीणों का अरोप है कि एक तो पानी की विकराल समस्या और ऊपर से यहां तैनात विभागीय अधिकारी व कर्मचारी हम लोगों का फोन तक नहीं उठा रहे है। उधर



ग्रामीणों का आरोप है कि चनौता रोड नैहरनपुखर आदि तमाम इलाकों में दूर-दूर तक न ही कोई बावड़ी और कुआं है और न ही कोई हैंडपंप है, हर परिवार केवल विभाग के नलों पर ही निर्भर है, लेकिन ऐसी स्थिति में अगर पानी न मिले तो हम लोगों का गुस्सा बाजिब है। ग्रामीणों का आरोप है कि माना गर्मियों के मौसम में तो यहां विभाग की तमाम कई पेयजल स्कीमें अपना दम तोड़ देती है, लेकिन अभी तो ठीक से गर्मी का मौसम भी शुरू नहीं हुआ और क्षेत्र का एक-एक परिवार पानी के लिए मारा मारा फिर रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने विभागीय प्रशासन से मांग की है कि तुरंत स्थिति का जायजा लेते हुए समस्या हल की जाए। (अनंत ज्ञान)

**छात्रों को करना पड़ रहा है परेशानी का सामना**

### जल्द होगा समाधान

जल शक्ति विभाग रक्कड़ के एसडीओ जसवंत सिंह ने बताया कि यहां आदर्श स्कूल में पानी की समस्या बारे अभी बात ध्यान में आई है। छानबीन की जाएगी की यहां पानी क्यों नहीं दिया जा रहा है। जल्द ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

## बिल्डिंग की टाइलें गिरने से एक व्यक्ति जख्मी

**डाडासीबा।** चिंतपूर्णी पुराने बस स्टैंड पर बनाई गई नई बिल्डिंग की दीवार की टाइलें रविवार को सुबह आठ बजे के करीब गिर गई। गनीमत यह रही कि जिस समय दीवार की टाइलें गिरी तो उस दौरान उक्त जगह पर ज्यादा भीड़ नहीं थी क्योंकि इस दीवार के पास ही पकौड़े और चाय की दुकान बनी हुई है जहां श्रद्धालुओं की काफी ज्यादा भीड़ रहती है, लेकिन टाइलें गिरने के दौरान दुकान के एक कारीगर के सिर पर गहरी चोट लगी है। दुकान के आगे लगी टीन के कारण ज्यादा बचाव हो गया नहीं तो हादसा ज्यादा गंभीर हो सकता था। चिंतपूर्णी का यह बस स्टैंड जिला कांगड़ा के जसवां-परागपुर विधानसभा के तहत आता है।

# गुरु की सेवा करना सौभाग्य: हरिशानंद

## दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से मटौर में सत्संग का आयोजन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

जीवन में वही सौभाग्यशाली शिष्य होते हैं जिन्हें गुरु की सेवा करने का अवसर मिलता है। गुरु शिष्य को सेवा का सुअवसर देकर उसके भाग्य को निखार देते है। यह प्रवचन दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा वीपी शर्मा जी के घर मटौर में उपस्थित भक्तजनों के समक्ष साप्ताहिक सत्संग के दौरान आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी हरिशानंद ने दिए। उन्होंने कहा कि गुरु समय-समय पर अपने शिष्यों को सेवा का सुअवसर देकर महान बनते हैं। गुरु द्वारा प्रदान की गई सेवा को करके शिष्य उस आनंद की अनुभूति करता है जिस आनंद से वह कोसों दूर है। गुरु शिष्य की छोटी से छोटी सेवा से भी अत्यंत प्रसन्न हो जाते हैं। गुरु को दान करने से हमारा धन पवित्र होता है। गुरु का ध्यान करने से हमारा मन पवित्र होता है और गुरु की सेवा करने से हमारा तन पवित्र होता है। इसलिए हमारे महापुरुष भी कहते हैं कि एक शिष्य को गुरु सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। गुरु की सेवा ही एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वार शिष्य अपने कर्म संस्कारों को जलाकर गुरु कृपा का पात्र बनता है। गुरु अपने शिष्य को सेवा का सुअवसर देकर श्रेष्ठ बनते हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित भक्तजनों ने विश्व शांति की मंगल कामना के लिए ध्यान साधना की। अंत में महात्मा मनप्रीत द्वारा भजनों का गायन किया गया जिसे सुन भक्तजन झूम उठे।





स्वामी हरिशानंद।



रविवार को आयोजित साप्ताहिक सत्संग के दौरान मौजूद संगत।

# चपलाह में पशु को बचाते हुए सड़क पर पलटी गाड़ी

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

ढलियारा से डाडासीबा को ओर जा रही एक गाड़ी का चालक अचानक गांव चपलाह में एक बेसहारा पशु को बचाते समय गाड़ी से नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी सड़क के बीचोबीच पलट गई। हादसे में गाड़ी को भारी नुकसान पहुंचा है। गनीमत यह रही की गाड़ी चालक बाल-बाल बच गया।

मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी सड़क से गुजर रही थी तो एक बेसहारा पशु को बचाते समय चालक ने नियंत्रण खो दिया और गाड़ी सड़क के बीचोबीच पलट गई। इस हादसे में गाड़ी चालक बाल बाल बच गया है। आए दिन इन बेसहारा पशुओं से हादसे हो रहे हैं। सुबह और शाम यह बेसहारा पशु सड़क के बीच ही बैठे रहते हैं। इन पशुओं को बचाते हुए इससे पहले भी कई हादसे हो चुके हैं।



# जालग में मंत्री यादविंद्र गोमा ने आनंद शर्मा के लिए मांगा समर्थन

**अनंत ज्ञान, लंबागांव**

आयुष, खेल, कानून मंत्री यादविंद्र गोमा ने जालग जोन के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में गोमा ने आगामी लोकसभा चुनावों में कांग्रेस उम्मीदवार आनंद शर्मा को समर्थन देने की अपील की। गोमा ने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग को सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रही है। सरकार पूर्ण रूप से पांच साल अपना कार्यकाल पूरा करेगी और प्रदेश और जनहित में फैसले लेगी। गोमा ने कहा कि भाजपा महिला विरोधी पार्टी है जो महिलाओं के आत्मसम्मान के लिए 1500 की योजना का विरोध चुनाव आयोग से करके अपने पैरों पर खुद कुल्हाड़ी मारने का काम किया है।

महिलाओं में इस बात को लेकर अच्छा खासा रोष है जिसका परिणाम लोस चुनावों में देखने को मिलेगा। गोमा ने सभी कमेटी के सदस्यों से बूथ स्तर पर काम करने का और कांग्रेस एवं आनंद शर्मा के पक्ष में वोट करने का आह्वान किया।



जालग में कार्यकर्ताओं के साथ मंत्री यादविंद्र गोमा।

# शंकर सान्याल को दोबारा मिली कांगड़ा कला संगम की कमान

**अनंत ज्ञान, जवाली**

साहित्य के प्रति नई पीढ़ी के रुझान को बढ़ाना और नई प्रतिभाओं को साहित्यिक गतिविधियों के लिए प्रेरित करने का काम कर रही सामाजिक संस्था कांगड़ा कला संगम की बैठक जवाली स्थित लब में गोपाल परिसर में हुई। संस्था के अध्यक्ष शंकर सान्याल ने बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान पूर्व में संस्था के अध्यक्ष रहे शंकर सान्याल को एक बार फिर संस्था के अध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई। नीलम शर्मा को उपाध्यक्ष, जितेंद्र कुमार को महासचिव, प्रतिभा शर्मा को संयुक्त सचिव, कपिल मेहरा को कोषाध्यक्ष, सुरेश कौंडल को मुख्य समन्वयक, सलामुदीन को संयुक्त समन्वयक, राम प्रसाद को चीफ पैटर्न, विजय उपाध्याय को कानूनी सलाहकार, अजीज मोहम्मद को प्रेस सचिव तथा नरेश निसार, काव्या शर्मा, पूजा मेहरा, पूर्ण चंद, शिवराज सान्याल, किशोर धीमान व रछपाल गुलेरिया को कार्यकारिणी का सलाहकार मनोनीत किया गया। बता दें कि कांगड़ा कला संगम विभिन्न शिक्षण संस्थानों व अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में कवि गोष्ठी, मुशायरा, साहित्य प्रेरणा सहित साहित्य की विभिन्न विधाओं के प्रति नई पीढ़ी को जागरूक करने का कार्य करती आ रही है।

# पर्यटन कारोबार: धर्मशाला के होटलों में 75 प्रतिशत रही ऑक्यूपेंसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

चेन्नई सुपर किंग्स बनाम पंजाब किंग्स इलेवन मैच को तूफान तथा अंधड के येलो अलर्ट के बावजूद रविवार को दिन भर धूप खिली रही। पर्यटन कारोबार से जुड़े संगठनों के अनुसार मैच के दौरान जहां धर्मशाला तथा खनियारा स्थित होटलों में ऑक्यूपेंसी 75 प्रतिशत के करीब पहुंच गई थी तो वहीं अप्पर धर्मशाला में ऑक्यूपेंसी की दर 50 प्रतिशत के करीब दर्ज की गई है। धर्मशाला के एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल मैच के दौरान पर्यटन कारोबार को लाभ मिला है तथा देश के विभिन्न क्षेत्रों से यहां पहुंचे खेल प्रेमियों में मैच को लेकर जबरदस्त क्रेज नजर आया।

धर्मशाला स्टेडियम को देखने का क्रेज ऐसा था कि लोग काफी संख्या में धर्मशाला के सुंदर स्टेडियम का दीदार करने को पहुंचे हुए थे। उधर इस बारे में होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष अश्विन बांबा ने बताया कि आईपीएल मैच के चलते पर्यटन कारोबार को लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि इस दौरान लोअर धर्मशाला के होटलों में 75 तो अप्पर धर्मशाला में 50 प्रतिशत की ऑक्यूपेंसी दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि नौ मई को होने वाले मैच के लिए एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है।

आगामी दिनों में पर्यटन कारोबार बढ़िया रहने की संभावना है। क्रिकेट प्रेमियों के धर्मशाला पहुंचने से होटलों सहित रेस्तरां, टैक्सी संचालकों और छोटे व्यापारियों को भी लाभ मिलेगा। पर्यटन कारोबार से जुड़े संगठनों को धर्मशाला में आईपीएल मैचों के चलते अच्छे कारोबार की उम्मीद बंधी है।

**मौसम के अलर्ट के बावजूद दिन भर रही तेज धूप**

## कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील

**बैजनाथ।** हिमाचल प्रदेश किसान कांग्रेस के राज्य महासचिव व प्रदेश कांग्रेस मीडिया को-ऑर्डीनेटर डॉ. दिनेश कुमार ने देश और प्रदेश के किसानों को भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय सरकार द्वारा थोपे गए तीन काले कृषि कानूनों को याद करते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में किसानों के लिए किसान न्याय जिसमें मुख्यत: न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देना, कृषि लागत एवं मूल्य आयोग को एक वैधानिक निकाय बनाना, किसानों की ऋण माफी के लिए एक स्थायी आयोग, फसलों के नुकसान होना पर 30 दिनों के अंदर भुगतान आदि किसानों के हित में कई अहम फैसले लिए हैं।

# देहरा में वीर शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि

## पौंग ब्यू होटल में 217 मीडियम रेजिमेंट ने मनाया 57वां स्थापना दिवस, जवान रहे मौजूद

**शुभम शर्मा, देहरा**

देहरा के पौंग ब्यू होटल में रविवार को वेटरंस डे बिग गन 217 मीडियम रेजिमेंट (एसपी) ने अपना 57वां स्थापना दिवस मनाया। इस विशेष अवसर पर मुख्यातिथी के रूप में लेफ्टिनेंट कर्नल सहदेव डोडियन ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सेना से सेवानिवृत्त जवानों और अधिकारियों ने शिरकत की। वर्तमान में सेवाएं दे रहे आर्मी जवान भी इस उत्सव में शामिल हुए।

यह कार्यक्रम आमतौर पर रेजिमेंट के मुख्यालय में आयोजित किया जाता है, लेकिन इस साल गर्मी के कारण इसे पहली बार हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के देहरा स्थित पौंग ब्यू होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने और राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुआ। इसके बाद सेवानिवृत्त और वर्तमान जवानों ने परेड की सलामी ली।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया जिसमें देशभक्ति गीतों, नृत्यों और नाटकों का प्रदर्शन किया गया। समारोह का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जवानों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वेटरंस डे बिग गन कार्यक्रम के आयोजक कैप्टन देव राज राणा ने कहा कि यह हमारे वीर सैनिकों के बलिदान और साहस को याद करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। हम उनके योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं और देश की सेवा करने के लिए उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करते हैं। इस दौरान सेवानिवृत्त नायब सूबेदार अशोक कुमार, सूबेदार रत्न चंद, कर्नल गुरबक्श सिंह ने कहा कि यह गर्व का क्षण है कि हम अपनी रेजिमेंट के 57वें स्थापना दिवस समारोह का हिस्सा बने।

यह कार्यक्रम हमें उन वीरों को याद करने और उनके बलिदान को श्रद्धांजलि देने का अवसर देता है जिन्होंने हमारे देश की रक्षा के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया। यह कार्यक्रम हमें देश की सेवा करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है। देहरा में आयोजित 217 मीडियम रेजिमेंट (एसपी) का 57वां स्थापना दिवस समारोह एक यादगार और प्रेरणादायक कार्यक्रम रहा।



पौंग ब्यू होटल में आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम में मौजूद मुख्यातिथि व अन्य।

# इस बार नहीं चलेंगे बागी और दागी : अशोक हिमाचली

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया को-ऑर्डिनेटर पंडित अशोक हिमाचली ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि इस बार बागी और दागी नहीं चलेंगे। जो बागी लोग कांग्रेस पार्टी को छोड़कर भाजपा का दामन थामे हुए हैं वे कांग्रेस के नहीं हो सके, तो वे बीजेपी के सगे क्या होंगे। कांग्रेस पार्टी ने इन लोगों को मान सम्मान, शोहरत और ताउम्र पेंशन लगाई है। भाजपा को बहुत जल्दी लगी है कि कांग्रेस उम्मीदवार उतारने में देरी कर रही है, यह कांग्रेस पार्टी का अंदरूनी मामला है। प्रत्याशी कब उतारना है किसे उतारना है यह निर्णय कांग्रेस हाईकमान और प्रदेश कांग्रेस कमेटी और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने देखना है। कांग्रेस का वर्कर कांग्रेस के साथ चट्टान की तरह खड़ा है। कांग्रेस विचारधारा और सोच यह है की कांग्रेस का उम्मीदवार कोई भी हो जिसके पास हाथ का निशान होगा वही हमारा कांग्रेस का उम्मीदवार होगा। प्रदेश की जनता, मतदाता कांग्रेस के चुनाव निशान हाथ के साथ है। लोकसभा की चारों और विधानसभा की छह सीटों पर कांग्रेस का पूरा कब्जा होगा। कांग्रेस पार्टी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में एकजुट है। कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता प्रचार प्रसार में लगा हुआ है।

# एक को मानो, एक को जानो और एक हो जाओ: बहन कमलेश

**अनंत ज्ञान, गगल**

संत निरंकारी भवन घुरकड़ी में रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें प्रचारक महात्मा बहन कमलेश ने अपने प्रवचनों की अमृत वर्षा करते हुए कहा की एक को मानो एक को जानो और एक हो जाओ क्योंकि इस निरंकार के आगे सब नतमस्तक है। निरंकार हर पदार्थ में पत्ते-पत्ते में विराजमान है, इसलिए सतगुरु ही एक गुरु है जो सभी को अच्छाई का रास्ता दिखाता है। गुरु के बिना इंसान का जीवन अधूरा है क्योंकि गुरु ही इंसान को सद्बुद्धि दे सकता है जो गुरु से जुड़ गया समझो उसका जीवन खुशियों से भर गया। जिसने गुरु की महिमा को पहचान लिया वह इंसान कभी भी अपनी जिंदगी से भटकता नहीं, उसकी जिंदगी में खुशियां ही खुशियां होती हैं। महात्मा ने सत्संग पर पांच प्रणों का भी जिक्र किया। सत्संग में महात्मा बहन कमलेश ने बाबा बूटा सिंह, गुरवचन सिंह बाबा हरदेव सिंह जी महाराज और माता साविंद्र हरदेव जी की जीवनी का उल्लेख करने के साथ संगत को इस विषय में अवगत करवाया।



संत निरंकारी भवन घुरकड़ी में सत्संग के दौरान मौजूद संगत।

**आक्रोश** हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच ने बैठक में सरकार से जताई नाराजगी

# चिकित्सा बिलों का भुगतान न होने पर जताया रोष

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच जिला कांगड़ा की मासिक बैठक रविवार को बस अड्डा कांगड़ा में चमन लाल पुंडीर जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बलरामपुर प्रदेशाध्यक्ष, जिला महामंत्री रमेश रैना तथा मुख्य सलाहकार रजनीश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वप्रथम चार प्रतिशत मंहगाई भत्ता पेंशन के साथ देने पर निगम प्रबंधन और प्रदेश सरकार का धन्यवाद किया गया। बैठक में निगम प्रबंधन तथा सरकार के प्रति रोष प्रकट किया गया कि निगम के पेंशनरों को हर सुविधा से वंचित रखा जा रहा है। माननीय उच्च न्यायालय तथा सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना की जा रही है।

उन्होंने कहा कि जो पेंशनर माननीय न्यायालय में गए थे केवल उन्हीं 66 पेंशनरों को 65,70 और 75 वर्ष की आयु पूरी करने पर 5, 10 व 15 प्रतिशत वेतन में बढ़ोतरी का लाभ दिया गया, जबकि अन्य पेंशनरों को इसका लाभ अभी तक नहीं दिया गया है, जबकि अन्य विभागों के पेंशनरों को यह लाभ 2022 से दे दिया गया है। निगम के वयोवृद्ध पेंशनरों को न्यायालय की शरण में जाने पर विवश किया जा रहा है। साथ ही दूसरे विभागों को पहली जनवरी 2016 से देय वेतनमान का एरियर दो किस्तों में जारी कर दिया गया है, परंतु बड़े दुख से कहना पड़ता है कि निगम के पेंशनरों को अभी तक एक भी किस्त जारी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि पेंशनरों को दो वर्षों से चिकित्सा बिलों का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है, जो की एक गंभीर समस्या है। बैठक में हरनाम सिंह जरयाल, संसार पठानिया, कस्तूरी लाल, देशराज, रसीला राम, अमरनाथ, सुशील कुमार, निर्मल सिंह, मोहन लाल, अंबिका प्रसाद, बालकृष्ण, अनीता देवी, विद्या देवी व कृष्णा सहित लगभग 90 पेंशनरों ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)



बैठक में मौजूद हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच के सदस्य।

### धरने की चेतावनी

बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि यदि निगम प्रबंधन व प्रदेश सरकार 31 मई से पहले-पहले देय भत्तों का भुगतान नहीं करती है, तो मजबूरन वरिष्ठ नागरिकों को धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लेना पड़ेगा, जो कि न सरकार के हित में होगा और न ही निगम हित में होगा। इसकी सारी जिम्मेदारी निगम व हिमाचल सरकार की होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### रायजादा हकीकत से बच्चा बच्चा वाकिफ : सुमीत

**हमीरपुर।** हमीरपुर लोकसभा के सह प्रभारी एवं भाजपा प्रदेश सचिव सुमित शर्मा ने कहा है कि कांग्रेस के प्रत्याशी सतपाल सिंह रायजादा अपने आकाओं को खुश करने के लिए और अखबारों की सुर्खियों में आने के लिए बयानबाजी कर रहे हैं। बीते दिन कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा था कि अनुराग सिंह ठाकुर अपने लोकसभा क्षेत्र को नहीं संभाल पाएंगे और उन्होंने यह भी कहा था कि ठाकुर ने लगातार अपने संसदीय क्षेत्र की जनता की उपेक्षा की है। कांग्रेस प्रत्याशी के इसी बयान पर पलटवार करते हुए सुमित ने कहा है कि जिन लोगों की आंखें राजनीतिक मोतियाबिंद के कारण खराब हो जाती हैं और उन्हें किया हुआ विकास नहीं दिखता है उनका इलाज करने के लिए हमारे पास राजनीतिक डॉक्टर के रूप में जनता मौजूद है, जो हमीरपुर लोकसभा के विकास की सारी तस्वीर जानती है। उन्होंने कहा कि रायजादा ने रायजादा को अपनी ही विधानसभा क्षेत्र के अंदर अनुराग द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में कोई जानकारी नहीं है। ऐसा इसलिए भी है बच्चा बच्चा इस बात से वाकिफ है कि सतपाल रायजादा राजनीति में केवल और केवल व्यवसाई व्यवस्था की सोच से आए हैं। जन कल्याण करने के लिए जनसेवा के साथ उनका कोई सरोकार नहीं है। अब हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता कांग्रेस प्रत्याशी के इन तथ्यहीन बयानों का मुंह तोड़ जवाब अनुराग के पक्ष में भारी मतदान करके देगी।



### गुलशन व सुभाष बने कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष

**हमीरपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस ने संगठन में तीन तैनातियां की हैं, इनमें गुलशन कुमार और सुभाष चंद्र को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा महिला कांग्रेस के रूप में बीना धीमान की तैनाती की गई है। काबिले गौर यह है कि सुजानपुर में राजेंद्र राणा अब भाजपा के प्रत्याशी हो चुके हैं। कांग्रेस में हुए उल्ट-फेर के बाद वहां पर ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया था, लेकिन इस दौरान कांग्रेस ने इस कार्यकारिणी को भंग भी कर दिया था। उसके बाद राजेंद्र वर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया था। अब चुनाव की ऐन बेला में यह तैनातियां कांग्रेस के लिए बेहद जरूरी थीं। जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुमन भारती ने इसकी पुष्टि की है।



गुलशन कुमार



सुभाष चंद

### भाजपा ने किया हिमाचल का विकास : लनखपाल

**बिझड़ी।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल की डबल इंजन की सरकार में एक दिसंबर 2002 को हिमाचल प्रदेश को विशेष इंडस्ट्रियल पैकेज मिला था, उसी की देन है कि आज हिमाचल के बद्दी और नालागढ़ में हजारों उद्योग लगे हैं और लाखों लोगों को रोजगार मिला है। यह बात इंद्रदत्त लखनपाल ने कही। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर उपस्थित भी रहे। उन्होंने कहा कि हिमाचल का विकास भाजपा ने ही किया है और आगे भी करेगी। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि लोकसभा चुनाव अनुराग ठाकुर तथा बड़सर विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष मतदान करेंगे ।

### भाजपा के दिग्गज 9 मई को केलांग में

**केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति के मुख्यालय में माहौल गर्माने वाला है। भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर के नामांकन के दिन भाजपा के बड़े दिग्गज दहाड़ने जा रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सहित मंडी लोकसभा प्रत्याशी कंगना, संसदीय प्रभारी गोविंद ठाकुर, लाहौल-स्पीति प्रभारी महेंद्र ठाकुर सहित उत्तराखंड के मंत्री नौ मई को केलांग में होने जा रही जनसभा में भाग लेने आ रहे हैं।

# अध्यापक संघ वापस लाएगा एनपीएस का पैसा

## राज्य कार्यकारिणी की बैठक में लिया फैसला, नई कार्यकारिणी का भी हुआ गठन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ ने कर्मचारियों के एनपीएस का केंद्र में फंसा 9000 करोड़ को वापस लाने की लड़ाई लड़ने का दम भरा है। संघ ने कहा है कि यह पैसा भारत सरकार के एनएसडीएल के पास पड़ा हुआ है, इस पैसे को हर कीमत पर वापस लाया जाएगा। रविवार को संघ की बैठक में राज्य कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया और 250 सदस्यों को राज्य कार्यकारिणी में शामिल किया गया।

यह बैठक एचजीटीयू के राज्य प्रधान वीरेंद्र चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में महासचिव तिलक नायक के अलावा संगठन के जिला प्रधान महासचिव व खंड प्रधानों के अतिरिक्त राज्य कार्यकारिणी में शामिल नए सदस्यों ने भाग लिया, जिसमें कुल्लू के प्रधान यशपाल, ऊना के प्रधान किशोरी लाल, हमीरपुर के प्रधान राजेश गौतम, शिमला के प्रधान ताराचंद शर्मा आदि शामिल थे। सबसे पहले हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ की राज्य कार्यकारिणी का विस्तार किया गया और उसकी नोटिफिकेशन की प्रक्रिया सदन में सभी पदाधिकारियों को दी गई। बताया गया कि 2023-26 की कार्यकारिणी में पैटर्न के पद पर नागेश्वर पठानिया, पैटर्न मनोहर लाल शर्मा, कृष्ण पराशर, राजेश कौशल, डीपी शर्मा, सुनील कुमार शर्मा आदि को शामिल किया गया। इसके अलावा अन्य पदों पर भी कई लोगों को मनोनीत किया गया।

142 खंड प्रधानों को भी राज्य कार्यकारिणी में शामिल किया गया। बैठक में 26 अप्रैल 2010 से पूर्व में लगे टीजीटी अध्यापकों को हेड मास्टर पद पर प्रमोशन की छूट देने और ट्रांसफर पॉलिसी में 30 किलोमीटर की दूरी के स्थान पर पुरानी पॉलिसी को ही अमल जामा पहनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। यात्रा भत्ता 30 किलोमीटर की शर्त से हटाकर 8 किलोमीटर करने की भी मांग की गई। मेडिकल भत्ते के स्थान पर कैशलेस हेल्थ स्कीम लागू की जाए। कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों और शिक्षकों को रेगुलर करने के लिए अवधि में वर्ष में दो बार करने का सुझाव भी रखा गया।




बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के नेता।

# जिले में 3002 छात्रों ने दी नीट 2024 की परीक्षा



नीट की परीक्षा देने आए स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा नीट-2024 परीक्षा का आयोजन रविवार को जिला के 6 परीक्षा केंद्रों पर किया गया। नीट 2024 की परीक्षा के लिए जिला हमीरपुर के 3076 स्टूडेंट्स ने आवेदन किया था। इस परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देश एडमिट कार्ड में प्रदर्शित किए गए थे जिसके तहत परीक्षा केंद्र में पहुंचने पर स्टूडेंट्स की चैकिंग की गई। इसके लिए 11 बजे से ही स्टूडेंट्स को परीक्षा केंद्र में भेजना शुरू कर दिया था।

**74 छात्र रहे अनुपस्थित, छात्रों को चेकिंग के बाद परीक्षा में मिला प्रवेश**

सिटी को-ऑर्डिनेटर विश्वास शर्मा ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों में नीट की परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि उपायुक्त अमरजीत सिंह और पुलिस अधीक्षक पदम चंद द्वारा परीक्षा को संचालित करने के लिए पूरा सहयोग मिला। उन्होंने बताया कि 3076 स्टूडेंट्स में से 3002 ने परीक्षा दी जबकि 74 अनुपस्थित रहे।

## कस्बा बड़ा के धमांदर गांव में शिव महापुराण कथा शुरू



**बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के धमांदर में आज शिव महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। समस्त गांववासियों द्वारा श्रद्धा और भावपूर्ण भक्ति से लाहड़ गांव से धमांदर गांव तक कलश यात्रा निकाली और शिव मंदिर में पूजन और रुद्राभिषेक किया। आज के अपने प्रवचन में स्वामी जी ने कहा कि चाहे कितना भी पापी हो शिव कथा और शिव भक्ति से उस की मुक्ति निश्चित है। शिव नाम में इतनी शक्ति है कि यदि एक भाव से उनकी भक्ति की जाए तो उसका अंत:करण सर्वथा निर्मल हो जाता है और मनुष्य मुक्ति प्राप्त कर लेता है। इस अवसर पर डॉक्टर रत्न चंद शास्त्री ने कहा कि संत और सत्संग मानव जीवन में दोनो ही अति-दुर्लभ हैं । ये मनुष्य को पशु वृत्तियों से उबार कर सही मार्ग पर लाते हैं। इस अवसर पर राजस्थान से पधारे हनुवंत सिंह चारण ,नादौन से सुदेश शास्त्री, जीएल सोनी, निकेश शर्मा, रवि शर्मा के अतिरिक्त समस्त गांववासियों ने कथा का श्रवण किया।

# शाम 5:10 के बाद हमीरपुर से ऊना के लिए एचआरटीसी बस सुविधा नहीं

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर डिपो की बस जो पहले हमीरपुर भोटा, सलोनी, बड़सर व ऊना होकर जाती थी, अब उन सभी बसों को भगेड़ किरतपुर वाले फोर लाइन से चंडीगढ़-दिल्ली के लिए कर दिया गया है, वहां से लोगों को आवाजाही में सुविधा तो मिल रही है, पर भोटा, सलोनी, मैहरे, बड़सर, ऊना जाने वाले यात्रियों के लिए अभिशाप सिद्ध हो रहा है, क्योंकि एचआरटीसी द्वारा सभी बसों को फोर लाइन से होकर चंडीगढ़, दिल्ली के लिए शुरू किया गया है।

बता दें कि पहले 4 लाइन नहीं था तो हमीरपुर से ऊना, चंडीगढ़, दिल्ली के लिए करीब 12 से 15 बसों रूट पर चलती थी, लेकिन जब से फोर लाइन से बस सुविधा शुरू हुई है, तब से लेकर आज तक भोटा से ऊना जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और मजबूरन बस स्टैंड से रेलवे स्टेशन जाने के लिए टैक्सी का सहारा लेना पड़ता है।

**लोग टैक्सियों में जाने को मजबूर**




स्थानीय लोगों ने बताया कि हमीरपुर से हरिद्वार बस शाम 5.10 पर चलती है उसके बाद कोई बस सेवा ऊना या चंडीगढ़ के लिए नहीं है। लोगों ने एचआरटीसी प्रबंधन से गुहार लगाई है कि शाम के समय हमीरपुर से ऊना के लिए बस सेवा शुरू की जाए, ताकि लोगों को आवाजाही में सुविधा मिल सके। (अनंत ज्ञान)

## शत-प्रतिशत मतदान के लिए एबीवीपी चलाएगी जागरूकता अभियान



**हमीरपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जिला इकाई ने आने वाले चुनाव में मतदान को 100 फीसदी बनाने के लिए जागरूकता अभियान शुरू करने का फैसला लिया है। सोमवार को हुई जिला इकाई की बैठक में किस पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रदेश कार्यकरिणी सदस्य पियूष पटियाल ने कहा कि परिषद ने जिला हमीरपुर ने इस बार शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हमीरपुर में विभिन्न स्थानों पर बैठकें करवाएगी। उन्होंने युवाओं से अपील की है कि वे शत-प्रतिशत मतदान करें।

## सुजानपुर में कुएं में गिरी गाय को सुरक्षित बाहर निकाला



**सुजानपुर।** सुजानपुर के वार्ड नंबर 4 में कुएं में गिरी एक गाय को स्थानीय फायर ग्रेड की टीम ने मौका पर पहुंचकर बचाया। फायरमैन अमित कुमार ने बताया कि फायर ब्रिगेड की टीम को जानकारी मिली कि एक कुएं में एक गाय गिर गई है। जिस पर मौका पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड की टीम ने बड़ी मुश्किल से गाय को कुएं से बाहर निकाला।

# एनडीए होगा 400 पार, हिमाचल में भी बनेगी भाजपा सरकार : सौदान

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उसके साथ देश का हर भाजपा का कार्यकर्ता विकसित भारत बनाने के लिए आगे रहा है। भाजपा का लक्ष्य एनडीए 400 पार है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को भाजपा के उम्मीदवारों को जीत दिलवानी है। यह बात भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने सुजानपुर में आयोजित भाजपा मंडल सुजानपुर संगठन की बैठक को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा ने अनुराग ठाकुर को पांचवीं बार चुनाव मैदान में उतारा है और सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव के लिए राजेंद्र राणा को उम्मीदवार बनाया है। संगठन के तमाम कार्यकर्ताओं को भाजपा के दोनों उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करवाने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं को ओर पूर्व में भारतीय जनता पार्टी की हिमाचल की सरकार ने जो जन कल्याणकारी योजना चलाई थी तमाम बातों को लेकर लोगों के बीच में जाना है। भाजपा ने एनडीए 400 पार का लक्ष्य और हिमाचल में भारतीय जनता पार्टी सरकार बनाना निर्धारित किया गया है। उस पर हम सबको काम करना है। इस अवसर पर राजेंद्र राणा, सुमित शर्मा, अमित शर्मा, विजय बहल, सुधीर भटनागर, अनिल ठाकुर आदि मौजूद रहे।



भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह का स्वागत करते राजेंद्र राणा व अन्य।

# टांडा की श्रेया कटोच एमबीबीएस परीक्षा में प्रदेश भर में अव्वल

**अनंत ज्ञान, नादौन**



दृढ़ता और शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रमाण के रूप में श्रेया कटोच ने एमबीबीएस प्रोफेशनल परीक्षा के अंतिम वर्ष में राज्य भर शीर्ष स्थान पाया है। महज 22 साल की उम्र में श्रेया की यात्रा शिक्षा और पाठ्येतर गतिविधियों दोनों के प्रति समर्पण और जुनून का प्रमाण है।

श्रेया ने बिना किसी बाहरी कोचिंग के अपने पहले प्रयास में ही नीट परीक्षा पास कर डॉ. आरपीजीएमसी टांडा में दाखिला लिया था। वह एशियाई मेडिकल छात्र संघ में राष्ट्रीय पदाधिकारी के प्रतिष्ठित पद पर हैं और ग्लोबल एसोसिएशन ऑफ इंडियन मेडिकल स्टूडेंट्स में राज्य स्तर पर महासचिव के रूप में कार्य करती हैं। श्रेया राष्ट्रीय स्तर की बैडमिंटन खिलाड़ी भी हैं। श्रेया ने बाल विज्ञान कांग्रेस और भाषण प्रतियोगिताओं में कई राज्य स्तरीय पुरस्कार भी जीते हैं।

श्रेया की माता आरती कटोच निजी स्कूल में प्रिंसिपल हैं। पिता अरविंद कटोच पॉलिटेक्निक हमीरपुर में मैकेनिकल इंजीनियरिंग में विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। श्रेया अपने माता-पिता की प्रेरणा से आगे बढ़ी है। श्रेया का लक्ष्य यूएसएमएलई करके अपने करियर को आगे बढ़ाना और अंततः एक आंतरिक चिकित्सा डॉक्टर बनना है।

# बड़सर के पाहलू गांव में आवारा कुत्तों का आतंक

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

**पांच लोगों के अलावा आधा दर्जन पशु भी काटे**



बड़सर की ग्राम पंचायत पाहलू में आवारा कुत्तों के झुंड ने जमकर आतंक मचाया है। कुत्तों द्वारा गांव के पांच लोगों को तथा छह से सात मवेशियों को काटकर घायल कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम बड़सर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया है जहां गंभीर घायल को अस्पताल में भर्ती कर लिया गया, जबकि चार लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी कर दी गई।

वहीं एसडीएम द्वारा उपायुक्त हमीरपुर के ध्यान में भी यह मामला लाया गया, जिसके बाद वन विभाग तथा वाइल्ड लाइफ को सूचित कर दिया गया है। आवारा कुत्तों के झुंड से निपटने के लिए पर्याप्त बंदोबस्त किए जाएं। काटे गए पशुओं इलाज के लिए पशुपालन विभाग के अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया गया है। (अनंत ज्ञान)

> घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया गया है। विभाग व वाइल्ड लाइफ की टीम को सूचित कर दिया गया है, जिसके बाद इन कुत्तों के आतंक का खात्मा हो जाएगा। हम लोगों से अपील करते हैं कि वे घरों से बाहर निकलते वक्त एहतियात बरतें।
> **-राजेंद्र गौतम, एसडीएम बड़सर**

## बड़ा में सीएम सुक्खू कार्यकर्ताओं के साथ बनाएंगे चुनावी रणनीति

**बड़ा।** नादौन विधानसभा क्षेत्र के बड़ा जोन में 6 मई को होने वाले कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यमंत्री सुक्खू विशेष रूप से शामिल होंगे। यह सम्मेलन मंगली गूगा में 11 बजे आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में मुख्यमंत्री पार्टी कार्यकर्ताओं को चुनावी टिप्स देंगे और रणनीति उनके क्षेत्र की फीडबैक लेंगे। यह जानकारी बड़ा जोन के अध्यक्ष डॉ. मोहन लाल कौंडल ने दी। उन्होंने बताया कि इस सम्मलेन में पांच पंचायतों बड़ा, चोड़ू, जीहण, फस्टे एवं सपड़ोह के पार्टी के सभी कार्यकर्ता, बूथ प्रभारी आदि भाग लेंगे।

# एरियर न मिलने पर एचआरटीसी पेंशनर्स खफा, जताया रोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश एचआरटीसी पेंशनर समस्या समाधन मंच की प्रदेश स्तरीय बैठक एनजीओ भवन हमीरपुर में रविवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष अशोक पुरोहित ने की और बैठक में परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारियों के वित्त संबंधी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में रोष जताया गया कि प्रदेश सरकार एवं हिमाचल पथ परिवहन निगम अपने पेंशनरों के करोड़ों रुपए के एरियर पर कुंडली मारकर बैठे हैं। एचआरटीसी पेंशनरों को न तो पेंशन रिवाइज एरियर का भुगतान दिया जा रहा है और न ही अन्य रिवाइज ग्रेच्युटी कम्युटेशन, लीव इन कैशमेंट इत्यादि व अन्य अनेक प्रकार के भुगतान देय नहीं किए जा रहे हैं।

इसके अलावा 19 जून 2023 को एचआरटीसी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर द्वारा अपनी 153वीं बैठक में निर्देशित आदेशों में एक जून 2016 के पहले रिटायर्ड हुए पेंशनरों को पेंशन के लाभ 50 फीसदी एवं 30 फीसदी मैट्रिक लेवल जिसके आदेश निगम के प्रबंध निदेशक 22 जुलाई 2023 को किए गए थे उसका भुगतान आज तक नहीं किया गया है। पेंशनरों को यह जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है कि पेंशनरों को कुल कितनी राशि एचआरटीसी हड़प कर बैठी है। यहां तक की सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को भी लटकाने का प्रयत्न किया जा रहा है।

यहां यह कहना भी तर्कसंगत नहीं है कि हिमाचल सरकार जो व्यवस्था परिवर्तन का नारा देकर सत्ता में आई वह संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करके संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही है। वरिष्ठ नागरिकों को जिंदगी के इस पड़ाव पर प्रदेश सरकार ने सड़क पर लाकर खड़ा कर दिया है। यह सरकार एवं परिवहन मंत्री पूर्णतय: संवेदनहीन हो चुके हैं।



एनजीओ भवन हमीरपुर में बैठक करते एचआरटीसी पेंशनर्स।

**तैयार** जिले की 71 बीटों में 62 फायर वाचर किए तैनात, आग की घटनाओं की देंगे जानकारी

# वन विभाग ने मैपिंग कर चिन्हित किए आग लगने वाले स्थान

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

गर्मियों का सीजन शुरू हो चुका है, ऐसे में उपायुक्त ने भी वन विभाग को आग से होने वाले नुकसान पर अंकुश लगाने को लेकर विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। वन विभाग ने भी आदेशों का पालन करते हुए जिला में उन स्थानों की मैपिंग की है जहां पर पिछले पांच वर्षों से आग की घटनाएं बहुत ज्यादा हुई हैं। अब वन विभाग इन चिन्हित स्थानों पर अपना फोकस रखेगा, जिससे आग की घटनाओं को कम किया जा सके।

**गत वर्ष रखे गए फायर वाचरों को नहीं मिला मानदेय**



इसके अलावा वन विभाग ने 62 फायर वाचर भी तैनात कर दिए हैं। यह फायर वाचर आग की घटनाओं की जानकारी वन विभाग को देंगे, जिससे समय पर फायर ब्रिगेड को सूचित किया जा सके। बताया जा रहा है कि गत वर्ष भी वन विभाग ने फायर वाचर रखे थे, उन्हें अभी तक मानदेय नहीं मिला है और फिर फायर वाचर रख लिए हैं।

बता दें कि अभी तक कई आग की घटनाएं हो चुकी हैं और सही समय पर सूचना मिलने पर नुकसान को भी फायर ब्रिगेड विभाग के कर्मचारियों की मदद से कम किया जा सका है। वन विभाग और अग्निशमन विभाग ने फायर सीजन शुरू होते ही कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। जिससे आगजनी की घटनाओं में अभी तक ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। आने वाले समय में भी वन विभाग आग से होने वाले नुकसान को कम करने में उचित कदम उठाता रहेगा। (अनंत ज्ञान)

> जिन जगहों पर पिछले पांच वर्षों से आग की सबसे ज्यादा घटनाएं हो रही थीं उनका डाटा इकट्ठा कर उन जगहों की मैपिंग की गई है और अब उन स्थानों पर आग की घटनाओं पर काबू करना प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष रखे हुए कई फायर वाचरों को मानदेय नहीं मिला है। जिसका कारण ट्रेजरी में उनके बिल रुक गए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार से बजट आते ही फायर वाचरों को मानदेय दे दिया जाएगा।
> **-अंकित कुमार, डीएफओ हमीरपुर**

# एनआईटी हमीरपुर नेरी शोध संस्थान के साथ करेगा समझौता ज्ञापन : हीरा लाल

**अनंत ज्ञान, रंगस**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर, शोध संस्थान नेरी के साथ अकादमिक कार्यों को सामूहिक रूप से करने के लिए समझौता ज्ञापन करेगा। यह बात एनआईटी के निदेशक प्रो. हीरालाल मूरलीधर सूर्यवंशी ने ठाकुर राम सिंह इतिहास शोध संस्थान नेरी द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरक्त करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि जापान, कोरिया, डेनमार्क आदि देश अपनी संस्कृति की पहचान को लेकर विश्वभर में विख्यात हैं। वर्तमान में पर्यावरण प्रदूषण की समस्या से निजात पाने के लिए अपनी संस्कृति से सीख लेने की आवश्यकता है। इतिहास दिवाकर के विशेषांक 'मानव जीवन के आदर्श श्रीराम' व डॉ. कृष्ण मोहन पांडेय द्वारा संपादित 'पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में ऋषि परंपरा' पुस्तक का विमोचन किया गया।

विशिष्ट अतिथि प्रो. गजेंद्र सिंह ने कहा कि हमें अपने शोध द्वारा अपनी संस्कृति को ही नहीं बल्कि भारत की संस्कृति को भी शोध करना होगा। निदेशक डॉ. चेतराम गर्ग ने कहा कि हमने सांस्कृतिक धरोहर को पहचानने की कोशिश की और संस्थान इसे आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवी-देवताओं और ऋषियों-मुनियों की धरती है। इनकी कई गाथाएं हमारी संस्कृति से जुड़ी हुई हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. ओम प्रकाश शर्मा, प्रो. गजेंद्र सिंह, डॉ. सुरत ठाकुर, डॉ. कर्म सिंह, दिल्ली से प्रो. इंद्रजीत सोढी ने भाग लिया।



पुस्तक का विमोचन करते मुख्यातिथि व अन्य।

# मनुष्य कर्म से महान होता है: संत हेमानंद

## बंगाणा में डेरा बाबा रुद्रानंद सेवा मंडल ने करवाया विराट सम्मेलन, भक्तों की उमड़ी भीड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम के संत हेमानंद महाराज ने कहा कि जहां धर्म की धारा प्रवाहित होती रहती है वहां कलियुग प्रवेश नहीं करता। मनुष्य को धर्म मार्ग पर चलना चाहिए। कभी अधर्म का रास्ता नहीं अपनाना चाहिए।

हेमानंद महाराज रविवार को बंगाणा में डेरा बाबा रुद्रानंद सेवा मंडल बंगाणा की ओर से आयोजित विराट धार्मिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

हेमानंद महाराज ने कहा कि व्यक्ति को कोई भी कार्य धर्म के विरुद्ध नहीं करना चाहिए। जो शास्त्रों में वर्णित है और गुरुओं द्वारा बताया गया मार्ग है उसे अपनाकर आप अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। उन्होंने कहा की धर्मपत्नी वही होती है जो अपने पति को धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है। जो पत्नी अधर्म का साथ देती है और कलियुग के प्रभाव में रहती है वह परिवार के पतन का कारण बनती है। उन्होंने बताया कि मनुष्य कर्म से महान होता है, जन्म से नहीं। वहीं, उन्होंने कहा कि मनुष्य को सबसे प्रिय अपनी देह होती है, लेकिन एक समय मनुष्य की देह भी साथ छोड़ देती है। इसलिए मनुष्य को अपने जीवन में सत्य धर्म को अपनाना चाहिए। मनुष्य की आंतरिक स्वच्छता भी तभी संभव हो पाती है जब वह सत्य के मार्ग पर चलकर मोह माया का त्याग करता है। हेमानंद महाराज ने कहा कि महाराज युधिष्ठिर ने अपने जीवन में सत्य धर्म को अपनाया और उन्हें परम वैकुठ की प्राप्ति हुई थी। उन्होंने अपने पर कलियुग का प्रभाव नहीं आने दिया।



महंत हेमानंद जी महाराज।



डेरा बाबा रुद्रानंद मंडल बंगाणा में आयोजित धार्मिक समागम में उमड़ा जनसैलाब

### ...और कुत्ते से साक्षात भगवान धर्मराज हो गए प्रकट

**उन्होंने** कहा कि युधिष्ठिर जब स्वर्ग गमन कर रहे थे तो एक कुत्ता भी उनके साथ चल रहा था। रास्ते में उनको लेने जब इंद्र देव पहुंचे तो उन्होंने महाराज युधिष्ठिर से रथ पर बैठने का आग्रह किया। युधिष्ठिर ने इंद्र देव को कहा कि उनकी यात्रा में एक कुत्ते ने भी साथ दिया है और यह कुत्ता उनके शरणागत है तो उसको भी साथ लेकर चलेंगे। ऐसे में इंद्र देव ने कहा कि स्वर्ग लोक में कुत्ते के लिए कोई स्थान नहीं है। ऐसे में युधिष्ठिर ने इंद्रदेव से बिना कुत्ते के चलने में असमर्थता जाहिर की। इतने में ही इस कुत्ते से साक्षात धर्मराज प्रकट हो गए और वे कहने लगे कि महाराज युधिष्ठिर यह आपकी परीक्षा थी। आप स्वार्थ से कहीं दूर हो। कलियुग में जो व्यक्ति धर्म मार्ग अपनाएगा उसके घर में कलियुग का कोई प्रभाव नहीं हो सकता। इस अवसर बंगाणा मंडल के जय लाल शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, एचएल शर्मा, प्रवीण शर्मा, कांग्रेस के प्रत्याशी विवेक शर्मा, भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो के अलावा हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# डेरा बाबा रुद्रानंद में लगे धार्मिक समागम में पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा विक्कू

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कांग्रेस से प्रत्याशी विवेक शर्मा भी कौन है आज डोर टू डोर संपर्क अभियान के तहत गांव वोहरू, चुकाठ मे नुक्कड़ सभाओ में कांग्रेस की नीतियों का प्रचार किया और जनता का आशीर्वाद प्राप्त किया। जहा पर लोगो ने उनके नेतृत्व में विश्वास रखते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की बात ग्रामीणों ने एक स्वर में कही।

इसके तुरंत बाद वे धार्मिक कार्यकर्म में शामिल होने के लिए बंगाना पहुंचे। वहीं, इसके बाद बंगाणा में आयोजित धार्मिक समागम में भाग लिया। इस समागम की अध्यक्षता श्री श्री 1008 रूद्रा नंद जी महाराज के परम शिष्य हेमानंद महाराज ने की। पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि आज हिमाचल की जनता को शर्मसार करने वाले धोखेबाज अधर्मी और अन्य तरह के हथकंडे अपनाने वाले व्यक्तियों से बचाना सबसे बड़ी चुनौती है। जहां एक तरफ सुखविंद्र सिंह सुखों की सरकार लोगों के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएं लेकर आगे बढ़ रही है तो दूसरी तरफ सरकार को अस्थिर करने वाले हिमाचल के छह अधर्मियों ने सारी ही सीमाओं को लांघ कर हिमाचल को शर्मसार किया और जनता को चंद रुपए के लालच में आकर बेच दिया। आज जनता को फिर एक बार मतदान की आग में धकेलने वाले पापियों के पापों का हिसाब जनता बहुत ही जल्द चुनाव के द्वारा करने वाली है तथा माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली हिमाचल सरकार को 5 साल तक कार्य करने के लिए आशीर्वाद देने जा रही है।



विवेक शर्मा विक्कू आशीर्वाद लेते हुए।

### लोगों से की वोट डालने की अपील

**वहीं,** उन्होंने शाम को प्रोइयां कलां, कुसियाला, दोबड़, रायपुर, रायपुर हरिजन मोहल्ला, अंदरोली, ज्वालापुर ब कोलका मे नुक्कड़ सभाओं में भी लोगों से कांग्रेस को वोट देने की अपील की। वहीं, उन्होंने अपने संबोधन में लोगों को संबोधित करते हुए कहा अब वह समय आ गया है जब कुछ लोग आएंगे और रात के अंधेरे में आपको धन का लालच मध्य पदार्थ का लालच पर अन्य प्रकार के हाथ गंदे अपना कर भ्रमित करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि जब वह इस तरह से आए तो उनको आईना दिखाने के लिए तैयार रहे।

# भाजपा है जुमलों की सरकार: विजय

## प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान, ऊना**

प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता विजय डोगरा ने कहा कि पिछले 10 सालों से केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ऊना में विकास के नाम पर कोई भी नया काम नहीं करवा पाए हैं। यहां प्रेस वार्ता में कहा कि पीजीआई सेटेलाइट की बात पिछले 10 साल से कह रहे हैं, जबकि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने सारी प्रक्रिया पूरी कर दी है। फिर भी पीजीआई सेटेलाइट का कार्य सिरे नहीं चढ़ पाया है और लोगों को सुविधा नहीं मिल पाई है।

उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं बल्कि ऊना में रेल पहुंचाना कांग्रेस सरकार की देन है और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पिछले दस सालों में ऊना से हमीरपुर के लिए रेल पहुंचने की बात के नाम पर जनता के साथ ठगी करते आए हैं, लेकिन अभी तक हमीरपुर तक पिछले दस सालों में रेल नहीं पहुंचे पाई है। कहा कि इतना ही नहीं बल्कि महिला कुश्ती खिलाड़ियों के साथ जो दुर्वयवहार हुआ है। उसके ऊपर भी मुंह तक नहीं खोल पाए हैं। उन्होंने कहा है कि वर्तमान में भाजपा कर्मचारी और महिला विरोधी सरकार साबित हुई है और जिस तरह से प्रदेश में कांग्रेस की स्थिर सरकार को अस्थिर करने का प्रयास किया गया है। उसका जवाब जनता चुनाव में देने के लिए तैयार बैठी है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर बताएं कि उन्होंने अपने कार्यकाल में विकास के नाम पर कौन सा बड़ा काम किया है ।



मात्र झूठे सब्ज बाग ही जनता को दिखाएं हैं और खेल जगत के क्षेत्र में कितने खिलाड़ियों को मुकाम तक पहुंचा है। इस सवाल का जवाब दे और चुनावों में प्रदेश की युवा महिला और कर्मचारी भाजपा को आईना दिखाएंगे और लोकसभा की चार और विधानसभा उपचुनाव की 6 सीट्स कांग्रेस के झोली में आएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान की कांग्रेस सरकार ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में जो वादे किए हैं मात्र 14 महीने के कार्यकाल में ही पांच गारंटी को पूरा करके दिखाया है और अभी तो 5 साल का कार्यकाल पूरा बचा है और हर गारंटी को पूरा करके प्रदेश की जनता को उसका लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा है कि भाजपा की केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार की तरह जुमले की सरकार नहीं है। वहीं, स्वच्छ छवि के नेतृत्व वाले मुख्यमंत्री हैं । इन्होंने आपदा के दौर में अपने जमा पूंजी तक प्रदेश की जनता के लिए प्रदान कर दी और यहां तक कि देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री हिमाचल प्रदेश में आपदा से ग्रस्त लोगों का हाल-चाल तक पूछने नहीं आए हैं और अब चुनावी बेला में हिमाचल का दौरा करने की बातें कर रहे है।

# बंगाणा में एक मंच पर इकट्ठे हो गए पक्ष-विपक्ष के प्रत्याशी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा में एक धार्मिक कार्यक्रम में जब दो नेता हो गए इक्कठे। उस समय जनता का ध्यान प्रवचनों की तरफ काम और नेताओं की तरफ ज्यादा दिखा। वाक्य है उपमंडल बंगाणा में डेरा बाबा रुद्रानंद सेवा समिति द्वारा वार्षिक कार्यक्रम जो हर वर्ष बंगाणा में होता है।

वहीं, इस वर्ष भी सालाना धार्मिक कार्यक्रम रविवार हो संपन्न हुआ। और डेरा बाबा रुद्रानंद से श्री हेमानंद जी महाराज आए हुए थे। वहीं, समागम में पहले कुटलैहड़ कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा मंच पर पहुंचकर महाराज जी का आशीर्वाद लिया और पांच मिंट बाद कुटलैहड़ से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो भी मंच पर पहुंचकर महाराज जी से आशीर्वाद लिया। और दोनों नेता महाराज जी के सिंहासन के इर्द गिर्द बैठ गए। हालांकि कुछ समय के लिए पंडाल प्रवचनों की कम और नेताओ की तरफ ज्यादा ध्यान देने लगे। लेकिन तत्काल कार्यक्रम आरती की ओर अग्रसर हो गया।



### दोनों नेताओं ने लिया आशीर्वाद

**सौभाविक** है कि किसी भी मंच से चाहे वह धार्मिक हो, सामाजिक या फिर राजनीतिक। मुद्दो की लड़ाई पर राजनीति हो और हर नेता अपनी पार्टी की बढ़ाई करता है। लेकिन जब किसी एक मंच पर इक्कठे होने का मौका मिले। वहीं, दोनों नेताओं ने महाराज जी की आरती उतार कर आशीर्वाद लिया।




ऊना। इन्नरव्हील क्लब ऊना ने जरूरतमंद बेटी की शिक्षा के लिए हाथ आगे बढ़ाए हैं। शनिवार को क्लब सदस्यों ने चंडीगढ़ में बीएससी की पढ़ाई कर रही एक छात्रा को 11 हजार रुपए की मदद सौंपी है। इस मौके पर इन्नरव्हील क्लब की अध्यक्ष सीमा वशिष्ट, सचिव रमा कंवर, कोषाध्यक्ष रेखा शर्मा, आईएसओ अमरजीत बबली, कमला कंवर, निरुपमा, डा. जागृति दत्ता, रंजना बख्शी, सुनीता शर्मा, निशा शारदा आदि सदस्य उपस्थित रहीं।

# संयुक्ता चौधरी हिमोत्कर्ष वुमन ट्रेनिंग सेंटर ऊना में नए सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना**

समाजसेवी संस्था हिमोत्कर्ष परिषद द्वारा जिला मुख्यालय पर रोटरी गली में स्थापित संयुक्ता चौधरी हिमोत्कर्ष वूमन ट्रेनिंग सेंटर ऊना में नए सत्र में प्रवेश प्रक्रिया शुरू की है। संस्थान में नए शैक्षणिक सत्र से कटिंग-टेलरिंग व ड्रेस मेकिंग, फैशन डिजाइनिंग के अलावा कंप्यूटर एप्लीकेशन व ब्यूटी कल्चर ट्रेडस के हॉबी कोर्सिस में भी प्रवेश शुरू है। संस्थान में पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर एडमिशन की जा रही हैं।

यहां पर प्रदेश सरकार के कौशल विकास भत्ता योजना के तहत कटिंग-टेलरिंग का एक साल का कोर्स भी चल रहा है। इसमें एडमिशन प्राप्त छात्राओं को प्रदेश सरकार द्वारा एक हजार रुपए प्रतिमाह कौशल विकास भत्ता दिया जा रहा है। हिमोत्कर्ष प्रशिक्षण संस्थान में छात्राओं ने उत्साह के साथ शिक्षण-प्रशिक्षण कार्य में अपनी रूचि दिखाई है। हिमोत्कर्ष प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य नरेश सैणी ने कहा कि हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण केंद्र में मई माह में कंप्यूटर व ब्यूटी कल्चर के हॉबी कोर्स के नए बैच शुरू किए जा रहे है। इसमें एक वर्ष व छ्माह के विशेष हॉबी कोर्स करवाए जायेंगे,जिसमें छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार में स्थापित होने में सफल होगी। इसके अलावा मई माह में कटिंग-टेलरिंग व ड्रेस मेंकिंग तथा फैशन डिजाइनिंग के हॉबी कोर्स का नया बैच भी शुरू होगा। उन्होंने बताया कि संस्थान में नए कोर्सिस में प्रवेश को लेकर छात्राओं में भारी उत्साह है।

### 3500 से अधिक युवतियों बनीं आत्मनिर्भर

**संयुक्ता** चौधरी हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान पिछले करीब 30 वर्षो से महिला सशक्तिकरण में अपना भरपूर सहयोग दे रहा है। 3500 से करीब युवतियां इस संस्थान से कोर्स करके आत्मनिर्भर बनी हैं। इनमें से कई युवतियां स्वयं की कटिंग व टेलरिंग की दुकानें चला रही हैं।

### एडमिशन के लिए इस तरह करें संपर्क

**इच्छुक** युवक-युवतियां किसी भी कार्यदिवस पर संस्थान में पहुंचकर प्रोस्पैक्टस प्राप्त कर सकती हैं। एडमिशन संबंधी किसी भी तरह की जानकारी के लिए संस्थान के दूरभाष नंबर 01975-226070 या फिर 8628973733 पर संपर्क किया जा सकता है।

### इन ट्रेड्स में उपलब्ध रहेंगी सीटें

**हिमोत्कर्ष** द्वारा विशेष हाबी कोर्स के रूप में फैशन डिजाइनिंग के एक साल के कोर्स व हॉबी कोर्स के तहत कटिंग टेलरिंग के शॉर्ट टर्म कोर्स के लिए 20-20 सीटें आरक्षित हैं। इसके अलावा कंप्यूटर एप्लीकेशन के एक वर्ष के हॉबी कोर्स के लिए 20 सीटे तथा ब्यूटी कल्चर कोर्स के लिए 20 सीटें उपलब्ध है।

## न्यूज ब्रीफ

### शमशेर सिंह ने एनडीए परीक्षा की उत्तीर्ण

**ऊना।** जिला ऊना के बसदेहड़ा गांव के 19 वर्षीय युवक ने अपनी मेहनत व लगन के बल पर एनडीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बसदेहड़ा गांव के शमशेर सिंह ने 18 सर्विस सिलेकशन बोर्ड प्रयागराज से एनडीए का एसएसबी उर्तीण किया तथा एनडीए मेरिट में देश में 238वां स्थान हासिल किया है। शमशेर सिंह वर्तमान में पोस्ट ग्रेजूएट राजकीय कालेज चंडीगढ़ से बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र है। शमशेर सिंह ने पांच बार एनडीए की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की। वह कपूरथला,भोपाल व बंगलौर सिलेकशन सेंटर में भी एसएसबी इंटरव्यू के लिए अपीयर हुए थे। बचपन से ही मेधावी शमशेर सिंह की प्रांरभिक शिक्षा गांव में हुई। इसके बाद उसका चयन सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा में हो गया। जहां से उसने दसवीं कक्षा 92 प्रतिशत अंकों के साथ तथा जमा दो कक्षा 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण की। शमशेर सिंह के पिता बख्तावर सिंह बीएसएफ में एएसआई है तथा माता कुसूम रानी गृहिणी है। बचपन से ही सेना में अधिकारी बनने का सपना पाले शमशेर सिंह ने इसके लिए जीतोड़ मेहतन की। शमशेर सिंह ने पहले सुजानपुर टीहरा सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए परीक्षा को उतीर्ण किया तथा वहां से जमा दो कक्षा उतीर्ण करने के साथ ही एनडीए में प्रवेश के लिए लगातार प्रयास करते रहे। वह अपनी सफलता के लिए माता-पिता,अध्यापकों व सभी शुभचिंतकों को श्रेय देते हैं।

### 50 खिलाड़ियों ने दिया क्रिकेट का ट्रायल

**ऊना।** ऊना जिला की वरिष्ठ वर्ग वनडे टीम के लिए रविवार को स्थानीय इंदिरा स्टेडियम में चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। ट्रायल में लगभग 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया। पहले खिलाड़ियों का चयन कैंप के लिए किया जाएगा और कैंप में परफॉर्मेंस के आधार पर टीम का चयन किया जाएगा। चयन समिति में अशोक ठाकुर और राहुल शर्मा को शामिल किया गया। सीनियर टीम के ट्रायल में खिलाड़ियों में उत्साह बहुत कम दिखा, केवल 50 खिलाड़ियों ने ट्रायल में भाग लिया। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित टूर्नामेंट 17 मई आरंभ होगा, और एक जून तक चलेगा। ऊना की टीम अपना मैच बिलासपुर और नादौन में 23 मई से खेलेगी। इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला धर्मशाला के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

# महिलाओं की सीनियर थ्रोबाल चैंपियनशिप छह जून से तेलंगाना में

**अनंत ज्ञान, ऊना**

महिलाओं की सीनियर थ्रोबाल चैंपियनशिप हैदराबाद के तेलंगाना में छह जून से आठ जून 2024 को होने जा रही है। इसके लिए जिला स्तरीय थ्रोबॉल टीम चयन का आयोजन किया गया ।

हिमाचल प्रदेश सीनियर थ्रोबॉल जिला स्तरीय टीम के चयन का शुभारंभ थ्रो बाल ऐसोसिएशन के प्रदेश सचिव जोगिंद्र शर्मा की अध्यक्षता में रविवार को बंगाणा के बोट गांव में हुआ। चयन शिविर में इस आयोजन के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार राकेश राणा रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों एवम युवाओं में थ्रोबॉल खेल के प्रति आकर्षण देख हृदय प्रफ्फुलित है। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन एवम खेल भावना के साथ खेलने और प्रतियोगिता को सफल बनाने का आह्वाहन किया। वहीं पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी खिलाड़ी खेलने ग्राउंड में उतरे तो उसके जहन में एक ही बात होनी चाहिए कि या तो जीत कर जाएंगे या सीख कर जाएंगे हारना शब्द उनके दिमाग में नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन में जिज्ञासा और रुझान पैदा करते हैं। जिससे उन्हें आगे इन्हीं क्षेत्रों में करियर बनाने में मदद मिलती है। खेल न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि यह हमें एकजुट रहने का भी संदेश देता है।

### ट्रायल में ये रहे मौजूद

**इस** मौके पर हिमाचल प्रदेश थ्रो बाल ऐसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय ठाकुर,जिला अध्यक्ष सीमा शर्मा, थ्रो बाल सीनियर कोच कांगड़ा से ब्रजेश ठाकुर, सिरमौर से किशोर कुमार,ऊना से कंचन ठाकुर,मंडी से अंकित,सोलन से पूर्ण चंद सहित अन्य थ्रो बाल ऐसोसिएशन के पदाधिकारी व खिलाड़ियों सहित उनके अभिभावक भी मौजूद रहे।



सीनियर थ्रोबाल टीम के लिए चयनित खिलाड़ी आयोजकों के साथ।

# हरे कृष्णा के उच्चारण से ही मानव कल्याण संभव

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

रविवार को दौलतपुर चौक में राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज में पधारने पर संगतों द्वारा अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में संगतों ने बाबा बाल जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर हरे कृष्णा के संबोधन के साथ बाबा बाल जी ने संगतों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि कृष्ण नाम महिमाका गान से ही मनुष्य कल्याण सम्भव है। उन्होंने कहा सन्तों के आशीर्वाद से ही भगवान का आशीर्वाद प्राप्त हो सकता है। बाबा जी ने कहा कि मानव जीवन की सार्थकता तभी सिद्ध होती है जब जीवन मे प्रभु सिमरन नियम से किया जाए।



उन्होंने पहुंची संगतों को कृष्ण नाम महिमा सत्संग करके अपने जीवन को सही दिशा में ले जाने की बात कही। इस दौरान पंडित हरीशाह दरबार अंबोआ सेवक राकेश शाह ने भी भजन गाया ।

# बाबा पहाड़िया मंदिर फतेहपुर में 12 मई को होगा विशाल धार्मिक सम्मेलन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

जिला मुख्यालय स्थित बाबा पहाड़िया एवम बाबा बालक नाथ मंदिर गांव फतेहपुर में बाबा जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर 12 मई को विशाल भंडारा एवम कीर्तन और जागरण का आयोजन किया जा रहा है।

मंदिर प्रमुख सेवादार शमशेर धीमान ने बताया कि गांव फतेहपुर के बाबा पहाड़िया एवं बाबा बालक नाथ मंदिर में वार्षिक रूप में दूसरा विशाल जागरण एवम भंडारा 12 मई को होना निर्धारित हुआ है। शमशेर ने बताया कि 11 मई को सुबह दस बजे मंदिर में झंडा उतारा जाएगा। और दस बजे कीर्तन दरबार सजेगा। इसमें बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन के गद्दी नशीन प्रमुख सेवादार बाबा अशोक कुमार जी आकर सभी को आशीर्वाद देंगे। और दस बजे से एक बजे तक कीर्तन करेंगे। और अपने मुखारबिंद से सत्संग करके संगत को निहाल करेंगे। उपरांत 12 मई को सुबह दस बजे झंडा रस्म अदा होगी। और उसके बाद प्रसिद्ध गायक पिंकी भानेवाल बाबा जी का गुणगान करेंगे। शमशेर ने बताया की झंडा रस्म के समय बाबा अशोक कुमार जी अपने कर कमलों से झंडा रस्म अदा करेंगे। बताते चले उपमंडल बंगाणा के बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैंन गांव थानाखस के गद्दी नशीन एम मंदिर के प्रमुख सेवादार बाबा अशोक कुमार जी द्वारा धर्म का प्रचार एवम जनता का दुख दूर करते हैं।

### लगेगी बाबा जी की चौकी

**उपमंडल** बंगाणा के थाना कला के बाबा पहाड़िया मंदिर गांव पंजैन थाना खास के गद्दी नाशीन प्रमुख सेवादार बाबा अशोक कुमार जी के कथन के अनुसार दस मई दिन शुक्रवार को मंदिर परिसर में सुबह आठ बजे से शाम आठ बजे तक बाबा जी की चौकी लगेगी। वहीं, शनिवार को दोपहर दो बजे से शाम आठ बजे तक बाबा जी की चौकी लगेगी।

**चुनाव** | गगरेट में एसडीएम सौमिल गौतम ने लिवगार्ड उद्योग में मतदाताओं को किया जागरूक

# मतदाता बिना किसी लोभ से करें मतदान: सौमिल

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करके मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग के दिशानिर्देश अनुसार धरातल स्तर पर प्रयास लगातार जारी है।

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सौमिल गौतम लगातार मतदाताओं के बीच जाकर उन्हें भय और लालच के बिना स्वेच्छा से मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को लिवगार्ड उद्योग मुबारकपुर में मतदाताओं को बढ़-चढ़कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। एसडीएम सौमिल गौतम ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि संविधान द्वारा प्रदान मौलिक अधिकारों में भी हमें मतदान करने का अधिकार दिया गया है। कोई भी व्यक्ति जिसकी आयु अठारह वर्ष या उससे अधिक है और जिसका नाम मतदाता सूची में शामिल है वह मतदान करने का अधिकार रखता है। उन्होंने कहा कि मतदान को लेकर भी कई तरह की भ्रांतियां हैं। बेशक लोग पढ़लिख गए हैं, लेकिन मतदान को लेकर ज्यादातर लोग अभी भी जागरूक नहीं है। अभी भी कई लोगों में यह भ्रांति है कि उनके मतदान करने से क्या हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर बिना भय व लोभ लालच मतदान किया जाए तो एक-एक मत इस देश को श्रेष्ठ बनाने के काम आता है। उन्होंने कहा कि जो मतदाता 85 वर्ष या इससे अधिक आयु के हैं या फिर जो मतदाता चालीस प्रतिशत से अधिक दिव्यांग हैं वह घर बैठे भी मतदान प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।



लिवगार्ड उद्योग में मतदाताओं को जागरूक करते अधिकारी

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

**इस** कार्यक्रम में हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से भी मतदाताओं ने मतदान का प्रण लिया, ताकि लोकतंत्र मजबूत हो सके। इस अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के समन्वयक सुनील कुमार, लिवगार्ड के प्लांट हैड अक्षय कुमार राउत, शिव पाल, अश्विनी कुमार, अमित शर्मा सहित कर्मचारी वर्ग भी मौजूद रहा।

## संपादकीय

# रेवन्ना स्कैंडल ने किया शर्मसार

लोकतंत्र के महापर्व के बीच प्रज्ज्वल रेवन्ना सेक्स स्कैंडल के उजागर होने की चर्चा देशभर में है। इससे कर्नाटक की सियासत में खासी हलचल मची है। इस वजह से यह मामला हाई प्रोफाइल हो गया है। राज्य सरकार ने बलात्कार की धाराओं में केस दर्ज कर प्रज्ज्वल रेवन्ना की गिरफ्तारी के आदेश दिए हैं। रेवन्ना 27 अप्रैल को भारत छोड़कर जर्मनी चले गए हैं। जनता दल (सेक्युलर) ने रेवन्ना को पहले ही निलंबित कर दिया है। रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते हैं। विरोधी पार्टियां जद-एस को इस मसले पर घेर रही हैं। अब सवाल यह है कि रेवन्ना मामला सामने आने के बाद विदेश कैसे चले गए। क्या इसमें पुलिस की मिलीभगत है? अगर वह राजनयिक पासपोर्ट पर जर्मनी गए तो क्या इसकी अनुमति विदेश मंत्रालय से लेना जरूरी नहीं था? हालांकि राज्य सरकार ने रेवन्ना के राजनयिक पासपोर्ट को निरस्त करने की मांग करके त्वरित कार्रवाई की, लेकिन बलात्कार व यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कथित तौर पर बलात्कार और यौन कृत्यों के ये वीडियो फौरन हटाए जाएं और महिलाओं की पहचान जाहिर होने से रोकी जाए। बीते कुछ सालों में हाई प्रोफाइल व्यक्तियों पर यौन दुराचार के आरोप सुर्खियां बनी हैं, जिससे नेताओं के आचरण पर आमजन को ज्यादा विश्वास नहीं रहा है।

नेता जब ऐसे कृत्यों में शामिल हो जाते हैं तो इससे यही लगने लगता है जैसे वे अपने पद और शक्ति का दुरुपयोग कर रहे हों। उनका ऐसा आचारण अत्यधिक शक्ति असंतुलन और राजनीतिक प्रभाव की याद दिलाता है, जिससे गुनहगारों को उनके अंजाम तक पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। उत्तर प्रदेश के कैसरगंज से भाजपा के मौजूदा सांसद और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कई शिकायतें और आरोप इसका उदाहरण है। यह मामला भी काफी चर्चा में रहा। यौन शोषण के पीड़ित कभी-कभार ही शिकायत करने सामने आते हैं। और वे अमूमन ऐसा तभी करते हैं, जब उनकी तकलीफ बर्दाश्त से बाहर हो जाती है, या जब उनके पास पारिवारिक समर्थन होता है, या जब उन्हें भरोसा होता है कि इंसाफ मिलेगा। यद्यपि वे निजता और सुरक्षा चाहते हैं। जब एक पीड़ित शिकायत दर्ज कराता है, तो यह दूसरों को आवाज बुलंद करने का हौसला देता है, खासकर जब मामला कई लोगों को निशाना बनाने वाले गुनहगारों से जुड़ा होता है। वीडियो में दिख रहीं कई महिलाओं से शिकायत दर्ज कराने में पुलिस को दिक्कत पेश आ रही है। प्रज्ज्वल रेवन्ना और उनके पिता एचडी रेवन्ना, जो कर्नाटक के होलेनरसीपुर से वर्तमान विधायक हैं की गिरफ्तारी से भी परिवार की नाक कटी है। एसआईटी ने उन्हें तलब किया है।


प्रज्ज्वल रेवन्ना 2019 में लोकसभा में जनता दल (सेक्युलर) से चुने गए इकलौते सांसद थे। इस बार उन्हें जेडीएस ने फिर हासन सीट से प्रत्याशी बनाया था। नाटकीय ढंग से एक 'पेन ड्राइव' महिला आयोग तक पहुंची। उसके बाद प्रज्ज्वल का यह सेक्स कांड खुला। राज्य महिला आयोग को मिली इस पेन ड्राइव में 2,976 फाइलें हैं, जिनमें से अधिकांश चैट के स्क्रीनशॉट, कई महिलाओं के साथ वीडियो कॉल और लगभग 100 वीडियो हैं। इस कांड ने कर्नाटक में चुनावी दिशा बदल दी है। न सिर्फ रेवन्ना के दादा एचडी देवगौड़ा की छवि खराब हुई है, बल्कि उनके गठबंधन की पार्टी भाजपा भी मुसीबत में पड़ गई है। जेडीएस प्रत्याशी प्रज्ज्वल का मुकाबला कांग्रेस के श्रेयस पटेल से है, जो पूर्व विधायक पुट्टास्वामी गौड़ा के पोते हैं। पुट्टास्वामी ने कई चुनावी लड़ाइयों में देवेगौड़ा को हराया था। हासन इलाके के आसपास प्रज्ज्वल रेवन्ना के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। ये वीडियो लोगों के मोबाइल तक पहुंच गए हैं। इतने गंभीर आरोपों को देखते हुए उचित यही होगा कि दोनों नेता जांच पूरी होने तक के लिए सार्वजनिक पद से इस्तीफा दें। ■

# 6 मई, 1532 : जब 700 महिलाओं के साथ रानी दुर्गावती ने किया जौहर

**बलिदान दिवस**

सल्तनत काल के इतिहास में भारत का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं था, जहां हमलावरों से अपने स्वत्व और स्वाभिमान की रक्षा के लिए भारतीय नारियों ने अग्नि प्रवेश न किया हो। भारतीय नारियों के कुछ ऐसे जौहरों की गाथाएं हैं, जिन्हें सुनने पर आज भी रौंगटे खड़े हो जाते हैं। ऐसा ही एक जौहर मध्य प्रदेश के रायसेन के किले में 6 मई, 1532 को हुआ था, जिसमें 700 से अधिक महिलाओं ने अपनी आबरू बचाने के लिए अपने छोटे बच्चों के साथ अग्नि में प्रवेश किया था। इस जौहर की लपटें मीलों दूर तक देखी गई थीं।

यह जौहर महारानी दुर्गावती की अगुवाई में हुआ था। रायसेन के किले में हुए जौहर का उस समय के साहित्य और जनश्रुतियों में भी प्रमाण मिलता है और इस पर रिसर्च भी हुई है। महारानी दुर्गावती राजस्थान के मेवाड़ घराने के राजा राणा सांगा की पुत्री थीं। उनका विवाह रायसेन के तोमर घराने के राजा शिलादित्य से हुआ था। शीलादित्य ग्वालियर के राजा मानसिंह तोमर के भाई थे। शीलादित्य ने खानवा के युद्ध में राणा संग्राम सिंह के साथ बाबर का मुकाबला किया था। खानवा के युद्ध में भारतीय शासकों का भारी नुकसान हुआ था। खानवा युद्ध के बाद बाबर ने कालिंजर पर धावा बोला और गुजरात के सुल्तानों ने मालवा और रायसेन पर। इतिहासकारों के अनुसार गुजरात के बहादुर शाह जफर ने रायसेन किले पर विशाल मुगल सेना के साथ हमले के लिए कूच किया था। अपनी इज्जत बचाने के लिए रानी दुर्गावती ने 700 राजपूतानियों के साथ जौहर कर लिया था।



**रमेश शर्मा**
स्वतंत्र टिप्पणीकार
नई दिल्ली

जौहर के पहले उन्होंने मंदिर में बने विशाल शिव मंदिर में जाकर कसम ली और बहादुर शाह जफर के सामने नहीं झुकने की सौगंध खाई थी। स्वाभिमान और स्वत्व की रक्षा उनके रक्त की प्रत्येक बूंद में था। रानी शस्त्र चलाना भी जानती थीं। चित्तौड़ में उन्होंने वीरांगनाओं की टोली गठित की थी। जब रानी दुर्गावती ने जौहर किया तो उस समय सिल्हादी का बेटा भूपति राय एक युद्ध अभियान पर गया था, उसे जब रायसेन में हुई इस घटना की जानकारी मिली तो वह लौटा और बहादुर शाह के सामंत को मार भगाया। गुजरात के हमलावर रायसेन के किले को जीत तो न सके पर रायसेन की सैन्य शक्ति को बहुत कमजोर कर दिया। कमजोर शक्ति के बाद भी रायसेन में शीलादित्य की सत्ता बनी रही। रायसेन को जीतने और लूटने के लिए गुजरात के सुल्तान बहादुरशाह ने कुटिल योजना बनाई। योजना के अनुसार वह धार आ गया।

उसने नालछा में कैंप लगाया और अनेक भेंट रायसेन भेजीं। महाराजा शीलादित्य को मित्रता संदेश भेजकर धार आमंत्रित किया और धोखे से कैद कर लिया। उन दिनों रायसेन की सीमा उज्जैन तक लगती थी। उज्जैन में शीलादित्य के भाई लक्ष्मण सिंह किलेदार थे। उन्हें यह समाचार मिला तो वे अपनी सेना लेकर रायसेन की रक्षा के लिए निकल पड़े। यह समाचार बहादुरशाह को मिला। वह बंदी शीलादित्य को साथ लेकर उज्जैन आया और बंदी शालादित्य को आगे करके उज्जैन पर धावा बोल दिया। यह घटना दिसंबर, 1531 की है। उज्जैन के रक्षकों ने शीलादित्य को बंदी देखा तो बिना संघर्ष के समर्पण कर दिया। उज्जैन में भारी लूट हुई और स्त्रियों का हरण भी हुआ। उज्जैन पर अधिकार करने के बाद उसने यही तरकीब सारंगपुर, आष्टा आदि स्थानों पर अपनाई और फिर विदिशा आया। सभी स्थानों पर जमकर लूट हुई। मंदिर ध्वस्त किए और स्त्रियों का हरण किया। अंत में रायसेन आया। उसने रायसेन किले पर घेरा डाला और बंदी शीलादित्य को भारी यातनाएं देकर किला समर्पित करने का आदेश दिया।

बहादुरशाह ने महारानी दुर्गावती को संदेश भेजा कि वे अपने पूरे रनिवास के साथ समर्पण कर दें। समर्पण की अंतिम बातचीत 4 मई, 1532 को हुई। यह प्रस्ताव लेकर बहादुरशाह ने अपने एक सिपहसालार मलिक शेर को भेजा था। उसके प्रस्ताव को महारानी दुर्गावती एवं किले में मौजूद शीलादित्य के भाई लक्ष्मण सिंह ने न केवल ठुकरा दिया, बल्कि उसे बंदी बनाकर मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद महारानी दुर्गावती ने जौहर करने एवं लक्ष्मण सिंह ने साका करने का निर्णय लिया। 5 मई से जौहर की तैयारी आरंभ हुई और 6 मई, 1532 को सूर्योदय के साथ अग्नि की लपटें धधक उठीं। किले में जितनी स्त्रियां थीं, सबने अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ अग्नि में प्रवेश कर लिया। अग्नि की लपटें आसमान छूने लगीं। जौहर की यह अग्नि दिनभर प्रज्जवलित रही। स्वाभिमानी क्षत्राणियों और उनकी सहयोगी सभी स्त्रियों ने समर्पण करने की बजाय बलिदान होने को प्राथमिकता दी। यह रायसेन के इतिहास में पहला जौहर हुआ। इसके बाद दो और जौहर का उल्लेख मिलता है। अगले दिन 7 मई प्रात: लक्ष्मण सिंह की कमान में निर्णायक युद्ध हुआ और वेद अपनी रक्षा सैन्य टुकड़ी सहित बलिदान हो गए। अंत में 10 मई को बहादुर शाह का रायसेन के किले पर आधिपत्य हो गया।

इतिहास की कुछ पुस्तकों में शीलादित्य का नाम सलहदी और लक्ष्मण सिंह का नाम लक्ष्मण सेन लिखा है। कुछ ने यह भी लिखा है कि बहादुर शाह ने शीलादित्य को धोखे से बंदी बनाकर धर्मांतरण करके नाम सलाहुद्दीन कर दिया था। पर यह बात सही नहीं लगती। यह बात सल्तनकाल के इतिहासकारों ने अपने मन से ही जोड़ी होगी। चूंकि यदि राजा शीलादित्य धर्मांतरण कर लेते तो फिर किले में जौहर क्यों होता, साका क्यों होता। जो भी हो पर रायसेन के किले में इस जौहर का शिलालेख है। आज भी उस स्थल पर स्थानीय नागरिक जाकर शीश नवाते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# युवा जिंदगियों को निगल रहा नशा

जब किसी घर में कोई बच्चा, चाहे लड़का हो या लड़की जन्म लेता है तो घर में परिवार के सदस्य बहुत खुश होते हैं। घर में जश्न मनाया जाता है। माता-पिता बच्चे के भविष्य को लेकर योजनाएं बनाने लगते हैं। मध्यम वर्गीय परिवार में पैसे की बचत शुरू हो जाती है। जैसे-जैसे बच्चा बड़ा होने लगता है, पहले वह माता-पिता को ही अपना दोस्त समझता है। फिर इसके नए-नए दोस्त बनने लगते हैं। माता-पिता यदि उसके साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार रखते हैं तो वह घर में अपनी सारी बातें साझा करता है, अन्यथा वह माता-पिता से बातें छुपाना शुरू कर देता है। यहीं से शुरू होता है इसका नया रास्ता। अच्छे दोस्तों की संगत उसे अच्छे रास्ते पर ले जाती है और बुरे दोस्तों की संगत बुरे रास्ते पर।

आज समाज में एक समस्या दिन-प्रतिदिन विकराल रूप धारण करती जा रही है और वह है नशे की समस्या। मादक पदार्थों के सेवन में बीड़ी-सिगरेट पीना, शराब पीना व चिट्टे का सेवन करना शामिल है। मादक पदार्थों के सेवन के लिए बच्चों को बहुत से पैसों की जरूरत पड़ती है, जिसे पूरा करने के लिए पहले वे घर में झूठ बोलकर पैसे का जुगाड़ करते हैं। लेकिन यह सिलसिला यहीं समाप्त नहीं होता।

नशे की लत उन्हें और भी कई प्रकार के असामाजिक कार्य करने को मजबूर कर देती है। अंत में यह सिलसिला समाप्त होता है उनकी मौत के साथ। यह केवल एक बच्चे या इंसान की ही मौत नहीं होती, बल्कि पूरे परिवार की, परिवार के सपनों की, परिवार द्वारा बच्चों के लिए किए बलिदानों की भी मौत होती है। माता-पिता द्वारा देखे सपने ही नहीं बिखरते, बल्कि माता-पिता भी अंदर से बिखर जाते हैं। दिन-प्रतिदिन समाज में इस तरह की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।



**लेखक: राजेश कुमार**
**जोगिंद्रनगर, मंडी**

अभी भी समय रहते सबको इस समस्या के प्रति सचेत होना होगा। अन्यथा एक दिन यह नशा रूपी चिंगारी सबके घर को जला के राख कर देगी। सरकार, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस और शिक्षा विभाग व कई अन्य सरकारी एवं गैर सरकारी सस्थाओं द्वारा नशे की बुराई से बचने व इसको समाप्त करने के लिए कई तरह के अभियान चलाए जा रहे हैं। लेकिन अब समय आ गया है कि समाज में हर व्यक्ति को इस समस्या पर मंथन करना होगा। इस समस्या को जड़ से समाप्त करने के उपाय सोचने होंगे व उन पर अमल करना होगा। तभी हम आने वाली पीढ़ी को एक सुंदर व उज्ज्वल भविष्य दे पाएंगे और एक अच्छे व स्वस्थ समाज का निर्माण कर पाएंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता



### तेरी मर्जी के बिना


शिव सन्याल
जवाली कांगड़ा (हिप्र)

तेरी मर्जी के बिना सके न कोई मार।
जिस पर तेरा हाथ है, उसका हो उद्धार।।
तेरी मर्जी के बिना, कौन संवारे काज।
कोई तो दर-दर फिरे, मिले किसी को ताज।।
तेरी मर्जी के बिना, कहां हिले हैं पात।
तू चाहे तो दिन करें, तू चाहे तो रात।।
तेरी मर्जी के बिना, चलती है यह श्वास।
कब मिट्टी में रोल दे, जीने की यह आस।।
तेरी मर्जी के बिना कौन हरे मन पीर।
कलम चला के बदल दे, जब चाहे तकदीर।।
राम शरण जो भी गया, मिला राम का प्यार।
राम कृपा से हो गया, भव सागर से पार।।
तेरी मर्जी के बिना कौन सुने हरि नाम।
जिस पर चढ़ता रंग है, मस्त जपे श्री राम।

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध अधिवक्ता एवं राजनेता

**मोतीलाल** नेहरू एक प्रसिद्ध अधिवक्ता एवं ब्रिटिशकालीन राजनेता थे। उनका जन्म 6 मई, 1861 को आगरा में हुआ था और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के पिता थे। वे भारत के स्वतंत्रता संग्राम के आरंभिक कार्यकर्ताओं में से एक थे। उनके पिता का नाम गंगाधर और माता का नाम इंद्राणी था। मोतीलाल का बचपन राजस्थान के खेतड़ी में बीता, जहां उनके बड़े भाई नंदलाल नेहरू ने उनका लालन-पालन किया था। बाद में यह परिवार पहले आगरा और फिर इलाहबाद चला गया था। मोतीलाल नेहरू की पत्नी का नाम स्वरूप रानी था और जवाहर लाल नेहरू उनके पुत्र थे। उनकी दो बेटियां विजयलक्ष्मी एवं कृष्णा थीं। मोतीलाल नेहरू के जीवन में बदलाव 1918 में आया, जब वे महात्मा गांधी के संपर्क में आए थे। वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल होने वाले अमीर नेताओं में से एक थे, लेकिन महात्मा गांधी से मिलने के बाद उन्होंने पाश्चात्य जीवनशैली का त्याग कर सादगी भरा जीवन अपना लिया था। मोतीलाल नेहरू 1928 में कोलकाता में हुए कांग्रेस अधिवेशन के अध्यक्ष चुने गए थे और 1928 में ही कांग्रेस द्वारा स्थापित भारतीय संविधान आयोग के भी अध्यक्ष बने। मोतीलाल नेहरू ने इलाहाबाद में एक अलीशान घर बनवाया और उसका नाम आनंद भवन रखा था। इसके बाद उन्होंने अपना पुराना घर स्वराज भवन कांग्रेस को दे दिया था। उनका 6 फरवरी, 1931 में इलाहाबाद में निधन हो गया था।



**मोतीलाल नेहरू**
**जन्म :** 6 मई, 1861
**मृत्यु :** 6 फरवरी, 1931

# वाहनों की अधिक गति से असमय बुझते घरों के चिराग

हिमाचल प्रदेश राज्य की सर्पिली सड़कों पर दौड़ते दोपहिया वाहन कब डिवाइडर से टकरा जाएं या खाई में समा जाएं, यह खुद चालकों को भी पता नहीं होता। हालांकि इनका नियंत्रण खुद चालक के पास होता है। पता नहीं ऐसा क्या छूट रहा है, युवा पीढ़ी का जो सड़कों पर इतनी तेज गति से स्टंट करते हुए बाइक को दौड़ाते हैं। भले ही पंद्रह मिनट देरी से पहुंचे कुछ बिगड़ने वाला नहीं, लेकिन जान जोखिम में डालकर गंतव्य तक पहुंचने की जल्दबाजी युवाओं के अभिभावकों को चिंता में डाल देती है।

युवा मन ऊर्जा से भरपूर होता है, लेकिन अभी यह पौधा है, उसे अनुभव व दक्षता को प्राप्त करने के लिए और अधिक घिसकर, सीखकर चमकने के लिए भविष्य में लंबी जद्दोजहद का सामना करना पड़ेगा। अनभिज्ञता व बिना रोक-टोक के कारण बच्चे अपनी मर्जी करते हैं। बाद में अभिभावक दुर्घटनाओं में शिकार या मृत्यु को प्राप्त अपने घर के चिरागों के बुझने का ताउम्र शोक मनाते रहते हैं। जब उन्हें रोकना-टोकना चाहिए था, तब ऐसा किया नहीं, बाद में भाग्य या नियति के खेल को दोष देकर सहमति की ओर बढ़ते हैं। जीवन बहुत कीमती है, लेकिन ओवरटेक करने की जल्दी, चालक के मानसिक संतुलन को बिगाड़ कर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाओं को खुद ही न्योता देने की भूमिका निभाती है। नियंत्रण में दोपहिया वाहन चलाते समय अचानक असंतुलित हो भी जाए, तो कम गति होने के कारण खुद संभल भी सकते हैं, दूसरी ओर तेज गति हमें ऐसा मौका नहीं देती।

अभी हाल ही में सुंदरनगर की फोरलेन पर एक युवा ओवरस्पीड में होने के कारण डिवाइडर से टक्कर खाने से मृत्यु को प्राप्त हो गया और पीछे बैठी महिला पीजीआई में जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रही है। दूसरी घटना जोगिंद्रनगर में डिवाइडर के साथ टक्कर से बाइक सवार और उसका युवा साथी घायल हो गए, जो कि अत्यधिक गति के कारण घटित हुआ। सरकारी आंकड़ों के मानें तो भारत में वर्ष 2022 में कुल 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिसमें से 1,68,491 लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। इसके साथ ही इन सड़क दुर्घटनाओं में 4,43,366 लोग घायल हुए। इसके कारण मृत्यु में 9.4 फीसदी वृद्धि, जख्मों में 15.3 प्रतिशत के आंकड़ों की वृद्धि हुई। इन सड़क दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा युवा घायल हुए हैं।



**लेखक : ठाकुर तारा**
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

वर्ष 2022 के दौरान हताहतों में 66.5 प्रतिशत 18 साल से 45 साल की आयु वर्ग के युवा थे। अगर बाइक से दुर्घटनाओं की बात करें, तो यह आंकड़ा 72,000 के करीब है। प्रतिदिन के हिसाब से यह संख्या 200 से ज्यादा बनती है। हमें आज अपने प्रदेश के सबसे बड़े युवा मानव संसाधनों को बचाने की आवश्यकता है। सभी अभिभावकों को यह शुरुआत अपने लाड़लों को दुर्घटनाओं के कारणों, अधिक गति सीमा में वाहन चलाने के नुकसानों, ओवरटेक करने के नुकसानों, शराब पीकर गाड़ी चलाने के नुकसानों, सभी तरह के सड़क सुरक्षा बिंदुओं से अवगत करवाकर शिक्षित करने की आवश्यकता है। युवाओं को यह भी बताने की आवश्यकता है कि दोपहिया वाहन सुरक्षा की दृष्टि से भी उत्तम नहीं हैं। चारों तरफ से खुला होने के कारण हाथ पांव, टांगें, बाजू, पैर, कंधे, घुटने, टखने, नाजुक सिर के अंग, गिरने या दूसरे वाहनों द्वारा सामने से टक्कर मारने से तुरंत प्रभावित होते हैं। सरकार चाहे तो जुर्माना लगाकर ऐसे हादसों को कुछ हद तक रोक सकती है, लेकिन इन पर पूर्ण रूप से रोक लगाने के लिए सरकार, पुलिस प्रशासन, समाज से पहले हम घर से ही नियमों का पालन करने की कसम खाकर इन्हें रोक पाने में सक्षम होंगे।

आज का इंसान मानवता के मूल्यों का अवमूल्यन कर मनुष्य की मौत को ऐसे माप-तोल कर देख रहा है, जैसे अमुक व्यक्ति इस संसार से शरीर छोड़कर मानो कुछ समय मेहमान बनकर गया हो और बाद में उस मृत शरीर में पुन: प्रवेश कर जीवित हो जाएगा। लेकिन ऐसी सोच वाले यह भूल जाते हैं कि वे अब दोबारा इस शरीर में प्रवेश कर जीवित नहीं हो पाएंगे। पहले मानवता के साथ भोलापन होता था, लेकिन आज लोगों के व्यवहार में चालाकी आ गई है और वे मनुष्य जीवन की जानवरों के जीवन के साथ तुलना कर रहे हैं। पहले के बुजुर्ग देवभूमि के किसी भी कोने में दुर्घटनाओं में किसी के मरने के बारे में जानते थे, तो बहुत दुखी होते थे व इन दुर्घटनाओं के शोक की चर्चाएं कई सालों तक थमने का नाम नहीं लेती थीं। दुखी परिवार के प्रति वे भी उस रिश्ते से अनभिज्ञ होने पर भी अपनों की तरह आंसू बहाते व आहत होते नजर आते थे, लेकिन आज की पीढ़ी सिर्फ अपने एकल परिवार के चोटिल होने पर ही आंसू या संवेदना दिखाती है।

देश या विदेश तो छोड़ो अपने आस-पड़ोस में किसी के इस तरह की दुर्घटनाओं के शिकार होने पर शमशानघाट में भी मुर्दा अभी चिता पर लिटाया गया है, अभी अंत्येष्टि संस्कार शुरू भी नहीं हुआ, शव को और कितना टाइम लगेगा जलाने में, मुझे जरूरी काम के लिए जाना है, ये कहते और सुनते लोगों को देखा जा सकता है। धैर्यहीन होते इस सामाजिक स्तर के निम्न विध्वंस को आज हम किस संज्ञा से संबोधित करें, यह प्रश्न हम सभी के समक्ष एक प्रमुख विषय बन गया है। कल्पना करो कि आज यह समय आ चुका है तो आने वाला समय कैसा होगा? क्या इससे भी ज्यादा खराब समय अभी आने वाला है?

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**आने** वाला समय एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है। यह तकनीक समय के साथ बहुत बदलाव लाने वाली है। यह टेक्नोलॉजी समाज में कई चुनौतियां सामने लाएगी। इनमें सबसे बड़ी चुनौती होगी बेरोजगारी। इसमें कोई दोराय नहीं कि तकनीक ने जिंदगी को आरामदायक और आसान तो बना दिया है, लेकिन बेरोजगारी भी बढ़ा दी है। आज दुनियाभर के देशों के लिए बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या बनती जा रही है। बेरोजगारी का एक मुख्य कारण आधुनिक मशीनें भी हैं। मशीनें मानव शक्ति के विकल्प के तौर पर अपनाई जा रही हैं, जिस कारण लोगों को नौकरी से हाथ धोना पड़ रहा है। जाहिर सी बात है कि तकनीकी आविष्कारों का नकारात्मक असर हमारे देश में रोजगार पर पड़ा है। पहले जिस काम को दस मजदूर घंटों में करते थे, अब नई तकनीक से एक मशीन से एक ही व्यक्ति उस काम को कुछ ही मिनटों में कर रहा है। इन मशीनों को तैयार करने के लिए भी मशीनों का ही सहारा लिया जाता है। भारत में इन मशीनों का निर्माण भी न के बराबर है। इस कारण भी नई तकनीक भारत में रोजगार के लिए अभिशाप मानी जा सकती है। ऐसा नहीं कि आधुनिक टेक्नोलॉजी एआई के नकरात्मक परिणाम हैं, इसके सकरात्मक पहलू भी हैं, लेकिन हमें भी भ सोशल मीडिया के युग में सतर्क और जागरूक रहना होगा।

**– अंकुर नाग, शाहपुर**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# राजनीति में बदलती जा रही आरोप-प्रत्यारोप की शैली

किसी भी देश की राजनीति में भाषा एक महत्वपूर्ण अंग होती है। यह भाषा एक माध्यम है किसी भी राजनीतिक पार्टी की विचारधारा को आम जनमानस तक पहुंचाने की। लोकतंत्र में उसी नेता का बोल-बाला होता है, जिसकी भाषा पर पकड़ मजबूत होती है। समय के साथ जैसे-जैसे राजनीति में बदलाव आता गया, उसी प्रकार राजनेताओं की भाषा और आरोप-प्रत्यारोप की शैली भी बदलती गई। आज कुछ नेता, जिन्हें पार्टियों द्वारा लोकसभा का टिकट मिला है वे एक-दूसरे पर व्यक्तिगत लांछन लगाने पर पर इस कदर तुले हैं जैसे तलाक के समय कोई पति और पत्नी। तू-तू, मैं-मैं करते हुए बात बढ़कर व्यक्तिगत अपमान और लांछन पर आ टिकती है। भारतीय राजनीति जिस दौर से गुजर रही है, उसमें कीचड़ ज्यादा है और तथ्य कम।

नेताओं पर भद्र-अभद्र आरोप लगते हैं, सभ्य शिष्ट आचरण से भटककर सही-गलत के अवसाद से ग्रस्त हैं। चुनावी आरोप-प्रत्यारोप महज परवरिश, खान-पान, रहन-सहन और व्यक्तिगत हों तो निसंदेह ये मुद्दे से हटकर सस्ती लोकप्रियता को भुनाता है। लोकतंत्र में बहस मुद्दे पर हो तो लोकतंत्र की गरिमा बनी रहती है। भारी जनसंख्या के दौर में खत्म हो रहे संसाधनों के परिवेश में और प्रकृति से मिलती हर मौसमी चुनौती के वेश में, यदा-सर्वदा मुद्दों का व्यक्तिगत होना महज टेलीविजन के सास और बहु सीरियल की टीआरपी है। लोकतंत्र में बात अगर नदी, जंगल, जमीन, रोटी, दवाई, शिक्षा, सड़क, रोजगार की न हो महज फुर्सत के पल, बात फोटो खिंचवाने तक ही सीमित रहे तो कई बेसुरे राग कानों को भी बहरा कर देते हैं। कम होती जमीन में अत्याधिक भार के इस दौर में शिक्षा से रोजगार तलाशना और अपना भविष्य सुरक्षित करना मानों अब बहस का मुद्दा ही नहीं रहा।



**लेखक: सिकंदर बंसल**
रामपुर बुशहर (हिप्र)

हिमाचल प्रदेश की वर्तमान राजनीति में भी आरोप अब मुद्दों पर न होकर व्यक्तिगत होते जा रहे हैं। हिम पप्पू, राजा बेटा, राजा बाबू, कार्टून और हसीन परी जैसे शब्द नेताओं के मुख से शांतिप्रिय और पढ़े-लिखे राज्य में हो रहे हैं। चुनावी दौर में प्रखर और तेज-तर्रार होना आवश्यक होता है, परंतु मर्यादा में रहकर। आजकल पार्टी को भी चाहिए कि ऐसे नेताओं पर लगाम कसनी आवश्यक है। हिमाचल प्रदेश की राजनीति में प्रथम मुख्यमंत्री स्वर्गीय डॉक्टर वाईएस परमार, स्वर्गीय ठाकुर रामलाल, स्वर्गीय वीरभद्र सिंह, शांता कुमार और प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल जैसे सरीखे नेता रहे, जिन्होंने हिमाचल के लोगों को एक स्वच्छ और स्वस्थ राजनीति सिखाई और कभी भी ऐसी किसी भाषा का इस्तेमाल नहीं किया, जिससे किसी की भावनाएं आहत हुई हों।

आजकल मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया भी काफी सक्रिय रहता है। सोशल मीडिया आने से बात अब हर जगह तक पहुंच रही है। लोगों की प्रतिक्रिया भी उसी समय आने लगती है, जिसे यह पहचाने में आसानी हो जाती है कि कौन नेता अमर्यादित और कुंठित है। चुनाव में जो शब्दों की मर्यादा लांघ जाते हैं और प्रतिद्वंद्वी का कुछ भी नामकरण करके उसका उपहास उड़ाने की कोशिश करते हैं। बाद में यही नेता जनता के सामने अपना शुद्धिकरण यह कहकर करते हैं कि मेरे बयान को तोड़-मरोड़कर लिखा गया। जनता को भी यह बात समझनी होगी कि जिस नेता के बयान इतने कड़वे और अभद्र हैं, वह लोकतंत्र के मंदिर में बैठने लायक है या नहीं।

मुद्दों से भटकाना अब सस्ती लोकप्रियता को जन्म देता है। आज देश कई तरह की समस्याओं से जूझ रहा है। देश का विकासशील विमर्श आधुनिक लोकतंत्र को सही मापने का एक वैध तरीका है। आज नदी और नालों को भी सब्सिडी की आवश्यकता है। जमीनों को सही बूस्टर डोज की जरूरत है। जीवनदायिनी पेड़ों के दीर्घायु हेतु हर साल जन्मदिन मनाने को आवश्यकता है। शिक्षा से अपने बच्चों को रोजगार मिलने के सपने देखने वाले मजदूर पिता के पसीने को पोंछने की आवश्यकता है। राजनीति में मतभेद होते हैं, लेकिन वर्तमान में मतभेद धीरे-धीरे आपसी मनभेद में बदल रहे हैं। हमारी भाषा और बोली हमारे व्यक्तित्व का आइना होती है। हम अपनी बातचीत में जिस तरह के शब्दों का इस्तेमाल करते हैं, उससे उसके संस्कारी और व्यावहारिक होने का सबूत मिलता है। गाली-गलौज का इस्तेमाल करने वाले और बात-बात में तू-तू, मैं-मैं करने वाले को कभी भी सम्मान के साथ नहीं देखा जाता। उसे अभद्र, अनपढ़ की संज्ञा दी जाती है। अब चिंतन करने का समय आ गया है कि राजनीतिक मूल्यों में तेजी से आ रही गिरावट के लिए जो जिम्मेदार हैं, उनको किनारे किया जाए। आजकल के नेताओं को यह भूलना नहीं चाहिए कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जैसे लोकप्रिय राजनेता तीखे से तीखे बयान बड़ी विनम्रता से कह डालने की खूबी रखते थे। कहते हैं कि तहजीब, तमीज और अदब जिंदगी में बोलती है जनाब, लाख छुपाएं इंसान पर शख्सियत निशां छोड़ जाती है।

**( ये लेखकके निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# गीता कोई सामान्य ग्रंथ नहीं : स्वामी ज्ञानानंद

**अनंत ज्ञान, करसोग**

हिमाचल प्रदेश के बाहरी सराज की कुर्पन घाटी का धरोहर क्षेत्र अरसु सतलुज घाटी के अंतर्गत पौराणिक नगरी श्रीपटल निरमंड के पूर्वोत्तर में अरसु क्षेत्र का विशिष्ट सांस्कृतिक महत्व रहा है। निरमंड उपमंडल से पूर्वोत्तर की ओर लगभग 18 किमी की दूरी पर क्राई पहाड़ी के आचल मे अरसु गांव अवस्थित है। सुकेत संस्कृति साहित्य और जन-कल्याण मंच पांगणा-सुकेत के अध्यक्ष डॉक्टर हिमेंद्र बाली हिम का कहना है कि हालांकि अरसु अब एक कस्बे के रूप में उभर रहा है। रामगढ़ पर्वत शिखर पर नातली नाग की छांव में अवस्थित निरमंड गांव परशुराम की तपस्थली रही है।

यहीं बारह वर्ष तक तप कर भार्गव परशुराम ने वैदिक ब्राह्मणों को बसा नरमेधी


महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद।

यक्ष भुंडा की परंपरा का आरंभ किया। निरमंड में अम्बिका माता का स्तवन कर भार्गव परशुराम ने मातृ हत्या के पातक का शमन किया। वास्तव में अरसु ढौड़ गढ़ के अंतर्गत स्थित है जां के अधिपति चम्भु देव कशोली है। अरसु के समीपस्थ पूर्व की ओर शक्ति संपन्न दुर्गा का बाड़ी गांव में मंदिर है। ढौड़ गढ़ के उत्तर में स्थित डेली मे नाग देव नगेला देव, कोट मे माटी सागर देव, ठेल देओरा देवास का नाग देवता प्रतिष्ठित हैं। अरसु के पूर्वोत्तर में मगैंणी जोत का सौंदर्य अप्रतिम है यहां योगिनियां प्रतिष्ठित हैं। ऐसी मान्यता है कि मगैणी जोत पर मानसरोवर में विहार करने वाले हंस विश्राम करते हैं।

पुरातत्व चेतना संघ मंडी द्वारा स्वर्गीय चन्द्रमणी कश्यप राज्य पुरातत्व सम्मान से सम्मानित डॉक्टर जगदीश शर्मा का कहना है कि श्रीकृष्ण कृपा धाम परिक्रमा मार्ग वृंदावन के महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज जी के सानिध्य मे दो दिन अरसु मे श्रीखंड सेवादल के प्रधान और श्रीकृष्ण परिवार के प्रधान गोविंद राम शर्मा द्वार आयोजित सत्संग में शामिल होकर अरसु सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं के दर्शन का सौभाग्य मिला। महामंडलेश्वर गीता मनीषी ज्ञानानंद ने कहा कि गीता केवल कोई सामान्य ग्रंथ नहीं, गीता मां है, वात्सल्यमयी, करुणामयी मां है।

## बगोड़ा-टिकरू मार्ग आवाजाही के लिए बंद

**लडभड़ोल ।** लडभड़ोल तहसील क्षेत्र के तहत बगोड़ा-मोरड़ुघ-संलन-टिकरू सड़क को पक्का करने कार्य शुरू किया जाएगा, जिसके चलते 15 दिनों तक पूर्णतः यातायात बंद रहेगा। लोक निर्माण विभाग लडभड़ोल के कनिष्ठ अभियंता राकेश गुप्ता ने बताया कि बगोडा-मोरडुघ-संलन-टिकरू सड़क को पक्का करने का कार्य विभाग सोमवार को शुरू करेगा। इसके चलते 6 मई तक यह सड़क 15 दिनों तक बंद रहेगी। उन्होंने इस दौरान क्षेत्र की जनता से सहयोग की अपील की है। उन्होंने बताया कि इस सड़क में पक्का करने का कार्य किया जाएगा, तो सभी वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी।




# दलितों का कांग्रेस ने किया शोषण : चेतराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

आरक्षण को लेकर कांग्रेस और विपक्षी दलों द्वारा लगातार किए जा रहे भ्रामक प्रचार और देश के गृहमंत्री के झूठे वीडियो को सोशल मीडिया में जारी करने को दलित और वंचित वर्ग के साथ भद्दा मजाक करार दिया है।

कांग्रेस पार्टी को दलित विरोधी करार देते हुए भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चेतराम ने विपक्ष के इस कृत्य पर बड़ा बयान देते हुए कहा कि आजादी के बाद लगभग छह दशकों तक इस वर्ग का जमकर शोषण कांग्रेस सरकारों ने किया और अब जब प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से जब यह समाज सशक्त हुआ है तो विपक्षी दल बौखलाहट में हैं और बहुत निचले स्तर की हरकतें कर रहा है।



उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों के कार्यकाल में केंद्र सरकार की लगभग सभी योजनाओं में दलित समाज को केंद्र में रखा जाता है, जिसका परिणाम यह है कि पहले जिस वर्ग को समाज पर बोझ समझा जाता था और विकास के लिए जिसे बोझ समझा जाता था आज वही वर्ग मोदी के नेतृत्व में विकास की मुख्य धारा में शामिल हुआ है और राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका भी निभा रहा है। जहां कांग्रेस दलित शब्द ही मात्र वोट बैंक के लिए लेती है वहीं भाजपा के लिए यह वर्ग राष्ट्र निर्माण का अभिन्न हिस्सा है।

आज प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 70 प्रतिशत पक्के मकान दलितों को दिए जाते हैं, मुद्रा लोन के तहत आधे से ज्यादा दलितों और वंचितों को लाभान्वित किया जाता है जो सराहनीय है और आजादी के बाद पहली बार हुआ है। उन्होंने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा की सोची समझी साजिश के साथ कांग्रेस पार्टी दलितों और अन्य पिछड़ी जातियों के अधिकारों को वर्ग विशेष की ओर स्थानांतरित करने का षड्यंत्र रच रही है जिसका सबसे बड़ा उदाहरण कांग्रेसी घोषणा पत्र है।

## न्यूज ब्रीफ

### 'देबकू एक प्रेमकथा' अंग्रेजी में होगी प्रकाशित

**मंडी ।** हिंदी के पाठकों की तरह अंग्रेजी के पाठक भी अब इस मशहूर लोकगीत के मर्म, मंडी रियासत के इतिहास और सांस्कृतिक विरासत से रू-ब-रू होंगे। साहित्यकार मुरारी शर्मा द्वारा लिखित इस उपंयास का अनुवाद हाल ही में युवा साहित्यकार अनुवादक पंकज दर्शी ने किया है। पंकज दर्शी कहते हैं कि मेरा मंतव्य हिमाचल में लिखे गए साहित्य को विश्व पटल पर लाना है, यह प्रयोग और कोशिश अब सफलता की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि देबकू एक प्रेमकथा तीसरा ऐसा उपन्यास है जिसका अनुवाद मैंने स्वेच्छा से किया है। इस उपंयास का अंग्रेजी अनुवाद पूरा हो गया है। अब यह विश्व भर के लोगों के लिए उपलब्ध होगा।




### छातर गांव में आरोपी से अवैध शराब बरामद

**सुंदरनगर ।** गांव छातर में आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 2 हजार एमएल अवैध शराब बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम गश्त के दौरान जुगाहन क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने आरोपी केहर सिंह (63) पुत्र मोती राम गांव छातर डाकघर जुगाहन तहसील सुंदरनगर जिला मंडी के कब्जे से 2 हजार एमएल अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी सुंदरनगर नानक चंद ने कहा कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है। मामले आगामी कार्रवाई जारी है।

### विद्यार्थियों ने भाषण से मतदाता किए जागरूक



**सुंदरनगर ।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा ने बताया कि स्वीप टीम द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलेली में विभिन्न गतिविधियां करवाई गई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता पर तैयार भाषण से जनमानस को जागरूक किया गया तथा नारा लेखन के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया। इस स्वीप टीम में देवेंद्र कुमार, प्रवीण शर्मा, दिनेश शर्मा, भीमा व नैना सहित अन्य उपस्थित रहे।

### प्रशांत बने कनिष्ठ अभियंता संघ के जिला प्रधान

**मंडी ।** प्रशांत शर्मा को हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग कनिष्ठ अभियंता संघ का जिला मंडी प्रधान चुना गया है। लोक निर्माण विभाग मध्य जोन के मुख्य अभियंता कार्यालय सभागार में निर्वाचन अधिकारी एवं प्रदेश मुख्य सलाहकार रविंद्र शर्मा राज्य अध्यक्ष राजीव शर्मा की देखरेख में यह चुनाव संपन्न हुए। इस मौके पर डीसी भारद्वाज भूतपूर्व आल इंडियन फेडरेशन ऑफ डिप्लोमा इंजीनियर सुरेश कौंडल के प्रधान, सुरेश कौशल प्रधान डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन, विजय धीमान महासचिव, कुलदीप शर्मा भूतपूर्व मंडी जोन के प्रधान आदि मौजूद रहे। इन चुनावों में प्रशांत शर्मा को प्रधान, देव राज ठाकुर को वरिष्ठ उपप्रधान, धवल कुमार महासचिव, तनवी भारद्वाज वित्त सचिव, जितेंद्र ठाकुर व साहिल ठाकुर उपप्रधान, राज कुमार संयुक्त सचिव, आकाश चौहान संगठन सचिव, प्रेस सचिव विकास गुलेरिया व मंडल सचिव प्रेरणा गौतम सुंदरनगर को चुना गया।

### तीन दिवसीय क्रिकेट ट्रॉफी मैच संपन्न

**जोगिंद्रनगर ।** जीवन में खेलों का बहुत बड़ा महत्व है शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थी जीवन में खेलों का समावेश उस विद्यार्थी के चरित्र निर्माण में एक अहम भूमिका निभाता है उन्हीं खेलों के महत्व को विद्यार्थियों के जीवन में सिंचित करने के लिए है द्रुब्बल में चल रहे तीन दिवसीय क्रिकेट ट्रॉफी मैच का समापन हुआ इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में एक पहल माउंटेन सेवा समिति चेयरमैन जीवन ठाकुर ने शिरकत की। इस अवसर पर मैच संयोजक राहुल ठाकुर नंदन ने मुख्य अतिथि को शाल टोपी पहनाकर व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। जीवन ठाकुर ने कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ उनका सर्वांगीण विकास करना भी है। उन्होंने कहा आज का युवा नशे के दल-दल में धंसता जा रहा है। यदि आज का युवा शिक्षा के साथ साथ खेलों में अपनी सहभागिता निभाता है तो उसे नशे के दल-दल से बचाया जा सकता है। इस अवसर पर सौरभ ठाकुर धीरज, अभिषेक कपूर, मदन ठाकुर,ग्राम पंचायत पूर्व प्रधान ताराचंद, देशराज पूर्व उपप्रधान ग्राम पंचायत द्रुब्बल, तिलक राज शर्मा, वार्ड सदस्य अम्बारागढ, हंस राज, योग राज ठाकुर, श्याम सहित आदि मौजूद थे।



## लोहारड़ी पंचायत पर सरकारी धन का दुरुपयोग करने का मामला

# प्रधान ने आरोपों को बताया राजनीतिक षड्यंत्र

### कहा-टैंक बनाकर सरकारी धन का दुरुपयोग नहीं, सदुपयोग किया

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

बल्ह के उपमंडल की नई बनी ग्राम पंचायत लोहारड़ी के प्रधान रोशन बबलू पर सामान्य जाति को अनुसूचित जाति बताकर योजना के सरकारी धन का दुरुपयोग करने के आरोप लगे हैं। स्थानीय पंचायत निवासी शिकायतकर्ता तुलसीराम पुत्र रूप सिंह द्वारा एसपी मंडी को लिखे शिकायत पत्र के बाद पंचायत प्रधान लोहारड़ी के ऊपर केस भी दर्ज हो गया है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

शिकायतकर्ता तुलसीराम ने कहा कि प्रधान ने सरकारी योजना में एससी कॉम्पोनेंट के तहत झूठा जाति प्रमाण पत्र देकर घूरानू गांव में पानी का एक टैंक बनवाया है, जबकि उस गांव में कोई भी परिवार अनुसूचित जाति का नहीं है। इस मामले को लेकर शिकायतकर्ता ने एसपी मंडी से कार्रवाई करने का निवेदन किया था, जिस पर एसपी मंडी ने बल्ह थाना को केस दर्ज एवं जांच करने के आदेश दिए हैं।

वहीं लोहारड़ी ग्राम पंचायत प्रधान रोशन बबलू ने इस सारे मामले को राजनीतिक एवं बदले की भावना से प्रेरित बताया है। रोशन बबलू ने कहा कि शिकायतकर्ता ने उनके खिलाफ प्रधान का चुनाव लड़ा था, जिसमें शिकायतकर्ता की बुरी तरह से हार हुई थी। इस हार को शिकायतकर्ता तुलसीराम अभी तक पचा नहीं पाए हैं तथा उनके विरुद्ध कुछ न कुछ षड्यंत्र रचते रहते हैं। प्रधान रोशन बबलू ने कहा कि इससे पहले भी पंचायत के विकास कार्यों में शिकायतकर्ता तुलसीराम ने कई बार उन पर आरोप लगाए हैं व केस भी दर्ज करवाए हैं तथा जांच के बाद उन्हें हर बार मुंह की खानी पड़ी है। लोहारड़ी पंचायत प्रधान रोशन बबलू ने कहा कि विभाग ने टैंक बनाकर सरकारी धन का दुरुपयोग नहीं बल्कि सदुपयोग किया है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा यह कार्य जनहित एवं लोगों के विकास के लिए हुआ है न कि प्रधान को निजी तौर पर इस कार्य से कोई लाभ मिला है।

यह कार्य उस समय हुआ था जब दोनों पंचायतें एक ही पंचायत थी, जिसका नाम हल्यातर था व जिसके वे प्रधान थे। तब विभाग द्वारा इस टैंक से ऊपर के गांव में रह रहे अनुसूचित परिवारों को पानी लिफ्ट करके पहुंचाया जाना था, लेकिन हल्यातर की दूसरी नई पंचायत लोहारड़ी बन गई, जिसके वे मौजूदा प्रधान हैं और इस कार्य को उस समय बजट का प्रावधान न हो पाने से पानी लिफ्ट करवाने में देरी हो गई।

#### विभागीय जांच में करेंगे सहयोग

प्रधान ने कहा कि अगर उनके खिलाफ कोई केस दर्ज हुआ है तो वह प्रशासन एवं विभागीय जांच में पूरा सहयोग करेंगे। रोशन बबलू ने कहा कि पंचायत के विकास कार्यों के प्रति उनकी मंशा व इरादे जरा से भी गलत नहीं है तथा जनता के विकास एवं हित के लिए उन्हें विभागीय जांच या अन्य किसी भी कार्रवाई से गुजरा पड़े तो वह इसमें पूरा सहयोग करेंगे।

## पुलिस ने105 वाहनों के काटे चालान

**चंबा ।** जिला चंबा में पुलिस विभाग न केवल वाहन चालकों के चालान कर रही है बल्कि उन्हें यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक भी कर रही है। इसी मुहिम के तहत पुलिस ने रविवार को लापरवाह वाहन चालकों पर शिकंजा कसते हुए 105 चालान काटे गए। पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने बताया कि इस दौरान कुछ वाहन चालकों के पास कागजी दस्तावेज पूरे न होने के कारण व कुछ के यातायात नियमों की अवहेलना करने पर चालान काटे गए।

## प्रभावित किसानों को जल्द दिलवाया जाए मुआवजा

**चंबा ।** गत माह हुई भारी बारिश व ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा किसानों को अभी तक नहीं मिल पाया है। इस वजह से उपमंडल सलूणी के लोगों प्रशासन के प्रति बहुत रोष पनप गया है। ग्राम पंचायत सुंडला और ठाकरीमटी में लोग खुमानी और पलम का उत्पादन करते हैं। लेकिन पिछले सप्ताह हुई ओलावृष्टि से ये फसलें पूरी तरह से तबाह हो गई हैं। ग्रामीणों में पवन कुमार, देस राज, विनय कुमार, दलीप सिंह, हेम राज आदि ने प्रशासन से मांग मुआवजे की मांग की है।

# एसडीएम इलेवन ने बार इलेवन को चार विकेट से हराया


बार और एसडीएम इलेवन के मैच की विजयी टीम सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

मतदाता जागरूकता के लिए चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत चौंतड़ा मैदान में बार इलेवन और एसडीएम इलेवन के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बार इलेवन की टीम ने निर्धारित 20 ओवर से पहले ऑल आउट होकर 115 रन बना पाई। बार इलेवन में सर्वाधिक रन राजेश ने 28 रन और दीपक राणा ने 21 रन बनाए जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए एसडीएम इलेवन की टीम 4 विकेट से मैच जीता।

एसडीएम इलेवन की ओर से सबसे अधिक रन नायब तहसीलदार प्रिस धीमान ने 35 रन बनाए व एसडीएम मुनीश चौधरी ने 2 रन व दो विकेट ली, तहसीलदार डाक्टर मुकुल अनिल शर्मा ने 1 रन व 2 विकेट ली पटवारी विजय राणा ने 15 रन आनंद मुरती ने 22 रन, दीपन ठाकुर ने 10 रन और ईआरओ एमसी आदित्य ने 15 रन बनाए शानदार बल्लेबाजी व गेंदबाजी के लिए नायब तहसीलदार प्रिस धीमान को मैन ऑ द मैच चुना गया। मैच शुरू होने से पहले सभी खिलाड़ियों को एक जून को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। जोगिंद्रनगर एसडीएम मुनीश चौधरी ने बताया कि चुनाव में मतदाताओं की शतप्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने, मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

#### मतदाता जागरूकता के लिए करवाया क्रिकेट मैच

इसी कड़ी में चौंतड़ा मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि एक जून को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए सभी मतदान में भाग लें।

# 219 करोड़ से करवाया सड़कों का निर्माण : राकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

राज्यसभा चुनावों में कांग्रेस ने ट्रेलर देखा है 4 जून को जब पूरी फिल्म सामने आएगी तो कांग्रेस के छक्के छूट जाएंगे। मुख्यमंत्री सुक्खू के ब्यान जयराम ठाकुर फ्लॉप डायरेक्टर पर पलटवार करते हुए मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जमवाल ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू यह भूल रहे हैं कि 43 विधायकों वाली कांग्रेस को राज्यसभा चुनावों में किस तरह मात खानी पड़ी और 43 से उल्टा 34 पर पहुंच गए। उस हार को वे पचा नहीं पा रहे और बौखलाहट में बेसिर पैर की बयानबाजी कर रहे है। कांग्रेस को चुनावों से पहले ही पता चल गया है कि वे हारने वाले है इसलिए उनके नेता जनसभाओं में मतदाताओं को माता चिंतपूर्णी की कसम देते नजर आ रहे है जो कि चुनाव नियमों की अवहेलना है।

विधायक राकेश जमवाल ने कहा आज यहां के प्रत्याशी विक्रमादित्य यह प्रचार कर रहे है कि सलापड़-तातापानी सड़क का दौरा करने मात्र से सड़क बन गई परंतु में में बता देना चाहता हूं कि इस सड़क के लिए 219 करोड़ रुपए की राशि प्रधानमंत्री मोदी से लेकर आया और सड़क का निर्माण करवाया। विक्रमादित्य को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें चर्चा में बने रहना पसंद है बाकि जमीनी हकीकत से उनका दूर दूर तक कोई वास्ता नहीं।

भाजपा प्रत्याशी को डिबेट पर बुलाने का जो स्टंट खेल रहे उनको सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं आप अपना आईक्यू भी चेक करवा ले कि आप में कितनी सूझबूझ है। अपने फेसबुक पोस्ट पर नेताजी कहते हैं कि 8 फरवरी को सालापड़-तातापानी सड़क जोड़ने के निर्देश दिए और 30 जनवरी को विभाग ने वह कार्य पूरा भी कर दिया इसके लिए वो बधाई के पात्र है।

# मर्यादा में रहकर बात करें कंगना : सोहनलाल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

पूर्व संसदीय सचिव एवं विधायक सोहन लाल ठाकुर ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र सुंदरनगर के दुर्गम क्षेत्र निहरी का एक दिवसीय दौरा किया। सोहन लाल ठाकुर ने स्थानीय कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ अहम बैठक की। सोहनलाल ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को क्षेत्र में घर-घर जाकर मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के पक्ष में वोट मांगने की अपील की।

सोहनलाल ठाकुर ने कहा कि भाजपा की प्रत्याशी कंगना रनौत एवं सुंदरनगर के विधायक राकेश जंवाल कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। उन्हें मर्यादा में रहकर बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता मुख्य मुद्दों, महंगाई, रोजगार और विकास कार्यों की कोई भी बात नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि निहरी क्षेत्र के विकास के लिए कांग्रेस पार्टी ने कोई कमी नहीं रखी है। विक्रमादित्य एक ऐसे अनुभवी युवा हैं जो मंडी लोकसभा क्षेत्र की जनता के हक की पैरवी केंद्र सरकार में उठाएंगे।


निहरी का दौरा करते हुए पूर्व सीपीएम।

#### जयराम बल्ह एयरपोर्ट पर कर रहे राजनीति

**सोहन** लाल ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में पूर्व सीएम जयराम ठाकुर बल्ह में एयरपोर्ट के निर्माण की बात करते रहे। अब कांग्रेस पर एयरपोर्ट के कार्य को रूकवाने के आरोप लगा रहे हैं। जयराम बताएं कि एयरपोर्ट का कार्य उन्होंने कब शुरू किया था जो अब कांग्रेस उस कार्य को रुकवा रही है।

# हृदय रोग से ग्रस्त बच्चों का फ्री उपचार करवाएगा रोटरी क्लब

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

हिमाचल में हृदय रोग से ग्रस्त 6 माह से 18 साल की आयु के पांच हजार मरीजों का निशुल्क उपचार राष्ट्रीय रोटरी करवाएगा। इसके लिए 100 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत हुआ है। मंडी जिला के सुंदरनगर, नेरचोक, जोगिंद्रनगर और मंडी के अलावा हिमाचल के रोटरी क्लब 3070 के पंजीकृत 125 क्लबों में भी पात्र मरीजों को इसकी सुविधा मिलेगी।

रविवार को रोटरी क्लब के अध्यक्ष एनआर बरवाल, वरिष्ठ रोटेरियन अजय ठाकुर ने बताया कि राष्ट्रीय रोटरी के प्रभारी डॉ. महेश कोटबागी ने इस आशय की जानकारी देकर प्रदेश भर के सभी रोटरी क्लबों को 6 माह से 18 साल की आयु के ऐसे मरीजों की तलाश कर पंजीकरण की हिदायत दी है जो हृदय की गंभीर बिमारी से ग्रस्त हैं और उपचार के लिए सरकारी व निजी अस्पतालों में भटक रहे हैं।


रोटेरियन और बैठक की अध्यक्षता करते अध्यक्ष एनआर बरवाल।

उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब की अर्धमासिक बैठक में भी प्रस्ताव पारित कर मंडी जिला समेत जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के 6 माह से 18 साल की आयु के मरीजों के पंजीकरण शुरू कर दिए हैं। बताया कि देश के बड़े अस्पतालों में हृदय के रोगों के ऑप्रेशन निःशुल्क होगें। इनमें पात्र मरीजों को चिन्हित कर राष्ट्रीय रोटरी को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

इससे पहले रोटरी क्लब के अध्यक्ष एनआर बरवाल ने बताया कि रोटरी के पायलेट प्रोजेक्ट में शामिल स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सरोकारों में भी सहभागिता इस साल अधिक से अधिक दर्ज करवाई जाएगी। बैठक में मौजूद सचिव विनोद राठौर ने रोटरी की पूर्व की गतिविधियों की जानकारी दी और आय व्यय की जानकारी के साथ क्लब के सम्मानित रोटेरियनों की सहभागिता पर भी अपनी बात रखी। बैठक में रामलाल वालिया, रोटेरियन डॉ. अनिल चौहान, चंद्रभूषण शर्मा, शशि कुमार, मेजर ज्ञान चंद बरवाल, सुशील पठानिया, अमर सिंह आदि ने सुझाव दिए।

# नेकराम से मोटे अनाज के फायदे जानेंगे धर्मपुर के किसान

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

धर्मपुर किसान उत्पादक संघ पद्मश्री नेक राम से मोटे अनाज की जानकारी प्राप्त करने के लिए 7 और 8 मई को करसोग ब्लाक का दौरा करेगा।

एफपीओ के अध्यक्ष सतपाल चौहान और सचिव भूपेंद्र सिंह की अगुवाई में 40 किसानों का दल 7 मई को बरोहकड़ी-झूंगी और चुराग स्थित माहूंनाग दो एफपीओ का अध्ययन करेगा और 8 मई को पद्मश्री डॉक्टर नेकराम शर्मा के गांव नांज-करसोग का दौरा करेगा।

एफपीओ धर्मपुर ने गत वर्ष भी इस दिशा में कुछ प्रयास किए थे और कोदरे के लड्डू, चाय व अन्य उतपाद बनाने के लिए उनसे प्रशिक्षण प्राप्त किया था जिसके चलते सिद्धपुर पंचायत के एक महिला समूह ने पांच लाख रुपए के लड्डू भी बिक्री किए हैं और चाय भी बिक्री की है।

अब इस साल इसे बड़े पैमाने पर उगाने और कोदरे के अलावा अन्य मोटे अनाजों की भी खेती की जाएगी। इसी प्रकार साईं बाबा फाउंडेशन धर्मपुर के संस्थापक राजकुमार वर्मा के सहयोग से भी पौधों का कैंप करवाया जाएगा।

## परेशानी

### समस्या से निजात के लिए स्थानीय प्रशासन और नगर परिषद से की सहयोग की अपील

# बेसहारा पशुओं के मामले में कई सामाजिक संगठन हुए लामबंद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

नगर परिषद सुंदरनगर में बेसहारा पशुओं से परेशान जनता को राहत दिलवाने के लिए मानव सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश चंद बंसल की अध्यक्षता में रविवार को एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सुंदरनगर के विभिन्न समाजसेवी संगठनों के अलावा संयुक्त व्यापार संगठन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस मौके पर सभी ने एक साथ मांग की है कि क्षेत्र के बाजार, सड़कों और हाईवे पर घूम रहे बेसहारा पशुओं को प्रशासन के


विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि सामूहिक चित्र में।

सहयोग से हटाया जाए। संयुक्त व्यापार संगठन के अध्यक्ष सुरेश कौशल ने कहा कि उपमंडल के मुख्य भोजपुर बाजार में बेसहारा बैलों के आतंक से ग्राहक और दुकानदार परेशान है। पिछले दिनों ये बैल कई दुकानों में घुसकर नुकसान पहुंचा चुके है। उन्होंने कहा कि स्थानीय नगर परिषद और प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है।

#### जल्द ही प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर स्थिति से करवाया जाएगा अवगत

इस मौके पर सभी ने आम सहमति बनाई कि जल्द ही प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से स्थिति से अवगत करवाया जाएगा, जिससे समस्या के हल को लेकर त्वरित कार्रवाई अमल में लाई जा सके। वहीं प्रकाश बंसल ने कहा कि यह मामला केवल बेसहारा पशुओ के साथ मानवता का भी है। बेसहारा पशु गाड़ियों की चपेट में आने से आए दिन जख्मी हो रहे है।

उन्होंने कहा कि इस मामले पर सभी स्थानीय सामाजिक संगठनों का एक साथ सामने आना सराहनीय कदम है। इस मौके पर आश्रय फाउंडेशन के अलावा कई अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव रखे। इस मौके पर सुनील कुमार, नरेंद्र सिंह, राजेश कलसी, प्रवेश शर्मा, रोहित, जेपी वर्मा, हंसराज, फीट ऑफ फायर अकादमी के एमडी अमित भाटिया सहित अन्य संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत करवाया मैच

# डीसी और एसपी इलेवन के बीच क्रिकेट मैच ड्रॉ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मतदाता जागरूकता के लिए चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत पड्डल मैदान में डीसी इलेवन और एसपी इलेवन के बीच खेला गया मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच ड्रॉ हो गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डीसी इलेवन की टीम ने बंटी 38 रन और जय सिंह 23 रन की बदौलत निर्धारित 15 ओवर में 6 विकेट खोकर 135 रन बनाए, जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए एसपी इलेवन की टीम 4 विकेट खोकर 15 ओवर में 135 रन ही बना सकी।

अंतिम ओवर में एसपी इलेवन की टीम को जीत के लिए 13 रनों की जरूरत थी परंतु केवल 12 रन ही बने और मैच ड्रॉ हो गया। शानदार बल्लेबाजी के लिए जय ठाकुर को मैन ऑ द मैच चुना गया। दोनों टीमों को मुख्यातिथि मंडलायुक्त मंडी राखी काहलो ने ट्राफी देकर सम्मानित किया।


दोनों टीमों को सम्मानित करती हुई मंडलायुक्त मंडी राखी काहलो।

क्रिकेट मैच का आयोजन सहायक निर्वाचन अधिकारी मंडी सदर 33 विधानसभा द्वारा किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि चुनाव में मतदाताओं की शतप्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने, मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पूरा जिला में स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में पड्डल मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# कोहल्ड़ी में बिजली की आंख-मिचौनी

अनंत ज्ञान, चंबा

पंचायत कोहल्ड़ी के विद्युत उपभोक्ताओं में विद्युत आंख मचौनी का दर्द एक लंबे अर्से से सहन कर रहे है। क्षेत्र ग्रामीणों का विद्युत बोर्ड चंबा पर आरोप है कि उन्हें सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति हो रही है। खेत्र में किस समय बिजली गुल हो जाती है। इस बारे में कई बार ग्रामीण उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत बोर्ड कर्मियों व अधिकारियों को चेताने के बाद भी इस दिशा में कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठ पाए है। जिसके चलते ग्रामीणों में बोर्ड के प्रति गहरा रोष पनप रहा है।

पंचायत कोहल्ड़ी के ग्रामीण विद्युत उपभोक्ताओं में विनीत, पवन, अमित, नीरज, योगेंद, हेम राज, अनिश कुमार, सरना राम, रवि कुमार, अनुज कुमार, छविन्द्र कुमार, रोशन लाल, प्रेम चंद, मनोज, राकेश कुमार, सुरेश, अजय कुमार, सूरज, विनोद, संजय सिंह, राम लाल, सुदर्शन, भाग चंद, नितिन, प्रकाश, चमन, नरेंद्र कुमार, अभिषेक, अर्चना, संगीता, कल्पना, रानी, सरोज, आशा, मधु व कृष्णा, का कहना है कि क्षेत्र में मौसम खराब हो या सामान्य हो क्षेत्र की बिजली गुल होना आम सी बात बन गई है। जिसे ठीक करवाने के लिए क्षेत्र लाइनमैनों को ग्रामीणों को ढूंढ़-ढूंढ़ कर विद्युत व्यवस्था को सुचारू करवाना पड़ रहा है। जबकि समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई व्यापक कदम नहीं उठ पाए है।

> कोहल्ड़ी पंचायत क्षेत्र विद्युत लाइनों का निरीक्षण करवा यहां उपज रही विद्युत समस्या का जल्द स्थायी समाधान करवाया जाएगा।
> -अजय कुमार, सहायक अभियंता विद्युत बोर्ड चंबा।

# आवारा कुत्तों से चंबावासी परेशान, प्रशासन करे समाधान

अनंत ज्ञान, चंबा

जिला मुख्यालय में आवारा कुत्तों की बढ़ती तदात व आतंक ने लोगों की परेशानी में और भी इजाफा कर डाला है। मुख्यालय में आलम यह है कि शहर की मुख्य सड़कों से लेकर वार्ड की गलियों में आवारा कुतों के झुंडों के झुड घूम रहे है।

हालांकि शहर वासियों ने कई बार उक्त समस्या संबंधी विभाग अधिकारियों समक्ष गुहार भी लगाई है, लेकिन इसके बावजूद भी लोगों को इस दिशा में कोई राहत नहीं मिल रही है।

शहर वासियों में रोशन लाल, प्रेम चंद, अविनाश, मनोज, राजदीन, राकेश कुमार, सुरेश, प्रवीण, अजय कुमार, सूरज, विनोद, संजय सिंह, भावना व अंजलि आदि का कहना है कि पिछले कुछ माह से चंबा में न लावारिस पशुओं जहां तदात कम हुई है। वहीं मुख्यालय में बढ़ रहे अवारा कुत्तों के आतंक से सड़कों पर चला मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस दिशा में जल्द उचित कदम उठा कर राहत दिलवाई जाए।

# चंबा-खजियार मार्ग की हालत खस्ता

अनंत ज्ञान, चंबा

पर्यटक स्थल खजियार मार्ग की हालत दिन प्रतिदिन खस्ता अवस्था ओर अग्रसर हो रही है। जिसके चलते क्षेत्र संबधी ग्रामीणों ने कई बार संबधी लोक निर्माण विभाग समक्ष मार्ग सुधार की गुहार लगाई जा चुकी है। मगर मार्ग की हालत जस की तस बरकरार है।

हालांकि इन दिनों पर्यटन सीजन के चलते खजियार में पर्यटकों की काफी भरमार है। मगर मुचायड़ी सड़क की खास्ता हालत देख कई पर्यटक व स्थानीय लोगों में जिला प्रशासन व संबंधी विभाग के विरुद्ध काफी नाराजगी व्यक्त की जा रही है। चंबा-खजियार मार्ग की खस्ता होने के आलम से यहां कई बार छिटपुट वाहन दुर्घटनाएं घटित हो चुकी है। जबकि बारिश के दिनों में मुचायड़ी पंचायत मार्ग पर समस्याएं ओर भी बढ़ गई है। मार्ग पर पड़े खड्डों में जगह जगह पानी एकत्रित होने से राहगीरों मार्ग गुजरते दौरान अक्सर भ्रमित हो दुर्घटना का शिकार हो जाते है।

वहीं मार्ग के चौड़ाई निर्माण कार्य के लिए साथ लगती पहाड़ियों से भू-स्खलन से मार्ग को नुकसान पहुंच रहा है। चंबा-खजियार मार्ग पर भू-स्खलन की वजह से कई स्थलों से मार्ग पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त अवस्था पहुंच चुका है। जबकि मार्ग के कई स्थलों पर क्रैश बैरिकेटस का अभाव से भी जूझ रहा है। क्षेत्र ग्रामीणों में तूती सिंह, हितेश, सुरेंद्र, विरेंद्र, मुकेश, किरण, आशा, सुभद्रा, प्रवीण, सीमा, सविता, कृष्णा, मधु, सुभाष, अरविंद, प्रकाश, हेमराज व रिक्की आदि ने लोनिवि चंबा से गुहार लगाई है कि इस दिशा में जल्द से जल्द व्यापक कदम उठा बाहरी पर्यटकों सहित जिला के लोगों को उक्त मार्ग से उत्पन्न होने वाली समस्या से निजात दिलवाई जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### चंपावती मंदिर में गूंजे दिव्य बीज मंत्र

**चंबा।** मुख्यालय में स्थित चंपावती मंदिर में रविवार को दिव्य बीज मंत्रों का सामूहिक पाठ किया गया। साथ ही साथ सत्संग के संयोजक जसवंत ठाकुर ने कहा कि महामंडलेश्वर श्रीकुमार स्वामी महाराज कहते हैं कि आज सारे विश्व में दुख, पीड़ा, कष्ट और समस्याएं हैं। कभी धन प्राप्त हो जाता है तो तन ठीक नहीं होता और उस धन का भोग नहीं कर पाते। कभी तन ठीक होता है तो धन नहीं होता। धन को प्राप्त करने के लिए दिन रात मेहनत करते हैं, लेकिन कुछ हाथ नहीं लगता। कभी सुख है तो कभी दुख है, लेकिन स्थायी रूप से कोई सुख नहीं रहता। ऐसा कोई भी व्यक्ति संसार में नहीं है जिसे दुख न हो। लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी दुख दूर नहीं होते। धन से साधन तो मिल सकते हैं, लेकिन सुख नहीं मिलता। मनुष्य को केवल नेकी के बारे में सोचना चाहिए अर्थात बिना फल की इच्छा किए कर्म करना चाहिए। साथ ही साथ भजन किर्तन के साथ भगवान को याद किया।

### नेटवर्क न होने से बीएसएनएल उपभोक्ता परेशान

**चंबा।** जिला चंबा में पिछले लंबे समय मे चल रही बीएसएनएल की लचर व्यवस्था से उपभोक्ताओं को अभी तक कोई राहत नहीं मिली है। हालात यह है कि जिला में आए दिन बीएसएनएल का नेटर्वक गुल होने के साथ ही उपभोक्ताओं को वन साइड नेटवर्क का भी सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते उन्हें भारी दिक्कते झेलनी पड़ रही है। लिहाजा जिला में बीएसएनएल की लचर व्यवस्था को लेकर उपभोक्ताओं ने निगम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उपभोक्ताओं में नरेश कुमार, किरण कुमार, सुमन कुमार, जग्गो राम, पवन और अजय कुमार ने बताया कि चंबा जिला में बीएसएनएल द्वारा सुविधाए देने के जितने भी दावे किया जाते है वह सब खोखले है। उन्होंने बताया आए दिन जिला के विभिन्न क्षेत्रों में बीएसएनएल का सिग्नल गुल होने के चलते उन्हे भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### मतदान की दिलाई शपथ



मंडी के मतदान केंद्र 78- चुरासनी में लोगों ने मतदान की शपथ ली।

# झोलाछाप डॉक्टरों के चल रहे ओपन क्लीनिक

## लोगों की सेहत से हो रहा खिलवाड़, प्रशासन को नहीं परवाह

आरके रांगड़ा, चंबा

नीम-हकीम जान को खतरे में डाल कर चंबा जिला को जकड़ते नजर आ रहे हैं। वहीं जिला प्रशासन से लेकर स्वास्थ्य व पुलिस विभाग सब कुछ जानते हुए भी इन हकीमों के अवैध सड़क छाप क्लीनिक पूर्ण रूप से बंद करवाने की बजाय किसी की शिकायत या खबर प्रकाशन के पश्चात एक या दो दिन कार्रवाई कर हाथ पर हाथ रखकर बैठ जा रहे है।

वहीं झोलाछाप डॉक्टर भी मामले का गरमता देख कुछ दिन शहर का रूख छोड़ ग्रामीण क्षेत्रों को रूख कर लेते है और जैसे ही मुख्यालय में परिस्थितियां शांत होती है यह फिर से अपनी दस्तक दे देते है। जिला में घूम रहे ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों के इस चक्रव्यू में जिला के कई भोले-भाले रोगियों की जिंदगियां लगातार दाव पर लग रही है।

गौर हो कि झौलाछाप डॉक्टरों ने अपनी ओपन क्लीनिक चंबा चिकित्सालय समक्ष तक लगाने से गुरेज नहीं करते है। वहीं विभाग इस दिशा कार्रवाई की बजाय चुप्पी साधे रहता है। झोलाछाप डॉक्टरों के पास ऐसा कोई रोग नहीं था जिसका वह उपचार शत-प्रतिशत ठीक होने का दावा न करते हो, जिसमें जोड़ों का दर्द, कमर का दर्द, गठिया, हड्डी के टूटने या ठीक आकार में न जुड़ने, चोट लगने गंदा खून का एकत्रित होना, दमा, शूगर, ब्लड पराशर, दांत, मोटापा, पतलेपन सहित हर उस रोग का दावा कर रहा जो कि भीड़ में खड़े व्यक्ति पर सब रोग नाम आने की देर थी।


झोलाछाप डॉक्टर लोगों को विभिन्न रोगों के तहत गुमराह करता हुआ।

इन चलते फिरते हकीमों ने इंसान की रोजमर्रा के पांव से लेकर सिर तक रोगों का अध्ययन अपनी अंगुलियों पर इस कदर किया है कि एक सांस में करीब पंद्रह रोगों का ठीक करने का दावा पलक झपकते ही कह जाते है। उनके इस चक्रव्यू में निरक्षर रोगी ही नहीं बल्कि शहर के पढ़े लिखे रोगों के उपचार से निराश रोगी या उनके परिजन भी हो रहे है। जिसका मुख्य कारण विभाग की ओर से रोगियों का कम उपचार मार्ग-दर्शन या फिर उनकी उपचार करवाने आगे मंहगे उपचार निर्वाह करने की क्षमता का न होना सामने आ रहा है। जिसका भरपूर फायदा जिला में घूम रहे झोलाछाप डाक्टर उठा रहे है।

मुख्यालय व उपमंडलों में फेरी या जगह-जगह अवैध क्लीनिक लगा रहे झोलाछाप डॉक्टरों को रोकने के लिए न स्वास्थ्य विभाग अधिकारी अधिक जहमत नहीं उठा रहे है। मगर इस दिशा में जिला पुलिस विभाग कभी कभार इन झोलाछाप डॉक्टरों को सड़क के किनारों पर लगाई गई दुकानदारी की वजह से मार्ग अविरूद्ध होने पर या फिर किसी अधिकारी के आदेश पर खदेड़ा जा रहा है। इन पर प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी होगी। (अनंत ज्ञान)

**प्रशासन को करनी होगी सख्त कार्रवाई**

### लोगों को दिलवाया जाता है उपचार का विश्वास

लोगों में अपने उपचार का विश्वास जताने के लिए आधुनिक फोटोग्राफी का सहारा ले यह झोलाछाप डॉक्टर अकसर अपनी दुकानदारी दौरान नामी कई राष्ट्रीय व राज्यस्तरीय हस्तियों के साथ फोटो या फिर किसी नामी कंपनी का पत्र दिखा रहे है। लेकिन यह दस्तावेज कितने सत्यापित है यह बात कोई नहीं न जानता है और न ही जानने का प्रयास कर रहा है। जब मुख्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों व स्वास्थ्य विभाग की नाक तले ऐसा आलम पनप रहा हो तो जिला के उपमंडलों में स्थित लोगों के स्वास्थ्य सुरक्षा की तो बात ही छोड़ दो।

> सड़कों पर बिना लाइसेंस या डिग्री के देसी दवा बेचने, रोगियों की जांच करने वाले व्यक्तियों विरुद्ध सजा व जुर्माना दोनों बातों का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में विभाग जल्द ही एक विभागीय कमेटी गठित कर झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध अभियान छेड़ उन्हें चंबा से बाहर रास्ता दिखाने सहित कानूनी कार्रवाई अमल में लाएगा।
> -डॉ. जालम सिंह, जिला स्वास्थ्य अधिकारी चंबा।

# सरोल पंचायत में स्ट्रीट लाइटें बनी शोपीस, लोग परेशान

अनंत ज्ञान, चंबा

मुख्यालय की निकटवर्ती पंचायत सरोल में लोगों की सहुलियत के लिए स्थापित की गई स्ट्रीट लाईटें शोपीस बन गई है। हालात यह है कि पिछले तीन माह से उक्त लाइटें खराब होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों के समक्ष स्ट्रीट लाईटों को चुस्त-दुरूस्त करवाने के बावत गुहार लगाने के बाद भी संबधी विभाग से समक्ष भी मुद्दा उठाया जा चुका है।

स्थानीय लोगों में अशोक, सुरेश, महेन्द्र, लक्की, सुशील, चमन, कृष्ण लाल, सन्नी और बोवी ने बताया कि सरोल पंचायत अधीन कई गांव अभी भी स्ट्रीट लाइट अभाव से जूझ रहे है। वहीं कई गांवों व्यवस्थित स्ट्रीट लाइटें खराब हो चुकी है। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए लगाई गई स्ट्रीट लाइटें कई स्थनों पर तो पिछले तीन माह से खराब होने के कारण लोगों को रात के समय चलने मे भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने बताया कि स्ट्रीट लाइटों को ठीक करवाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों से कई बार गुहार लगाई गई है। मगर तीन माह बीत जाने के बाद भी संबंधी विभाग तक इस दिशा में कोई भी ठोस कदम नहीं पाए है। जिसके चलते लोगों ने विभाग व पंखयत प्रतिनिधियों से गुहार लगाई है कि इस दिशा में जल्द से जल्द उचित कदम उठाए जाए।

## यंग मुस्लिम एसोसिएशन चंबा चलाएगी नशा निवारण अभियान

**चंबा।** यंग मुस्लिम एसोसिएशन चंबा ने जिला में बढ़ते नशे के कारोबार से युवाओं को बचाने के लिए नशा निवारण अभियान आरंभ करने का निर्णय लिया है। यंग मुस्लिम एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष गुलजार खान ने बताया कि एसोसिएशन कार्यकारिणी ने चंबा विभिन्न क्षेत्र में अभियान को चलाएगी। जिसमें क्षेत्र दर क्षेत्र स्कूल, कॉलेज व संस्थानों को चयनियत कर वहां के युवाओं को नशों से होनी वाली हानियों से अवगत करवाएंगे। वहीं इस अभियान में नशे की लत में फंस चुके लड़कों व लड़कियों की नशे की लत छुड़वाने के लिए भी कार्य किया जाएगा। इस अभियान की सफलता के लिए एसोसिएशन कार्यकारिणी ने पदाधिकारियों व सदस्यों को विभिन्न वर्गों में विभाजित किया गया है। ताकि अधिक से अधिक क्षेत्र का ब्लाक वाइज अभियान के अंतर्गत शामिल किया जा सके।

# एक को जानो, एक को मानो : अनिल शर्मा

अनंत ज्ञान, चंबा

जिला चंबा के वार्ड हरदासपुरा स्थित निरंकारी भवन मुगला में रविवार को महात्मा अनिल शर्मा की अगुवाई में सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवा सत्गुरु महाराज के प्रवचनों को सुना।


सत्संग के दौरान मौजूद संगत और इनसेट में प्रवचन करते अनिल शर्मा।

निरंकारी श्रद्धालुओं को सत्गुरु बाबा हरदेव महाराज के प्रवचनों से रू-ब-रू करवाते हुए महात्मा अनिल शर्मा ने कहा कि आध्यात्मिकता एक यात्रा की तरह है, और इस यात्रा में कई पड़ाव हैं। मुख्य तौर पर इस यात्रा को दो भागों में बांटा जा सकता है, जिसका पहला भाग है – 'अज्ञानता से ज्ञान की और' पहले भाग की यात्रा अज्ञानता से शुरू होती है और इसमें एक पड़ाव आता है जिज्ञासा का। फिर एक पड़ाव आता है सदगुरु से रू ब रू होना और इस जिज्ञासा का शान्त हो जाना।

यानी की परमात्मा को जान लेना, या निराकार का बोध हो जाना। दूसरे भाग की यात्रा ज्ञान से शरु होती है, और भक्ति के पूर्णत्व की और बढ़ती है। जैसे कहा भी गया है एक को जानो, एक को मानो, एक में ही लील हो जाओ। इस निरंकार पर ब्रह्म को जान कर और फिर इसके उपर मनन करके इस ज्ञान को मान लेना भी एक पड़ाव है। अब इस निराकार-प्रभु परमात्मा को जान भी लिया, मनन करके मान भी लिया। इस मौके पर निरंकारी भवन मुगला प्रैस सचिव विनोद कुमार, सहित मुगला, हरदासपुरा, धड़ोग, जुलाकड़ी, उदयपुर, सरोल, करियां सहित अन्य मौजूद रहे।

## लोगों को मतदान की दिलाई शपथ

**गोहर।** एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने अपनी स्वीप टीम सहित मतदान केंद्र 78- चुरासनी का दौरा किया।

यह मतदान केंद्र नाचन विधानसभा का सबसे दुर्गम मतदान केंद्रों में से एक है। गोहर से वाया देवीदढ़ होते हुए बेहद कठिन पथरीले रास्ते से होते हुए और उसके बाद लगभग आधे घंटे की पैदल यात्रा के बाद एसडीएम की अध्यक्षता में स्वीप टीम चुरासनी के मतदान केंद्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला चुरासनी पहुंची।

एसडीएम गोहर ने लोगों को बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव नाचन में 81 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा गया है। एसडीएम गोहर ने मतदान केंद्र पर उपस्थित लोगों को मतदान शपथ दिलाई।

# आनंद ने हिमाचल को विकासशील बनाने में दिया योगदान : नीरज

एमएम डैनियल, चंबा

भाजपा के बाद कांग्रेस पार्टी ने भी चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में चुनाव अभियान तेज कर दिया है। चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा सात मई को चंबा सदर एक दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। इस संदर्भ में पुष्टि करते हुए चंबा सदर विधायक नीरज नैयर ने बताया कि सात मई सुबह साढ़े दस बजे पूर्व राज्यसभा सदस्य, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा चंबा पहुंचेंगे।

जहां वह जिला कांग्रेस कमेटी व ब्लाक कांग्रेस कमेटी पदाधिकारियों व सदस्यों से शिष्टाचार भेंट करेंगे। वहीं लोस चुनाव के तहत आगामी रणनीति भी सांझा करेंगे। उन्होंने कहा कि चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा ने अपने कार्यकाल में हिमाचल प्रदेश को विकासशील बनाने में अनेकों कार्यों योगदान दिया है। चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा जब केंद्रीय मंत्री थे तो उन्होंने कांगड़ा संसदीय क्षेत्र की विकास की गाथा लिखते हुए राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकीठ संस्थान (निफ्ट), टी बोर्ड मुख्यालय टी म्यूजियम सहित कंदरौर में औद्योगिक पार्क, विश्वविद्यालय, मंडी की आईआईआईटी को जहां खुलवाया गया। वहीं कांगड़ा की चाय व चंबा रुमाल को विदेशों विख्यात करने में सक्रिय भूमिका निर्वाह की है।


आनंद शर्मा व विधायक नीरज नैयर।

उन्होंने कहा कि विपक्ष में बैठी भाजपा नेता कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी आनंद शर्मा की लोस चुनाव में चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से जीत की प्रबल दावेदारी को देखते हुए बौखला गई है। जिसके चलते भाजपा नेता कांग्रेस के प्रत्याशी आनंद शर्मा को बाहरी व्यक्ति की संज्ञा देकर आम जनता को गुमराह कर रहे हैं। जबकि चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र प्रत्याशी आनंद शर्मा की जन्मभूमि राजधानी शिमला है और कर्म भूमि के रूप में वह राजधानी दिल्ली से हिमाचल प्रदेश के हितों को सदैव उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र प्रत्याशी आनंद शर्मा कांग्रेस पार्टी में कई पदों पर आसीन रह कर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को मजबूत करने में कई सराहनीय कार्य में अपना योगदान दें चुके हैं। जिसके चलते पार्टी हाईकमान ने उन्हें बतौर प्रत्याशी चुनकर चंबा-कांगड़ा हल्के का दायित्व सौंपा है।

सात मई को पार्टी बैठक के पश्चात जल्द ही चंबा, भटियात, चुराह व डलहौजी मतदाताओं से रू-ब-रू होने के जल्द ही विशाल जनसभाओं का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें पार्टी के दिग्गज नेता भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे।

## सूडोकु 0054 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0053 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |

# बिक्रम ने बंद मनरेगा कार्य के लिए सरकार पर लगाया आरोप

**परागपुर।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व उद्योग मंत्री तथा जसवां परागपुर से बीजेपी के विधायक विक्रम सिंह ठाकुर ने अपने हलके के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नलसूहा में बंद मनरेगा के लिए आरोप लगाते हुए इसके पीछे मुख्यमंत्री के रिश्तेदारों को जिम्मेदार ठहराया है। पूर्व मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नलसूहा पंचायत के अंदर ससुराल हैं जिस कारण उनके रिश्तेदार पंचायत के अंदर होने वाले विकास कार्यों में लगातार हस्तक्षेप कर रहे हैं। खंड विकास अधिकारी परागपुर भी इस पंचायत का दौरा कर चुके हैं लेकिन बार-बार चेतावनी देने के उपरांत भी इस पंचायत के समस्त विकास कार्य ठप पड़े हैं। विक्रम ठाकुर ने कहा कि नियमों के अंतर्गत पंचायत के लोगों ने मनरेगा में रोजगार की मांग फॉर्म नंबर 4 के माध्यम से बीडीओ ऑफिस परागपुर में की थी, जिस पर कार्रवाई करते हुए खंड कार्यालय द्वारा 30 मजदूरों का मस्ट्रोल लोक निर्माण विभाग को जारी किया गया था लेकिन मस्ट्रोल जारी होने के 5 दिनों के बाद भी संपर्क मार्ग पर मजदूरी का कार्य शुरू नहीं हुआ है।

# लोगों को रावी नदी में न जाने के आदेश जारी

अनंत ज्ञान, चंबा

चमेरा पावर स्टेशन-दो व तीन द्वारा जलाशय से सिल्ट निकालने के लिए इन दिनों से पानी छोड़ा जा रहा है। जिसके चलते चमेरा चरण परियोजना प्रबंधन ने लोगों को रावी नदी के किनारे न जाने का आह्वान किया है। चमेरा पावर स्टेशन-दो व तीन द्वारा जलाशय से सिल्ट निकालने के लिए रावी नदी में पानी कभी भी छोड़ा जा सकता है।

जिसके फलस्वरूप जलाशय के निचले हिस्सों में किसी वक्त भी नदी का जलस्तर बढ़ सकता है।

**जलाशय से सिल्ट निकालने के लिए छोड़ा जा रहा पानी**



एनएचपीसी प्रबंधन ने लोगों से आह्वान किया है कि वह उक्त समय में किसी भी परिस्थिति में नदी के किनारे न तो स्वयं जाएं और न ही अपने मवेशियों को नदी के किनारे जाने दें।

जिसके कारण जान जोखिम में अथवा अनहोनी के शिकार से लोगों को गुजरना पड़े। इसके साथ प्रबंधन ने शहर में पहुंच रहे प्रयटकों को चेतावनी देते हुए कहा कि रावि न उतरे, जिससे उनकी जान को खतरा हो सकता है।

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

6 मई, 2024, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :** 1946 (क्रोधी), **मास :** वैसााख, **तिथि** त्रयोदशीः (2:42) : **नक्षत्र :** रेवती (5:43), **पक्ष :** कृष्ण, **योगः** प्रीति (00:28) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:51-12:44), **राहुकाल** (7:16 -08:56)।

**विशेष दिन**

- 6 मई 2024 : मासिक शिवरात्रि आज।
- 06 मई 2024 : आज होंगे पंचक समाप्त।

**मेषः** अनजान लोगों से संबंध स्थापित होंगे। जीवनशैली में परिवर्तन से लोग अचंभित होंगे। आय के नए स्त्रोत सामने आएंगे।

**वृषभः** समझदारी से रुके कार्य पूरे करेंगे। यश प्राप्ति के योग हैं। व्यावसायिक कार्यप्रणाली सुधरेगी। नई योजना बनेगी। निवेश शुभ रहेगा। कुसंगति से हानि होगी।

**मिथुनः** कई दिनों से रुके कार्य पूरे होंगे। अपने व्यवहार को नम्र रखें। पिता की चिंता रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। सामाजिक कार्य में रुचि रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी।

**कर्क :** वाक चातुर्य से कार्यस्थल पर सभी का मन जीत लेंगे। जीवनसाथी की चिंता रहेगी। निवेश में हानि संभव है। दिल को ठेस पहुंच सकती है, धैर्य रखें।

**सिंह :** अपमानित होने से बेहतर है कि अपनी आदत सुधारें। व्यवसाय में लाभ हो सकता है। प्रेम-प्रसंग में सावधानी रखें, अन्यथा स्थिति बिगड़ सकती है।

**कन्या :** व्यवसाय में प्रयास सफल रहेंगे, उत्साह वृद्धि होगी। सुख के साधन मिलेंगे। शत्रु परास्त होंगे। पीड़ा रहेगी। यात्रा सुखद रहेगी।

**तुलाः** किसी के बारे में ज्यादा सोचना ठीक नहीं है। जल्दबाजी न करें, काम बिगड़ सकते हैं। अस्वस्थता रह सकती है। शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मसम्मान बढ़ेगा।

**वृश्चिकः** क्रोध की अधिकता से बने काम बिगड़ जायेंगे। राजकोप का सामना करना पड़ सकता है। अस्वस्थता रहेगी। भय का वातावरण बनेगा। यात्रादि से लाभ होगा।

**धनु :** कारोबार में उन्नति के अवसर मिलेंगे। सब को साथ में लेकर चलें। आर्थिक संकट संभव है। अचानक बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**मकरः** संतान के किए कार्य मन को सुख देंगे। गृहस्थ सुख मिलेगा, प्रसन्नता रहेगी। बकाया वसूली होगी। परिश्रम अधिक होगा। आजीविका के कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** निवेश कर सकते हैं। राजकार्य से जुड़े जातकों के लिए समय अनुकूल चल रहा है। अपने कार्यस्थल पर सहकर्मियों से विवाद संभव है।

**मीनः** सुख-सुविधा के सामानों पर खर्च होगा। पत्नी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। जिद न करें, परिजनों की बात मानें लाभ होगा। घर की साफ-सफाई करने में समय बीतेगा।

**पदोन्नती**

## मेडिकल ऑफिसर डॉ. विशाल महाजन बने मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा

# स्वास्थ्य योजनाओं का आम लोगों को मिलेगा लाभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा

जिला चंबा में सामान्य चिकित्सक से लेकर शिशु विशेषज्ञ सेवाओं सहित मेडिकल ऑफिसर पर कार्यरत रहे डॉ. विशाल महाजन को सरकार व विभाग द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। जिसकी खबर फैलते ही उनके प्रशंसकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र से विशेष भेंट में नपनियुक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल महाजन ने बताया कि उन्हें अपने सेवाकाल के दौरान बहुत बार विभाग की ओर से पदोन्नत के अवसर प्राप्त हुए, लेकिन जिला चंबा में चिकित्सों के अभाव विशेष तौर विशेषज्ञ के अभाव व स्थानीय लोगों की आवश्यकता को देखते हुए उन्होंने हर बार विभाग की ओर से मिले अवसर को स्वीकार नहीं किया।

उन्होंने कहा कि इसके बावजूद भी स्थानीय लोगों व विशेषकर शिशुओं की प्रार्थनाओं के चलते उन्हें चंबा में बीएमओ, चिकित्सा अधीक्षक, मेडिकल ऑफिसर पदों से नवाजा गया। वहीं अब उन्हें विभाग द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी के रूप में पदभार प्रदान किया गया है। जिसके लिए वह सरकार, विभााग व स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त करते है।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का आम लोगों को लाभ मिले, इसको जरूरी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सीएमओ पद पर विराजमान होने के बाद भी वह शिशु विशेषज्ञ के रूप में अपने कार्यकाल अवधि तक सदैव सेवाएं देते रहेंगे। जबकि जिला चंबा में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतरीन बनाने के लिए, स्वास्थ्य अभावों को दूर करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी।

### कई पुरस्कारों से हो चुके हैं डॉ. विशाल महाजन सम्मानित



**इंटरनेशनल** पब्लिशिंग हाउस ने अपने शानदार प्रदर्शन के लिए प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड की पहली श्रृंखला से सम्मानित किया गया था। पंडित जवाहरलाल नेहरू सरकारी मेडिकल कॉलेज (पीजे एनजीएमसी), ग्ररुप के शिशु रोग विशेषज्ञ विशाल मैजिक को उनकी उत्कृष्ट क्षमता और गतिविधि के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इंटरनेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली द्वारा 'प्राइड ऑफ इंडिया' पुरस्कार के लिए चुना गया था। इसके अतिरिक्त अन्य कई पुरस्कारों से डॉ. विशाल महाजन को नवाजा जा चुका है।

# सैंज मेले में महानाटी पर थिरकीं 521 महिलाएं

## डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने हरी झंडी दिखाकर महानाटी का किया शुभारंभ, खुद भी महिलाओं के साथ की नाटी

**अनंत ज्ञान, सैंज**

जिला स्तरीय सैंज मेले के तीसरे दिन रविवार को महानाटी का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिला मंडल, स्वयं सहायता समूह, आंगनबाड़ी वर्कर्स व आशा वर्कर्स सहित घाटी की लगभग 521 महिलाओं ने सामूहिक कुल्लवी नाटी में भाग लिया।

तीसरे दिन आयोजित यह महानाटी सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रही। महानाटी को देखने के लिए जहां प्रदेश भर के लोग लक्ष्मी-नारायण मेला मैदान सैंज पहुंचे। वहीं, विदेशी पर्यटकों ने भी इस कुल्लवी महानाटी को अपने कैमरों में कैद किया। इस अवसर पर डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश मुख्यातिथि रहीं और उन्होंने हरी झंडी दिखाकर महानाटी का शुभारंभ किया। लक्ष्मी-नारायण मेला मैदान में महिलाओं ने एक साथ पारंपरिक वेशभूषा में सामूहिक कुल्लवी नाटी डालकर जहां पुरातन संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया। वहीं, नशा निवारण, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और मेरा वोट मेरी ताकत थीम पर आधारित इस लोकनृत्य के माध्यम से मतदान जागरूकता फैलाने के अलावा महिला सशक्तिकरण बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का संदेश दिया। डीसी ने हजारों लोगों को संबोधित करते हुए महानाटी के इस सफल आयोजन के आयोजक मंडल को बधाई देते हुए कहा कि सभी की कड़ी मेहनत से महानाटी आयोजित हुई है, जिसका श्रेय मेला कमेटी के सभी पदाधिकारियों को जाता है।


सैंज मेले के तीसरे दिन पारंपरिक कुल्लवी वेशभूषा में नाटी पर थिरकतीं महिलाएं।

### कुल्लू मतदान में रहना चाहिए सबसे आगे

डीसी ने सभी से वोट देने की अपील की और कहा कि कुल्लू मतदान में सबसे आगे रहना चाहिए। जिला स्तरीय सैंज मेले में वॉइस ऑफ सैंज, झांकियां और महानाटी आकर्षण का केंद्र बनी, जिसे देखने के लिए खूब भीड़ लगी रही और लोग अपने-अपने कैमरों में इस पल को कैद करने के लिए जहां स्थानीय लोग डटे रहे। वहीं, विदेशी पर्यटकों में भी इस पल को कैद करने की होड़ लगी रही।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एसडीएम बंजार पंकज शर्मा, तहसीलदार बंजार, नायाब तहसीलदार सैंज, स्वीप के प्रमुख डॉक्टर लाल सिंह, श्याम लाल हांडा, जिला प्रेस क्लब के प्रधान धनेश गौतम, पीआरओ बाल कृष्ण शर्मा, मेला कमेटी अध्यक्ष राजेश वशिष्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तेजा ठाकुर, महासचिव मोहर सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष धनी राम, टेकसिंह, प्रभा पलसरा, स्थानीय प्रधान खिला देवी, विमला ठाकुर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में पूनम सरमेक ने मचाया धमाल

# मेरे रश्के कमर ... पर नाचा सैंज

**अनंत ज्ञान, सैंज**

सैंज मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में हिमाचली गायिका पूनम सरमेक ने धमाल मचाया। इसके अलावा अन्य स्थानीय कलाकारों ने भी एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम का आगाज उभरती कलाकारा गुंजन शर्मा ने कला लड़िए उझी री झेचिए गीत गाकर किया।

इसके बाद रोहित ने गोरा-गोरा मुखड़ा तेरा बामणीय पहाड़ी गीत गाकर दर्शकों का मनोरंजन किया। इसके उपरांत टेला सोनी ने तेरा-मेरा प्यार अड़िये बचपना रा तथा लीला ठाकुर ने करी लैणी करी लैणी पहाड़ां री सैर पहाड़ी गीत गाकर दर्शकों को खूब नचाया। संध्या की कड़ी जोड़ते हुए बीएसराणा ने साजन निकलूं बेकार आधी बता चोड़ दिलडू आदि पहाड़ी गीत गाकर दर्शकों की वाहवाही लूटी। संध्या के स्टार सरमेक म्यूजिक्ल ग्रुप के कलाकारों ने मंच संभाला, तो दर्शकों ने सुरों की फनकार नीलम का सीटियों व तालियों से स्वागत किया। मेरे रश्के कमर तेरी पहली नजर और कजरा मोहब्बत वाला फिल्मी तथा कंडा ता चूटा कुमरो रा अनेक पहाड़ी नॉन-स्टॉप गीतों की झड़ी लगाकर नीलम सरमेक ने युवाओं का मनोरंजन किया। मेले के मुख्य आकर्षण वॉयस ऑफ सैंज ऑडिशन के प्रतिभागियों की आवाज ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इनमें हर्ष ठाकुर, निर्मला देवी, रंजना, रोहित कुमार, साजन, देव राज सोनी व संजू ने सुरीली आवाज से समां बांध कर सैमी फिनाले राऊंड में स्थान बनाया। सांस्कृतिक संध्या में लोक निर्माण विभाग बंजार के अधिशाषी अभियंता विनय हाजिरी बतौर मुख्यातिथि शरीक हुए। इस मौके पर मेला कमेटी के प्रधान राजेश वशिष्ठ, महासचिव मोहर सिंह ठाकुर, मुख्य सलाहकार यान सिंह नेगी, कोष अध्यक्ष धनी राम ठाकुर, सचिव टेक सिंह ठाकुर और जीत राम ठाकुर के अलावा युगल कुमार, चुनी लाल, रेवती नेगी व आशु नेगी सहित अन्य सदस्य तथा अनेक गण्यमान्य लोग मौजूद रहे।



# प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ महिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

## यौन उत्पीड़न के आरोपी को देश में लाकर कड़ी से कड़ी सजा देने की उठाई मांग

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

हाल ही में यौन उत्पीड़न के मामले में सुर्खियों में आए कर्नाटक के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ जिला कुल्लू महिला कांग्रेस ने रोष प्रकट करते हुए धरना-प्रदर्शन किया।

रविवार को ढालपुर में स्थित डीसी कार्यालय के बाहर महिला कांग्रेस के सदस्यों ने जमकर नारेबाजी करते हुए धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश महिला उपाध्यक्ष प्रेमलता ठाकुर ने बताया कि कर्नाटक में भाजपा के सहयोगी जेडीएस के एचडी रेवन्ना और उनके बेटे प्रज्वल रेवन्ना के बहुत बड़ा सेक्स स्कैंडल उजागर हुआ है। इस स्कैंडल में शामिल दोनों बाप-बेटों के खिलाफ करीब 1000 महिलाओं और बेटियों के साथ यौन उत्पीड़न संलिप्त होने, बलात्कार करने और अपहरण का मामला दर्ज किया गया है, जो कि इस देश में एक ओर शर्मनाक मामला पेश आया है और इस मामले में एचडी रेवन्ना को एसआईटी के द्वारा गिरफ्तार किया गया है, जबकि प्रज्ज्वल रेवन्ना मौका मिलते ही देश से फरार होकर जर्मनी भाग गए हैं।

प्रेमलता ने अफसोस जताते हुए कहा कि ऐसे आरोपी को विदेश भगाने में किस ने मदद की इसकी जांच होनी चाहिए, जो शख्स करीब 1000 महिलाओं और बेटियों के साथ यौन उत्पीड़न मामले के संलिप्त रहा हो और जिसने करीब 2000 आपत्तिजनक वीडियो बनाकर महिलाओं को ब्लैकमेल किया हो ऐसे शख्स को भला किस ने देश से विदेश भागने में मदद की। (अनंत ज्ञान)



कुल्लू महिला कांग्रेस के सदस्य यौन उत्पीड़न के आरोपी प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर रोष प्रकट करते हुए।

## जल्द शुरू होगा दुनिया का सबसे ऊंचा, लंबा और रोमांचक सफर

# मनाली-लेह राजमार्ग पर जल्द दौड़ेंगे वाहन

- लेह जाने के लिए दारचा में खड़े हैं सामान से भरे ट्रक
- 24 अप्रैल को बीआरओ ने सरचू में जोड़े थे दोनों छोर

**कमलेश वर्मा, केलांग**

दुनिया के सबसे रोमांचक सफर का आनंद लेने को तैयार हो जाएं। जल्द ही मनाली-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन दौड़ेंगे।

गत 24 अप्रैल को बीआरओ ने सरचू में दोनों छोर को जोड़ दिया था और बीआरओ की दीपक व हिमांक परियोजना ने मिलन पर कार्यक्रम भी किया था। मनाली-लेह के दोनों छोर जुड़ने के बाद लाहौल-स्पीति प्रशासन वाहनों की आवाजाही शुरू करने की तैयारी में जुट गया था, लेकिन सप्ताहभर मौसम खराब रहने से वाहनों की आवाजाही में देरी हुई। लेह बहाली की खबर सुनकर ट्रक चालक सामान लेकर दारचा पहुंचना शुरू हो गए थे, लेकिन मौसम ने उनकी भी दिक्कत को बढ़ाया। खराब मौसम ने उनके इंतजार को लंबा किया। दारचा निवासी दोरजे व टशी ने बताया कि लेह जाने के लिए दारचा में सामान से भरे लगभग एक दर्जन ट्रक पिछले एक सप्ताह से खड़े हैं। हालांकि दूसरी ओर शिंकुला मार्ग के बहाल होने से जंस्कार घाटी के 20 हजार से अधिक लोगों को राहत मिल गई है। मनाली जंस्कार के बीच वाहनों की आवाजाही भी शुरू हो गई है। रविवार को भी 40 से अधिक छोटे वाहन शिंकुला दर्रे के आर-पार हुए। शिंकुला बहाल होने से लेह-लद्दाख के लोगों को भी आपात स्थिति में बाया कारगिल व जंस्कार होकर मनाली आने जाने का विकल्प मिल गया है। (अनंत ज्ञान)

### सरचू में जल्द पुलिस पोस्ट की जाएगी स्थापित

एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि शिंकुला दर्रे में वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। जल्द ही बारालाचा दर्रा, मनाली-लेह मार्ग पर वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाएगी। जल्द ही सरचू में पुलिस पोस्ट स्थापित की जाएगी, जो आने-जाने वालों पर नजर रखने के साथ-साथ विकट परिस्थितियों में पर्यटकों व राहगीरों का सहारा भी बनेगी।

# आनी मेले में फोक किंग हेमंत शर्मा जमाएंगे रंग

**आनी।** इस वर्ष 7 से 10 मई तक आयोजित होने वाले जिला स्तरीय मेले के आयोजन को लेकर मेला कमेटी आनी की तैयारियां अपने अंतिम चरणों में है। मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत आनी के प्रधान लाल सिंह और मेला कमेटी के सलाहकार विनोद कटोच ने बताया कि इस वर्ष आयोजित होने वाले जिला स्तरीय मेले में सांस्कृतिक संध्याओं के गायक कलाकारों का चयन कर लिया गया है। इस बार आनी मेले की स्टार नाईट में फोक किंग हेमंत शर्मा, डावे राम कुल्लवी, एसी भारद्वाज, हनी नेगी, अजय चौहान के अलावा स्टार, कलर टीवी में आयोजित हुनरबाज देश की शान में उपविजेता रहे हिमाचल पुलिस बैंड स्टार कलाकार के रूप में लोगों का मनोरंजन करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### सेवा भारती छात्रावास के लिए दिया राशन



**भुंतर।** प्रयास फाउंडेशन भुंतर समाज के हर जरूरतमंद वर्ग तक पहुंच कर समय-समय पर उनकी सहायता करने के लिए प्रय शील रहती है। इसी कड़ी में रविवार को सेवा भारती कुल्लू की ओर से शाढ़ाबाई में जरूरतमंद बच्चों के लिए संचालित कांता-सरन स्मारक विवेकानंद निशुल्क छात्रावास के 13 बच्चों के लिए उनकी मांग के अनुसार राशन भेंट किया गया। फाउंडेशन के सह संचालक जीवन प्रकाश ने बताया कि छात्रावास के लिए दिए गए राशन में चावल, दालें, सूजी, दलिया, सागूदाना, न्यूट्री, तेल, चीनी, दूध, मसाले आदि शामिल रहे। उन्होंने बताया कि संस्था अपने सहयोगियों के सहयोग से समाज के हर वर्ग की सहायता करने और उनके उत्थान के लिए प्रयासरत रहती है।

### गोपाल की मृत्यु पर शोक सभा का आयोजन



**पतलीकूहल।** इस्कॉन के आचार्य और भारत के जीबीसी के अध्यक्ष का रविवार सुबह देहांत हो गया। वह 80 वर्ष की उम्र के थे। इसके उपलक्ष्य पर इस्कॉन सेंटर कटराई ने उनकी मृत्यु पर शोक सभा का आयोजन किया। इसमें सभी भक्तों ने उनकी फोटो पर फूल माला पहनाईं। इसके बाद भक्तों ने भजन गाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सेंटर के मैनेजर जेवाश्रय सुबल दास ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। गोपाल कृष्ण दास प्रभु पाद के पहले भारतीय दीक्षित शिष्य थे। दिल्ली विश्वविद्यालय में उन्होंने स्नातक की। फ्रांस से उन्होंने मास्टर्स की डिग्री की। गोपाल कृष्ण महाराज गौड़ीय वैष्णव परंपरा से संबंधित थे। कृष्ण भावना भवित संघ के प्रचार-प्रसार और श्रीमद भगवत गीता के वितरण में उन्होंने अपना पूरा जीवन समर्पित किया। उनकी आत्मा की शांति के लिए सभी भक्तों ने तीन बार हरे कृष्णा महामंत्र का जाप किया। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनकी मृत्यु पर सोशल मीडिया के माध्यम से पोस्ट शेयर की।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम से दो देशों की संस्कृतियों का होता आदान-प्रदान : डीसी

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

अंतरराष्ट्रीय रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट नग्गर में निकोलस रौरिक की 150वीं जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

रूस के कलाकार पुराविद् निकोलस रौरिक की 150वीं जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे उत्सव की कड़ी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कृष्णा मंदिर ठावा के पुजारी जयदेव आचार्य द्वारा पूजा-अर्चना के साथ की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यातिथि डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश और रशिया की ओर से कांउसलर रशियन एंबैसी सरगी अरियेव और लूलिया अरियेव रहे। थियेटरीकल स्टेज में ट्रस्ट की निदेशक एवं डीसी ने रशियन एंबैसी के कांउसलर सरगी अरियेव और लूलिया अरियेव, आईसीआर मास्को अन्य रशियन मेहमानों, भारतीय मेहमानों और अन्य जनसमूह का कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद किया। डीसी ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से दो देशों के संबंध मजबूत होते हैं और दो देशों की संस्कृतियों का आदान-प्रदान होता है।


अंतरराष्ट्रीय रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट नग्गर में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते कलाकार।

# प्रवासियों ने बढ़ाई लोगों की दिक्कत

## चारों ओर फैला रहे गंदगी, व्यवस्था बनाने में जुटा नप व व्यापार मंडल

**अनंत ज्ञान, मनाली**

समर सीजन के शुरू होते ही पर्यटन नगरी मनाली में भारी संख्या में प्रवासी लोगों ने दस्तक दे दी है। मनाली शहर में ही एक हजार से अधिक प्रवासी पहुंच चुके हैं।

प्रवासियों ने हर कहीं तंबू लाकर रहना शुरू कर दिया है। अव्यवस्थित ढंग से रहने के चलते हर जगह गंदगी फैल रही है। प्रवासियों के बच्चे माल रोड में भीख मांगते नजर आ रहे हैं। माल रोड में मालिश के नाम पर पर्यटकों को चुना लगा रहे हैं। इन सब समस्याओं के समाधान को आज नगर परिषद व व्यापार मंडल ने प्रवासियों के साथ बैठक की और मनाली के व्यवस्थित तरीके से रहने व सफाई व्यवस्था बनाए रखने की बात कही। बैठक में व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव ठाकुर व उपाध्यक्ष मनोज सूद व कुबेर अवस्थी ने प्रवासियों को समझाया कि वह बच्चों को माल रोड में भीख मांगने न भेजें। प्रवासियों द्वारा माल रोड में ही मालिश का कारोबार किया जा रहा है, जिसे बंद किया जाए। मालिश करवाने वाले पर्यटकों को उनके होटलों में यह सेवा दें। बच्चे हर कहीं पर्यटकों से भीख मांग रहे हैं, जो बहुत गलत है।

### माल रोड के सौंदर्यीकरण का किया जा रहा कार्य

नगर परिषद के अध्यक्ष चमन कपूर व उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि प्रवासियों के साथ बैठक कर उन्हें सख्त हिदायत दी गई है कि वह मालिश करने माल रोड में न आएं। न ही अपने बच्चों से भीख मंगवाएं। लाखों रुपए खर्च कर माल रोड के सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है, ताकि पर्यटक सुंदर माल रोड में घूमने का आनंद उठा सकें। स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने प्रवासियों सहित मनाली के दुकानदारों से भी आग्रह किया कि गलियों को साफ-सुथरा रखें और शहर को साफ-सुथरा व व्यवस्थित बनाने में सभी नप का सहयोग दें।

# मनाली ब्लॉक कांग्रेस वोट के लिए घर घर जाकर चलाएगी अभियान : खुडू


कांग्रेस सेवादल की बैठक के दौरान कांग्रेस व सेवादल के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

जिला कुल्लू के कटराईं स्थित शुभम होटल में रविवार को कांग्रेस सेवा दल की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मनाली ब्लॉक के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव के विषय में गंभीर चर्चा की। कांग्रेस सेवा दल मनाली ब्लॉक के अध्यक्ष खुडू राम ने बताया कि मनाली ब्लॉक कांग्रेस विक्रमादित्य सिंह के पक्ष में वोट के लिए घर-घर जाकर अभियान चलाएगी। उन्होंने मनाली ब्लॉक कांग्रेस के सभी सेवा दल के पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि अब चुनाव की घड़ी नजदीक आ गई है और सभी को एक जुट होकर प्रचार-प्रसार करना होगा। बैठक में प्रदेश सचिव देवेंद्र नेगी व मनाली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरी चंद शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी व कांग्रेस सेवादल के सदस्य उपस्थित थे।

**बैठक** सरकार की राजपूत व सामान्य वर्ग विरोधी नीतियों का विरोध करने का लिया निर्णय

# राजपूत समाज की अनदेखी पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

राजपूत संघ जिला कुल्लू की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को शीतला माता मंदिर परिसर सरवरी में जिला चेयरमैन ज्ञान चंद चंबयाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में प्रदेश राजपूत महासभा हिमाचल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. अमर सिंह गुलेरिया व प्रदेश महासचिव केएस जंवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से हिमाचल व केंद्र सरकार की ओर से राजपूत समाज की अनदेखी को लेकर चिंता व्यक्त की गई और सभी समाज के सदस्यों को एक साथ मिलकर सरकार की राजपूत व सामान्य वर्ग की गलत नीतियों का विरोध करने का निर्णय लिया गया। बैठक में हाल ही में पुरुषोत्तम रुपाला की ओर से राजपूत समाज को अपमानित करने वाले दिए गए बयान का खंडन किया और राष्ट्रीय स्तर पर राजपूत व क्षत्रिय समाज द्वारा जारी राष्ट्र व्यापी आंदोलन का समर्थन किया। जंवाल ने कहा कि पिछली सरकार ने सामान्य वर्ग आयोग की नोटिफिकेशन करने के बावजूद भी उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया था और संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों के निरंतर प्रयास के बावजूद किसी भी समस्या का समाधान करने की कोशिश नहीं की। वर्तमान सरकार भी पिछली सरकार की तरह अभी तक प्रदेश राजपूत संगठन के पदाधिकारियों को वार्ता के लिए नहीं बुला रही है और न ही समाज की समस्याओं की ओर कोई ध्यान दिया है। इसके विपरीत हाल ही में हिमाचल सरकार द्वारा प्राइमरी के बच्चों को जो स्कूल की वर्दी के एवज में जो 600 रुपए का अनुदान देने की बात की थी, वह भी केवल एससी/एसटी के बच्चों तक सीमित रखा हुआ है और जनरल कैटेगरी के बच्चों को उससे अलग रखा गया है।


राजपूत संघ जिला कुल्लू की कार्यकारिणी की बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी।



# आचार संहिता की आड़ में विकास कार्य ठप

## सोलन शहर के वार्ड क्षेत्रों में होने हैं लाखों के कार्य, लोगों में भारी रोष

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शहर में आदर्श आचार संहिता की आड़ में ठेकेदारों ने विकास कार्यों पर ब्रेक लगा दी। ठेकेदारों को नगर निगम ने आचार संहिता से पहले करोडों रुपए के विकास कार्यों का आवंटन किया था, लेकिन अभी तक अधिकतर कार्य शुरू ही नहीं हुए। इससे शहर के विकास कार्य ठप पड़े हैं, जिससे लोगों में रोष है।

विकास कार्य शुरू नहीं होने का सीधा असर आगामी लोकसभा चुनाव में देखने को भी मिल सकता है। शहर के लोगों को उम्मीद थी कि चुनाव से पहले अधूरे विकास कार्य पूरे हो जाएंगे, लेकिन ठेकेदारों व पार्षदों की कार्यप्रणाली इसमें आड़े आ गई। (अनंत ज्ञान)



माल रोड सोलन में अधूरी पड़ी पार्क की वॉल।

> ठेकेदारों को आचार सहिंता से पहले आवंटित कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश हैं। रेलवे रोड पार्किंग का कार्य जल्द शुरू होगा।
>
> **ऊषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

### बरसात में हुआ पांच करोड़ का नुकसान

पिछले वर्ष आपदा बनकर आई बरसात के दौरान नगर निगम को करीब पांच करोड़ का नुकसान हुआ था। शहर के वार्ड क्षेत्र में अभी तक नुकसान की भरपाई नहीं हुई है। इसके तहत सड़कों व रास्तों पर पेवर लगाने का कार्य होना है। अभी कई वार्डों में यह कार्य पेंडिंग है। इसके टेंडर तो हुए पर ठेकेदार विकास कार्य को शुरू नहीं कर रहे हैं। इससे निगम की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### पार्कों का जीर्णोद्धार रुका

**आचार** संहिता से पहले शहर के पार्कों के जीर्णोद्धार का कार्य जोर-शोर से शुरू हुआ पर अब यह कार्य ठप हैं। चाहे चिल्ड्रन पार्क की फ्रंट वॉल हो या फिर जवाहर पार्क में ओपन एयर थियेटर का निर्माण। इसी तरह टैंक रोड से जवाहर पार्क तक पाइप लाइन बिछाने का कार्य और टैंक रोड में टैंक का निर्माण कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है। इसके अलावा रेलवे रोड की पार्किंग का निर्माण भी ठप पड़ा है।

# परवाणू में पेड़ से लटका मिला व्यक्ति का शव

**सोलन।** हेल्पलाइन से थाना परवाणू पर सूचना मिली कि आशापूर्णी मंदिर व बालाजी मंदिर के बीच कच्चे रास्ते में एक व्यक्ति की लाश लटकी है, जिस सूचना पर पुलिस टीम नजद माता आशापूर्णी मंदिर व बालाजी मंदिर पहुंची, जहां पर माता आशापूर्णी मंदिर से करीब 100 मीटर नीचे जंगल झाड़ी बालाजी मंदिर की तरफ रास्ता पैदल से करीब 15 मीटर दूरी दाहिनी तरफ जंगल झाड़ी के बीच खड़े खैर के पेड़ में व्यक्ति गले में फंदा लगाए लटका मिला।

पैंट की जेब में एक सुसाइड नोट लाईनदार कागज पर लिखा हुआ पाया गया व क्रंसी नोट कुल 2670/- रुपए व एक अदद मोबाइल फोन बरामद हुआ। नाश की पहचान अंशु पुत्र मोहन साहा निवासी गांव बधाहन, नराईपुर जिला पश्चिमी चंपारन बिहार व उम्र 20 वर्ष है।

### अवैध माइनिंग पर कार्रवाई करने गई टीम पर खनन माफिया का हमला

# अतिरिक्त माइनिंग इंस्पेक्टर को किया किडनैप

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ में खनन माफिया का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। अब खनन माफिया के हौसलें इतने बुलंद हो चुके हैं कि अवैध माइनिंग पर कार्रवाई करने जा रही टीम पर जानलेवा हमले किए जा रहे हैं। ऐसी ही घटना नालागढ़ के दभोटा स्थित बोदला पुल की साथ खड्ड में अवैध माइनिंग पर कार्रवाई करने गई माइनिंग विभाग की टीम के साथ हुई।

खनन माफिया ने जानलेवा हमला किया और फिर नालागढ़ में तैनात अतिरिक्त माइनिंग इंस्पेक्टर को टिप्पर में किडनैप कर पंजाब ले गए। इस घटना से माइनिंग विभाग व एरिया में दहशत का माहौल बन चुका है और बद्दी पुलिस के अवैध माइनिंग के खिलाफ कार्रवाई के दावे फेल साबित हो रहे हैं। पुलिस को दी शिकायत में अतिरिक्त माइनिंग इंस्पेक्टर सत्यदेव ने बताया कि बीते दिन देर रात करीब डेढ़ बजे माइनिंग विभाग को सूचना मिली कि दभोटा में बोदला पुल के साथ लगती खड्ड में अवैध माइनिंग की जा रही है, जब टीम कार्रवाई के लिए पहुंची तो एक जेसीबी मशीन व टिप्पर मौके पर पाया, जो कि अवैध रूप से माइनिंग कर रहा था। माइनिंग विभाग की टीम जेसीबी व टिप्पर को जब्त कर जब पुलिस चौकी दभोटा ला रही थी, तो आई20 कार में आए कुछ लोगों ने रास्ते में रोका और तेजधार हथियार दिखाकर जेसीबी व टिप्पर को अपने साथ ले जाने लगे। इस दौरान वह टिप्पर में बैठे थे, तो राजेश मेहता नाम के व्यक्ति ने टिप्पर चालक को उतारा ओर खुद टिप्पर लेकर उसे जबरदस्ती पंजाब की ओर ले गया। इस दौरान काफी देर बाद पंजाब के भरतगढ़ एरिया में जाकर उतारा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर राजेश मेहता व अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। जिला माइनिंग अधिकारी हरविंद्र सिंह ने बताया कि अवैध माइनिंग पर कार्रवाई करने गई टीम पर कुछ लोगों ने हमला किया और सूचना मिलते ही तुरंत पुलिस को सूचित किया और पुलिस से काफी मदद मिली। पूरे मामले को लेकर शिकायत पुलिस को दे दी गई है।

### माइनिंग विभाग लगातार कर रहा कार्रवाई

नालागढ़ माइनिंग विभाग अवैध माइनिंग के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है। विभाग दिन व रात रूटीन गश्त के साथ-साथ औचक निरीक्षण भी कर रहा है, ताकि अवैध माइनिंग को रोका जा सके, लेकिन कुछ माफिया बार-बार टीमों को डराने के लिए इस तरह की बड़ी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

### पुलिस भी एक्शन में

जिला बद्दी पुलिस अधीक्षक इलमा अफरोज ने कहा कि ऐसी एक शिकायत मिली है, जिसकी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। अवैध माइनिंग पर भी पुलिस अपनी कार्रवाई लगातार कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्टूडेंट्स ने पेपर फैक्टरी का किया शैक्षणिक भ्रमण



**अर्की।** लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल मजयाट अर्की के प्री. प्राइमरी व प्राइमरी कक्षाओं ने पेपर फैक्टरी का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्हें मजयाट में स्थित 'श्री साईं पेपर फैक्टरी' का भ्रमण करवाया गया, जिसमें बच्चों ने सीखा कि किस प्रकार फैक्ट्री में कागज से डिस्पोजल गिलास, प्लेट्स, कप आदि बनाए जाते हैं तथा छात्रों को मशीनें किस प्रकार पेपर से तरह-तरह के गिलास प्लेट्स बना रही हैं। छात्रों को बहुत ही आसान तरीके से सारी जानकारी दी गई। बच्चों ने पेपर फैक्टरी में गिलास प्लेट्स बनते देखकर खुशी जाहिर की। छात्रों का निर्देशन सोनिया शर्मा, अमर ज्योति, सुश्री निधि चौहान एवं निशा देवी ने बखूबी ढंग से किया। डॉक्टर कुसुम गुप्ता प्रधानाचार्य ने साई पेपर फैक्टरी के मालिक का धन्यवाद किया।

### हम प्रौद्योगिकी के युग में : वनीता सरीन



**नाहन।** अरिहंत इंटरनेशनल विद्यालय ने अभिभावकों को एक अलग अनुभव प्रदान किया। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के लोगों के द्वारा अभिभावकों का मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 125 अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के रिसोर्स पर्सन वनीता सरीन उत्तरी क्षेत्र तथा आशीष गुलेरिया क्षेत्रीय प्रबंधक ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रिसोर्स पर्सन वनीता सरीन ने कहा कि हम प्रौद्योगिकी के युग में हैं तथा हम अपने बच्चों को प्रौद्योगिकी से दूर नहीं रख सकते हैं, लेकिन हमें उन्हें अनुशासित तरीके से प्रौद्योगिकी का उपयोग करना सिखाना होगा। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में माता-पिता को भाषायी कौशलों के (सुनना, बोलना, पठन तथा लेखन) बारे में समझाया गया तथा उसकी योग्यताएं बताई गईं। इसके साथ-साथ शारीरिक, भावनात्मक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक विकास के बारे में विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम में टेक्नोलॉजी से बच्चों की लाइफ स्किल्स को सक्षम करने के लिए एविएशन टूल्स से अवगत करवाया गया।

# शहीद प्रमोद की याद में लगाया मेडिकल कैंप



शिलाई में शहीद पैराट्रूपर प्रमोद नेगी के प्रथम शहादत पर उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे पूर्व सैनिक व लोग।

**अनंत ज्ञान, पावंटा साहिब**

शिलाई में शहीद पैराट्रूपर प्रमोद नेगी के प्रथम शहादत पर शहीदी दिवस का आयोजन किया गया।

सर्व प्रथम अतिथियों ने शहीद की प्रतीमा पर पुष्पांजली अर्पित की तदोपरांत स्कूली छात्रों ने कई प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में शहीद प्रमोद की जीवनी पर एकांकी पेश कर बाल भारती विद्यालय के छात्रों ने प्रस्तुति देकर सभी लोगों की आखें नम कर दी। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एसडीएम सुरेंद्र मोह एवं अन्य वक्ताओं नरेंद्र ठुंडू, सुरेंद्र हिंदुस्तानी, प्रताप जैलदार आदि ने राष्ट्र भक्ति पर प्रकाश डाला। इस शहादत के विशेष मौके पर ई-एडेन केयर होस्पिटल (चंडीगढ़ ने भूतपूर्व सैनिक संगठन पांवटा साहिब व शिलाई क्षेत्र के सहयोग से क्षेत्र के समस्त जनमानस के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया, जिसमें ई-एडेन केयर हॉस्पिटल से प्रतिष्ठित चिकित्सकों और साहयकों की टीम द्वारा सभी प्रकार के चिकित्सा परामर्श एवं शुगर, बीपी तथा ईसीजी आदि की जांच मुफ्त में की गई। इस मौके पर मुख्यातिथि शहीद के माता- पिता देवेंद्र नेगी व तारा देवी विशेष अतिथि एसडीएम सुरेंद्र मोहन, तहसीलदार मनमोहन जिस्टा, बीडीओ अजय सूद, पूर्व विधायक बलदेव तोमर, शहीद के छोटे भाई रितेश नेगी व बहन मनीषा नेगी आदि मौजूद रहे।

# अतिरिक्त रैली स्थल की अधिसूचना जारी

**सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मनमोहन शर्मा की ओर से लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत 54-कसौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए एक अतिरिक्त रैली स्थल की अधिसूचना जारी की गई है।

अधिसूचना के अनुसार 54-कसौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत मिनी स्टेडियम, तालाब मौजा पट्टा बरौड़ी को राजनीतिक रैली स्थल चिन्हित किया गया है। राजनीतिक दलों द्वारा लिखित आवेदन पर यह स्थल पहले आओ, पहले पाओ आधार पर रैली के आयोजन के लिए उपलब्ध होगा। इसके लिए आवेदन सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी कसौली को प्रस्तुत करना होगा।

# स्टूडेंट्स को स्टार्टअप और स्किल इंडिया की दी जानकारी



पांच दिवसीय बूट कैंप में हिस्सा लेकर लौटे धर्मपुर के छात्र।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

सोलन जिले के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धर्मपुर के चार विद्यार्थियों ने महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी बद्दी हिमाचल प्रदेश में इनोवेशन डिजाइन एंड एएंटरप्रेंयोरशिप आधारित पांच दिवसीय बूट कैंप में भाग लिया।

इसका आयोजन मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन इनोवेशन सेल व ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ टेक्नीकल एजुकेशन भारत सरकार की ओर से सामूहिक रूप से 29 से 3 मई 2024 तक किया गया। इसमें भारत के विभिन्न राज्यों से कॉलेज तथा यूनिवर्सिटी के छात्रों के साथ स्कूल के दसवीं कक्षा के चार छात्र शुभम, अमन ,जैद हसन व खेमचंद के साथ एटीएल प्रभारी अशोक शांडिल्य ने भाग लिया। स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. सुनील पाल ने बताया कि इस बूट कैंप में विद्यार्थियों को स्टार्टअप, स्किल इंडिया तथा एंटरप्रेंयोरशिप की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न युवा एंटरप्रेंयोर्स के साथ मुलाकात, भारत सरकार द्वारा स्टार्टअप के लिए दी जाने वाली विभिन्न सरकारी अनुदान की जानकारी व इनोवेशन मिशन हाफ मोहाली का विजिट करवाया गया।

# सिरमौर के जयवीर चौहान वाटर स्की नेशनल चैंपियनशिप में लेंगे हिस्सा

**अनंत ज्ञान, नाहन**



सिरमौर के जयवीर चौहान ने वाटर स्की नेशनल चैंपियनशिप में वाइल्डकार्ड प्रविष्टि प्राप्त की है।

जयवीर नाहन के कारोबारी नितिन चौहान के पुत्र हैं, जो मौजूदा समय में उत्तराखंड के सेंट जॉर्ज कॉलेज मसूरी में पढ़ रहे हैं। विभिन्न शिविरों और प्रशिक्षणों के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन राष्ट्रीय चैंपियनशिप-2024 में हिस्सा लेने के लिए हुआ है, जिन्होंने वाइल्डकार्ड प्रविष्टि प्राप्त की। वेकबोर्ड एंड वाटर स्कीइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने हिमाचल के जिला सिरमौर को नेशनल चैंपियनशिप के लिए चुना है। ये चैंपियनशिप 25 से 27 मई को नाहन-पांवटा साहिब नेशनल हाईवे-07 पर स्थित जे क्लार्कस होटल में आयोजित होगी। फेडरेशन के महासचिव राजपाल सिंह ने बताया कि जयवीर को पहले ही हिमाचल प्रदेश से स्कीयर के रूप में नामांकित किया जा चुका है।

### समिति ने राजेंद्र ठाकुर के भाजपा में शामिल होने पर जताई खुशी

# 400 सीटों के संकल्प को करेंगे पूरा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

अर्की विकास समिति की बैठक रविवार को कुनिहार में समिति संरक्षक राजेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विकास खंड कुनिहार के अंतर्गत 72 पंचायतों से समिति के करीब 500 सदस्यों ने भाग लिया।

जानकारी के अनुसार अर्की विकास समिति में करीब 2300 से अधिक सदस्य हैं, जिन्होंने राजेंद्र के राष्ट्रीय पार्टी भाजपा में हाल ही में शामिल होने पर खुशी जताई। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में राजेंद्र की लीडरशिप में बिना किसी शर्त के भाजपा को समर्थन देने का फैसला किया है। इस दौरान राजेंद्र के साथ पंचायत समिति कुनिहार के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सात प्रधानों ने बिना किसी शर्त के अपना समर्थन देने की बात कही। बैठक में समिति के करीब 500 सदस्य मौजूद रहे। बैठक में गंगा पुत्र के जयकारों के बीच मां गंगा की सौंगंध लेकर उपस्थित लोगों ने राजेंद्र की लीडरशिप में भाजपा प्रत्याशी को अर्की क्षेत्र से ओर अधिक वोट दिलवाकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शिमला संसदीय सीट जितवा कर 400 सीटों के संकल्प को पूरा करेंगे।



अर्की विकास समिति की बैठक में पहुंचे लोग।

# चंदेल मानद कर्नल रैंक से सम्मानित

**सोलन।** राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) ने डॉ. यशवंत सिंह परमार औदयानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल को कर्नल की मानद रैंक से सम्मानित किया है।



वह देश भर के 19 कुलपतियों की प्रतिष्ठित समूह का हिस्सा हैं, जिन्हें इस सम्मान से नवाजा गया है। प्रोफेसर चंदेल अब विश्वविद्यालय के एनसीसी विंग के कर्नल कमांडेंट की उपाधि धारण करेंगे। इस पहल का उद्देश्य कुलपतियों को उनके कार्यकाल के दौरान कर्नल कमांडेंट के रूप में नियुक्त करके विश्वविद्यालय परिसरों में एनसीसी के अनुशासन और देशभक्ति के लोकाचार को शामिल करना है।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए लोगों की भागीदारी आवश्यक : यशपाल

**अनंत ज्ञान,दाड़लाघाट**

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अर्की की सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) टीम ने लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नवगांव में विद्यालय के चुनावी साक्षरता क्लब के साथ मिलकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।



नवगांव स्कूल में मतदान के लिए जागरूक करते नोडल अधिकारी।

स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. यशपाल शर्मा ने बताया कि निर्वाचन विभाग मतदाता जागरूकता की पहल में स्कूल के स्टूडेंट्स की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। जागरूक स्टूडेंट्स अपने अभिभावकों, रिश्तेदारों और अपने आसपड़ोस को मताधिकार के प्रयोग के लिउ जागरूक कर सकते हैं, जो कि स्वस्थ जनमत निर्माण एवं लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। उन्होंने अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों, स्कूल के समस्त कर्मचारियों से आने वाले लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने की अपील की। स्कूल के ईएलसी क्लब के इंचार्ज अरमरदेव ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी लोगों की भागीदारी आवश्यक है। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रभात किशोर ने भी सभी विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने माता-पिता को मतदान के लिए प्रेरित करें।

# लोकसभा चुनाव के लिए अरुण शिलाई में कांग्रेस पर्यवेक्षक नियुक्त

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए हिमाचल प्रदेश कांग्रेस समिति की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने अरूण मेहता को शिलाई निर्वाचन क्षेत्र का पर्यवेक्षक लगाया गया है।



बता दें कि अरूण मेहता मूलत: पच्छाद निर्वाचन क्षेत्र के कोटी पधोग निर्वाचन क्षेत्र के निवासी हैं और वर्तमान में हि.प्र. कांग्रेस समिति के प्रदेश सचिव हैं। इस अहम जिम्मेदारी सौंपने के लिए अरूण मेहता ने प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला, प्रदेश पीसीसी अध्यक्षा प्रतिभा सिंह, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित कांग्रेस के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

हाईकमान की ओर से सौंपी गई इस जिम्मेदारी को वह कर्मठता और ईमानदारी से निभाएंगें और शिलाई क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी को बढ़त दिलवाएंगें। मोदी की केंद्र सरकार पिछले दस वर्षों में लोगों की आशाओं और आंकाक्षाओं के रूप में कार्य करने में विफल रही है, जिसके चलते इस बार प्रदेश की जनता कांग्रेस उम्मीदवारों को चुनकर केंद्र में भेंजेगी।

# मतदाताओं को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

ओच्छघाट स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गत दिवस सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता उपनिदेशक (उच्चतर शिक्षा) सोलन डॉ. जगदीश चंद नेगी ने की। नेगी ने पात्र मतदाताओं से प्रथम जून, 2024 को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने हर एक विद्यार्थी से वादा लिया कि वह अपने घर व आस-पास के सभी पात्र मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करें, ताकि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. बीएन कमल ने निर्वाचन प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और अधिक मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। नोडल अधिकारी स्वीप हेमेंद्र शर्मा ने मतदान केंद्र पर मिलने वाली सुविधाएं जैसे व्हील चेयर, कतार रहित मतदान आदि के बारे में अवगत करवाया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों की ओर से मतदान जागरूकता पर तैयार एक समूह गान, लघु नाटिका प्रस्तुत की तथा भाषण के माध्यम से भी मतदान का संदेश दिया।



ओच्छघाट स्कूल में स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा लेते लोग।

**बैठक** उपायुक्त कार्यालय में वनों को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

# डीसी सोलन ने दी वन अधिकार कानूनों की जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय सभागार में अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 व नियम, 2008 व संशोधित नियम, 2012 को संक्षिप्त में वन अधिकार कानून, 2006 (एफआरए) के नाम से जाना जाता है। वन अधिकार कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए इस कानून के तहत गांव, उपमंडल, जिला व राज्यस्तर पर विभिन्न समितियां गठित करने का प्रावधान है और प्रत्येक समिति की भूमिकाएं एवं जिम्मेदारियों को कानून में विस्तार से बताया गया। व्यक्तिगत व सामुदायिक वन अधिकार, सामुदायिक वन संसाधनों की सुरक्षा एवं प्रबंधन तथा विकास के अधिकार के बारे में सभी हितधारकों को व्यापक जानकारी होना आवश्यक है। कार्यशाला के प्रथम सत्र में संयुक्त सचिव (शिक्षा) सुनील वर्मा ने इस अधिनियम की आवश्यकता एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। संयुक्त सचिव राजस्व अनिल चौहान ने इसके संस्थागत पहलुओं पर चर्चा करते हुए ग्रामसभा से लेकर राज्यस्तर तक गठित समितियों के कार्यों एवं जिम्मेवारियों से अवगत करवाया।



सोलन में वन अधिकार कानून, 2006 को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते डीसी।

### शिकायत एवं दावों के निराकरण पर की चर्चा

दूसरे सत्र में सुनील वर्मा ने एफसीए, 1980 व एफआरए, 2006 से संबंधित विषयों, वनों के गैर-वन उद्देश्यों में परिवर्तन तथा एफआरए प्रमाण पत्र जारी करने से संबंधित प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। इसी सत्र में अनिल चौहान ने साक्ष्य नियम के तहत ग्रामसभा और वन अधिकार समितियों की भूमिका, व्यक्तिगत और सामुदायिक दावों के निपटान और अपील, शिकायत एवं दावों के निराकरण से संबंधित विस्तृत चर्चा की।

# आज इन क्षेत्रों में बिजली रहेगी बंद

**नाहन।** नाहन शहर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 6 मई दिन सोमवार को बिजली लाइनों की मरम्मत के चलते बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

बिजली बोर्ड के एसडीओ महेश चौधरी ने बताया कि 6 मई को गिरिनगर नाहन लाइन व सब स्टेशन दो सड़का व इसके सभी 11 केवी फीडरों की मरम्मत की जाएगी, जिसके चलते नाहन, शंभुवाला, बनकला, सतीवाला, बोहलियों, मातरभेडों, कटासन, उत्तमवाला, नेहरला, चासी, सुरला, महीधार, धारक्यारी, जाब्बल का बाग, जमटा, रामाधौण, पंजाहल, धगेड़ा, आमवाला, सैनवाला, बोगरिया गांवों में बिजली आपूर्ति सुबह नौ से शाम छह बजे तक ठप रहेगी।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले क्लासिफाइड
फिक्स साइज

| Size | Rate |
| --- | --- |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

# आठ को पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाग लेंगे जेपी नड्डा, जनसभा को करेंगे संबोधित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

आठ मई को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा बिलासपुर पहुंच रहे हैं। एक तरफ बिलासपुर पहुंचने पर वह यहां पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक करेंगे तो वहीं दूसरी ओर जेपी नड्डा इस सम्मेलन के बाद मंडी के लिए रवाना हो जाएंगे। बिलासपुर जिला में आयोजित होने जा रहे पन्ना प्रमुख सम्मेलन में 11 हजार पन्ना प्रमुख पहुंच रहे है।

साथ ही यह सम्मेलन 427 बूथ के प्रमुख के साथ होने जा रहा है। नड्डा यहां पर पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाग लेंगे और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह मंडी के लिए रवाना होंगे। यह जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान ने दी। बिलासपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि 8 मई को हॉकी मैदान बिलासपुर में पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें जिले भर के 427 बूथों के 11 हजार पन्ना प्रमुख भाग लेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यकताओं को चुनावी टिप्स देंगे। सांख्यान ने बताया कि इस सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेशाध्यक्ष डॉ.



राजीव बिंदल सहित अन्य वरिष्ठ नेता भाग लेंगे। सम्मेलन सुबह 10 बजे शुरू होगा। आपको बता दे कि हिमाचल प्रदेश में जनसभा सहित अन्य बैठक करके जेपी नड्डा यहां के नेताओं का जीत का मूल मंत्र भी देंगे। वही बिलासपुर जिला में भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है।

## कंगना के साथ रोड शो करेंगे नड्डा

**बिलासपुर** में आयोजित होने वाले पन्ना प्रमुख बैठकों के बाद जेपी नड्डा मंडी में उम्मीदवार अभिनेत्री कंगना रनौत के साथ एक रोड शो भी करेंगे। बताया जा रहा है कि वह मंडी में पहुंचकर यहां के नेताओं के साथ विशेष बैठक भी आयोजित करेंगे। जिसमें चुनावो में भारी भरकम जीत को लेकर उन्हें बताया जाएगा। इस प्रेस कान्फ्रेस में सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल और प्रदेश भाजपा मीडिया सह संयोजक स्वदेश ठाकुर मौजूद रहे।

# एचआरटीसी की अप्रैल माह की आय में हुई बढ़ोतरी

**शिमला।** हिमाचल पथ परिवहन निगम की अप्रैल माह की इनकम में बढोतरी रिकॉर्ड की गई है। बीते साल के अप्रैल माह के मुकाबले इस साल अप्रैल माह में एचआरटीसी ने 4.5 करोड़ रुपए की अतिरिक्त इनकम की है। एचआरटीसी की इनकम को बढ़ाने के लिए निगम प्रबंधन के प्रयासों के साकारात्मक परिणाम सामने आने लगे है। निगम प्रबंधन के मुताबिक बीते साल अप्रैल माह के दौरान निगम प्रबंधन द्वारा पूरे माह में 68 करोड़ रुपए की इनकम अर्जित की गई थी। मगर इस साल अप्रैल माह के दौरान निगम प्रबंधन ने पूरे माह के दौरान 72.54 करोड़ रुपए की इनकम अर्जित की है। जो बीते साल अप्रैल माह से 4.5 करोड़ अधिक है।

# शिमला में चोरों के हौसले बुलंद

## परिमहल के रानी ग्राउंड के पास सड़क किनारे पार्क चार स्कूटी और बाइक लें उड़े शातिर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में चोरों के हौसले बुलंद हैं। आचार संहिता और शहर में वीआईपी दौरे के बीच शरारती तत्वों के हौसले बुलंद हैं। शनिवार रात को शिमला के पॉश इलाके परिमहल के रानी ग्राउंड के पास सड़क किनारे पार्क चार स्कूटी और बाइक को शरारती तत्व उठाकर ले गए।

सुबह लोग अपने दोपहिया वाहनों गायब देखकर दंग रह गए। लोगों ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी और आसपास जाकर अपने दोपहिया वाहनों की तलाश शुरू की। इस दौरान घटनास्थल से करीब 500 मीटर दूर बसंत बिहार पुलिस कालोनी के पास सभी वाहन मिल गए, लेकिन इस घटना से लोग अचंभित हैं।

वीआईपी रियाहशी इलाके में जहां पुलिस और आईएएस कालोनी है वहां पर इस तरह की घटना होने पर शिमला पुलिस की गश्त पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि इन दिनों परिमहल रानी ग्राऊंड के आसपास शरारती तत्वों और नशेड़ियों के हौसले काफी बुलंद हैं। यहां रात के समय लोगों का चलना तक मुश्किल होता जा रहा है। लोगों ने पुलिस से इलाके में गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लग सके।

## पुलिस ने गाड़ी से पकड़ा 4.65 ग्राम चिट्टा



**नेरवा।** नेरवा पुलिस ने रूटीन गश्त के दौरान कामयाबी हासिल करते हुए दो युवकों से साढ़े चार ग्राम से अधिक चिट्टा बरामद किया है । जानकारी के अनुसार हेड कांस्टेबल रमेश पंवार, कांस्टेबल समीरकांत, देविंद्र एवं प्रवीण नेरवा से शिह क्यार की तरफ रूटीन गश्त पर थे एवं वाहनों की चेकिंग भी की जा रही थी । इस दौरान आईटीआई नेरवा के समीप शिह क्यार की तरफ से आ रही जीप संख्या एचपी 08 ऐ/2578 को चेकिंग के लिए रोका गया । वहां की तलाशी लेने पर इसके डैश बोर्ड से एक प्लास्टिक की पन्नी में 4.65 ग्राम चिट्टा पाया गया । पुलिस टीम ने दोनों युवकों को हिरासत में लेकर नेरवा थाना में उनके खिलाफ एनडी एंड पीएस एक्ट की धारा 21-25-29 के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है ।



**जुब्बल।** श्री राम मंदिर ठाकुरद्वारा जुब्बल में सोमवार छह मई से शिवकथा रस महोत्सव का भव्य आयोजन हो रहा है। सात दिवसीय इस धार्मिक महोत्सव में उत्तर प्रदेश के वृंदावन से ब्रज रसिक संत नरेंद्र दास माधव जी भक्त जनों को शिव कथा का रसपान कराएंगे। महोत्सव की शुरुआत कलश यात्रा के साथ होगी, जिसमें क्षेत्र के सभी भक्तजन मौजूद रहेंगे। प्रमुख आयोजन कर्ता हितेश, सुधा, स्वाति, शावन लाल, रोशनी आदि ने कहा ब्रज रसिक संत नरेंद्र दास माधव जी महोत्सव स्थल पर पहुंच चुके हैं। आयोजनकर्ताओं ने जुब्बल क्षेत्र के समस्त भक्तजनों व नगरवासियों से छह मई से 12 मई तक आयोजित इस धार्मिक महोत्सव में बढ-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है।

# कांग्रेस पार्टी अपना कुनबा ही संभालने में असफल : त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



बिलासपुर सदर से विधायक तथा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता त्रिलोक जमवाल ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी अपना कुनबा और अपने परिवार को संभालने में असफल रही है। इस समय उनके परिवार में इतनी अधिक गुटबाजी है कि उसके नेता अपनी पार्टी के बचाव में विभिन्न तरह की बयान बाजी कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस के नेताओं से प्रश्न किया है कि वह इस बात की जानकारी दें कि मंडी लोकसभा सीट पर कांग्रेस पार्टी की वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष और निवर्तमान सांसद प्रतिभा सिंह को चुनाव क्यों नहीं लड़ाया गया।

उन्होंने कहा कि कहीं ऐसा तो नहीं था कि सर्वे में यह आ गया था कि प्रतिभा सिंह भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी से काफी पीछे चल रही हैं। वह बिलासपुर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की 40 विधानसभा में 40 सीटें थी। जब राज्यसभा का प्रत्याशी भाजपा ने दिया तो मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें 43 वोट पड़ रहे हैं यही नहीं उन्होंने कहा कि एक दो वोट भाजपा के भी आ सकते हैं। लेकिन भाजपा ने राज्यसभा की सीट जीती और कांग्रेस पार्टी के छह विधायकों ने राज्यसभा के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को वोट किया। उन्होंने कहा कि इस समय प्रदेश की हालत यह है कि लोकसभा की चारों सीटों भारतीय जनता पार्टी भारी बहुमत से जीतने वाली है। और छह उपचुनाव भी भाजपा जीत कर एक नया इतिहास बनाएगी।

उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष की कार्य प्रणाली पर भी प्रश्न चिन्ह उठाया और कहा कि विधानसभा अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी का कार्य कर रहे हैं। जबकि यह पद निष्पक्ष होता है उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष विधानसभा के अंदर गार्डियन होते हैं और उन्हें दोनों पक्ष लेकर उनकी सीट तक उनको बिठाते हैं, ताकि वह निष्पक्ष रहें। लेकिन वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष ने चुनाव प्रचार करके यह संदेश दिया है कि वह कांग्रेस पार्टी के साथ हैं। वैसे भी उनकी विधानसभा में जो कार्य प्रणाली रही है वह कांग्रेस के पक्ष में रही है।

# बिना सीसीटीवी के बस स्टैंड घुमारवीं

## कैमरे न होने से कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा, जल्द मांगा समस्या का हल

**अनंत ज्ञान, घुमरवीं**

सुरक्षा की दृष्टि से और अक्सर चोरी तथा लूट की घटनाएं होने के बावजूद घुमारवीं बस स्टैंड पर अभी तक संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे नहीं लग पाए हैं । जबकि यहां अक सर यात्रियों के साथ सामान चोरी तो था छीना झपटी की वारदातें होती रहती हैं।

एक तरफ तो शहर में छोटे बड़े व्यापारियों व दुकानदारों की ओर से निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, लेकिन बस स्टैंड परिसर में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। जबकि यहां सालों पहले सीसीटीवी कैमरों की निगरानी शुरू हो जाने चाहिए थी। लेकिन आज तक ऐसा नहीं हो पाया है। जबकि रात भर विभाग की ही कई बसों के बस स्टैंड पर खड़ी होने के कारण उनके पार्ट्स चुराने तथा गाड़ियों से तेल निकालने की भी कई बार कोशिश हुई है बावजूद इसके विभाग ने आज तक कैमरे लगवाना उचित नहीं समझा गया। बस स्टैंड एक ऐसा स्थान है जहां काफी भीड़भाड़ रहती है और यात्रियों को जेब काटने वालों, छीना झपटी तथा सामान चोरी की वारदातों को अक्सर चोर अंजाम दे देते हैं ।

हाल ही की बात करें तो यहां पर गहने चोरी, स्कूली कॉलेज के छात्रों की लड़ाई झगड़े सहित कई मामले सामने आए हैं। जिनमें अधिकतर मामले पुलिस तक नहीं पहुंचे हैं। लेकिन जो मामले पुलिस तक पहुंचे हैं वह भी आज तक नहीं सुलझ नही पाए हैं। ऐसा ही एक वाकया कुछ समय पहले सामने आया था एक महिला यात्री के बस में चढ़ने के दौरान लाखों रुपए के गहनों पर कोई हाथ साफ कर गया था। लेकिन सीसीटीवी कैमरे न होने की वजह से आज तक चोर पकड़ में नहीं आ पाया है ।

### बस स्टैंड पर रहती है ज्यादा भीड़



**मनोज** कुमार ने कहा कि बस स्टैंड में बहुत भीड़भाड़ रहती है। उन्होंने कहा कि यहां सुरक्षा की दृष्टि से कैमरे लगाने बहुत जरूरी है।

### कैमरे लगाना बहुत जरूरी



**नीतिन** उप्पल ने कहा किबस स्टैंड में चोरी की वारदातों को चोर अकसर अंजाम दे देते है। लेकिन सीसीटीवी कैमरे न होने की वजह से चोर पकड़ में नहीं आते। बस स्टैंड में सीसीटीवी कैमरे लगाने जरूरी है।

### कभी भी हो सकती है बड़ी अनहोनी



**विशाल** शर्मा ने ककहा कि बस स्टैंड पर अक्सर स्कूली, कॉलेज और अन्य शिक्षण संस्थानों के बच्चों में झगड़े होते है। इससे कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है। इसलिए बस स्टैंड पर सीसीटीवी कैमरे होना बहुत जरूरी है।

# भराड़ी में तेंदुए की दहशत से सहमे लोग

**अनंत ज्ञान, भराड़ी**

भराड़ी कस्बे के नजदीक सुबह की सैर करने निकले व्यक्ति के सामने अचानक से तेंदुआ आ गया, इससे पहले कि तेंदुआ व्यक्ति को नुकसान पहुंचाता उसने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। तेंदुआ के साथ उसके के शावक भी थे। व्यक्ति अगर कुछ सेंकेंड और वहां खड़ा रहता तो कोई अनहोनी हो सकती थी।

भराड़ी कस्बे के राजीव कुमार सुबह करीब पांच बजे रोजाना की तरह सैर करने निकले थे। इसी दौरान जब मुख्य सड़क पर भराड़ी थाना से सौ मीटर दूरी पर पहुंचे तो उन्हें तेंदुए के दो शावक दिखाई दिए। राजीव कुमार ने सोचा कि शायद यह बिल्ली के बच्चे हो सकते हैं। वह उन बच्चों को देखने के लिए वहां पर खड़े हो गए। एकाएक वहां तेंदुआ खड़ा आ गया।

तेंदुए को देखकर राजीव ने घर की तरफ दौड़ लगा दी। तेंदुए ने अपने शावकों को देखा व फिर सड़क पर उसकी तरफ दौड़ने लगा, जिस तरफ राजीव भागा था। राजीव मौके से करीब दो सौ मीटर दूरी पर पहुंच गया था। ऐसे में अगर वह भागा न होता तो तेंदुआ उस पर जानलेवा हमला कर सकता था। बता दें कि तेंदुए के साथ में जब शावक होते हैं तो तेंदुआ खूंखार हो जाता है। क्षेत्र में आये दिन गांवों में तेंदुओं की चहलकदमी देखी जा रही है। कुछ एक जगह पर लोगों के घरों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में तेंदुए की मौजूदगी देखी जा चुकी है। रिहायशी क्षेत्रों में तेंदुए का पहुंचना खतरनाक साबित हो सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### मां भगवती जागरण 11 मई को

**बिलासपुर।** कोलडैम क्षेत्र के अंतर्गत हरनोड़ा पंचायत की सेडपा स्थित पुनर्वास कॉलोनी में आगामी 11 मई को 6वां विशाल मां भगवती जागरण आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रसिद्ध गायक शर्मा ब्रदर्स, विककी सोनी व जॉनी ठाकुर महामाई का गुणगान करेंगे। इसके अलावा मंगा महादेव होशियारपुर आर्ट्स ग्रुप के कलाकार मनमोहक झांकियां प्रस्तुत करेंगे। यह जानकारी देते हुए जालपा युवक मंडल के प्रधान डिंपल शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महामाई का जागरण बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। इसमें जमथल स्थित शक्तिपीठ मां जालपा माता जी की अखंड ज्योति लाई जाएगी । मां का सुंदर व भव्य दरबार आकर्षण का केंद्र रहेगा। उन्होंने बताया कि महामाई के अखंड ज्योति की शोभायात्रा 11 मई को परिक्रमा करते हुए जागरण स्थल के पास लाई जाएंगी। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि इस जागरण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।युवक मंडल की ओर से विशाल मां भगवती जागरण में हरनोड़ा पंचायत के सभी महिला मंडलों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है । इस दौरान उन्हें माँ के दरवार में सम्मानित भी किया जाएगा।

### पलक को हेड गर्ल व अभय को हेड ब्वाय चुना

**रोहड़ू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पुजारली नंबर-चार में कक्षा छठीं से कक्षा बारहवीं के मध्य हेड गर्ल एवं हेड ब्वाय का गुप्त मतदान प्रणाली द्वारा चुनाव करवाया गया। इस अवसर पर पलक झरेट को हैड गर्ल एवं अभय को हैड ब्वाय चुना गया। हैड गर्ल के लिए चार प्रत्याशी चुनावी मैदान में थी, जबकि हैड ब्वाय के लिए छह प्रत्याशियों ने नामांकन भरा था। स्कूल की शिक्षिका अनुराधा चौहान ने पोलिंग अफसर -1, मेघा चौहान ने पोलिंग अफसर -2 और नीना नेगी ने पोलिंग अफसर -तीन के तौर पर अपनी भुमिका निभाई है। वहीं, राजनीतिक विज्ञान की प्रवक्ता सुरक्षा कपटा ने चुनावी पर्यवेक्षक की भुमिका निभाई है। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य नरेश भारद्वाज ने बताया है कि इस तरह की चुनाव प्रणाली का आयोजन करने से लोकतंत्र की महत्वत्ता बढ जाती है और एक अच्छे नेता की भुमिका का पता चलता है। उन्होंने कहा है कि दोनों छात्र नेता पाठशाला में अनुशासन के लिए काम करेंगे। वहीं, दोनों छात्रों को विजेता होने पर बधाई भी दी गई। इस मौके पर सभी शिक्षक व गैर शिक्षक सदस्य मौजूद रहे।

### दधोल स्कूल में हिम ईको क्लब ने बांटे डस्टबिन

**डंगार चौक।** हिम ईको क्लब राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल के सौजन्य से सभी कक्षाओं के मॉनिटर्स को एक-एक डस्टबिन भेंट किया गया द्य प्रभारी ज्योति प्रकाश ने बताया कि पाठशाला परिसर को साफ सुथरा रखने में सभी बच्चों का योगदान अपेक्षित है। इसके लिए हर कक्षा में एक-एक डस्टबिन रखा जाएगा, ताकि बच्चों में कागज और वेस्ट मटेरियल इधर-उधर फेंकने की आदत ना रहे । अपने संबोधन में प्रधानाचार्य सुरेश भारद्वाज ने सभी विद्यार्थियों को हिदायत दी की पाठशाला परिसर को साफ रखने में अपना-अपना योगदान दें। इस अवसर पर समस्त पाठशाला स्टाफ भी उपस्थित रहा द्य इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना, ईको क्लब तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर के बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया द्य यह रैली पाठशाला परिसर से शुरू होकर दधोल खुर्द गांव से होते हुए वापस पाठशाला में पहुंची । सभी बच्चे बहुत उत्साहित नजर आए। यह रैली स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्य सुरेश भारद्वाज के दिशा निर्देशों अनुसार आयोजित की गई, जिसमें समस्त पाठशाला के स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे । राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी कुलदीप शर्मा ने बताया कि इस तरह की रैलियां हर हफ्ते आसपास के क्षेत्र में निकाली जाएगी।

### अतुल कुमार अंजान को दी श्रद्धांजलि

**बिलासपुर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक कामरेड भाग सिंह चौधरी प्रदेश सचिव की अध्यक्षता में बिलासपुर सर्किट हाउस में आयोजित हुई। इस बैठक में देश के प्रसिद्ध कम्युनिस्ट नेता एवं महामंत्री अखिल भारतीय किसान सभा के महामंत्री कामरेड अतुल कुमार अंजान के आकस्मिक देहांत पर शोक सभा रखी गई। इस दौरान दो मिनट का मौन भी रखा गया द्य विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखकर भाविनी श्रद्धांजलि अर्पित की द्य बैठक में कामरेड अतुल कुमार अंजन के 50 वर्ष के राजनीतिक जीवन पर चर्चा की गई। जिन्होंने अपने जीवन में छात्र राजनीति से वामपंथी विचारधारा को अपनाया और चार बार लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र अध्यक्ष रहे। उन्होंने जनता की अधिकार पूर्ण हक की आवाज को उठाने के प्रति चार वर्षों तक जेल में भी रहे ।

# सुन्नी बांध परियोजना का काम शुरू मांगें पूरी करने का दिया आश्वासन

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

सुन्नी बांध परियोजना में प्रभावितों की मांगों को लेकर किसान सभा द्वारा आयोजित धरना-प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया है और परियोजना कार्य को भी चालू करवा दिया गया है। शनिवार देर रात को सीपीआईएम के नेता राकेश सिंघा की अगुवाई में परियोजना प्रबंधन के साथ हुई बैठक के बाद धरना प्रदर्शन को समाप्त करने और परियोजना का कार्य चालू करने का फैसला लिया गया और परियोजना प्रबंधन के द्वारा प्रभावितों की मांगो को जल पूरा करने का भी आश्वासन दिया।

बता दें की पिछले तीन दिनों से चल रहे परियोजना कार्य बंद और प्रभावितों की मांगो को पर गौर न करने के कारण धरना प्रदर्शन चल रहा तथा प्रभावितों की मुख्य मांगों में स्थानीय ग्रामीणों विशेषकर परियोजना से प्रभावित हुए ग्रामीणों को रोजगार और डैम साइट के साथ लगते क्षेत्रों में पर्यावरण संबधी समस्याओं के निदान तथा परियोजना द्वारा अधिग्रहण की जाने वाली भूमि का उचित मुआवजा है।



अपनी मांगों को लेकर बातचीत करते प्रभावित ।

## मांगें पूरी न होने पर फिर से करेंगे धरना-प्रदर्शन

**किसान** सभा द्वारा निर्धारित समय में प्रभावितों की मांग को पूरा करने की शर्त रखी गई है तथा समय रहते परियोजना प्रबंधन द्वारा मांगे पूरी नहीं की गई तो परियोजना के खिलाफ दोबारा धरना प्रदर्शन किए जाए गा । किसान सभा द्वारा 20 मई को इन मांगो के संदर्भ में बैठक की जायेगी और आगामी रणनीति तय की जाएगी ।

शनिवार को हुई बैठक में परियोजना प्रमुख सहित परियोजना के अन्य अधिकारी और तहसील कार्यालय सुन्नी के नायब तहसीलदार भी मौजूद रहे । किसान सभा चेवड़ी के अध्यक्ष कुंदन लाल ने बताया की क्षेत्र में पर्यावरण संबंधी समस्याओं के निदान के लिए परियोजना प्रबंधन द्वारा उपायुक्त शिमला और मंडी के संयुक्त तत्वावधान में कमेटी गठन के लिए एक महीने का समय दिया गया है । उन्होंने बताया की प्रबंधन द्वारा परियोजना कार्य के लिए प्रभावित परिवारों को रोजगार मुहैया करवाने हेतु पंद्रह दिन का समय दिया गया है । इस बैठक के दौरान प्रभावितों ने प्रबंधन द्वारा अधिगृहीत भूमि के उचित मुआवजे की मांग भी उठाई गई । उन्होंने बताया की गत दिनों परियोजना से लगभग 10 स्थानीय कर्मियों को कम से निकल दिया गया तथा बैठक के दौरान उनकी बहाली का भी फैसला लिया गया । बहरहाल परियोजना का कार्य पुन: चालू कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव को लेकर बनाई रणनीति

**शिमला।** लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में कसुम्पटी ब्लॉक कांग्रेस की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने की। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की गई ओर कार्यकर्ताओं पदाधिकारी को प्रदेश सरकार की 15 महीने के कार्यकाल की उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाने के दिशा निर्देश दिए गए। अनिरुद्ध सिंह ने इस दौरान जहा शिमला संसदीय सीट से जीत का दावा किया वही भाजपा पर भी निशाना साधा ओर कहा भाजपा नेता बेतुकी बयानबाजी कर रहे है। इस बार भाजपा 250 सीटें जितना भी मुश्किल है। भाजपा के जो उम्मीदवार शिमला संसदीय सीट पर है। उन्होंने सांसद रहते हुए कोई भी काम नही किया न ही कोई पूरा वादा पूरा किया। कांग्रेस ने जो उम्मीदवार दिया है वे कसौली के विधायक है और जनता के मुद्दों को अच्छी तरह से जानते है। सुल्तानपुरी की जीत तह है। वहीं, उन्होंने कहा कि बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव को लेकर रणनीति बनाई।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सामने हिमाचल की सांस्कृतिक छटा बिखेरेंगे मंडी के कलाकार



**अनंत टीम, शिमला, मंडी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शिमला प्रवास के दौरान सात मई को राज्य सरकार द्वारा शिमला में हिमाचल प्रदेश भाषा एवं संस्कृति विभाग के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें हिमाचल की सांस्कृतिक छटा बिखरने के लिए प्रदेश के 80 चुनिंदा कलाकार गेयटी थिएटर में 4 मई से तैयारी रिहर्सल कर पसीना बहा रहे हैं।

मंडी जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए मांडव्य कला मंच के 12 कलाकार विपिन, हरीचरण, पंकज, अमित, आयुष, रमेश, श्रेया, रजनी, परमजीत, गगनदीप, कृतिका और कुलदीप गुलेरिया भाग ले रहे हैं। यह कलाकार मंडी जनपद का प्रधान लोक नृत्य लुड्डी और हिमाचली फिनाले (झांकी) प्रस्तुत करेंगे। गौर हो कि गत वर्ष लोक संस्कृति की दिशा में वेस्ट परफॉर्मर का किताब हासिल करने वाली संस्था मांडव्य कला मंच ने सात बार राष्ट्रीय युवा समारोह में, दो बार राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव और तीन बार राष्ट्रीय लोकनाट्य उत्सव में भाग तथा चार बार नेशनल विंटर कार्निवल मनाली में सर्वश्रेष्ठ दल का खिताब जीत कर अनेकों पुरस्कार प्राप्त कर 1988 से लोक संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रयासरत है। इनकी सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि 90 के दशक तक आते-आते लुप्त हो चुके मंडी जनपद के प्रधान लोक नृत्य लुड्डी को जीवित करना और देश भर में पहचान दिलाते हुए लगभग 3000 से ज्यादा प्रस्तुतियां करने में अहम भूमिका रही है।

**प्रतियोगिता** | जूनियर बालक वर्ग में सक्षम ठाकुर को चुना उत्कृष्ट खिलाड़ी, प्रतिभागियों ने जमकर बहाया पसीना

# वॉलीबाल प्रतियोगिता में ग्रीन सदन ने झटका पहला स्थान

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

हिमालयन पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रोहडू में अंतर सदन वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष दिनेश शर्मा व प्रधानाचार्या रंजू शर्मा ने किया। उन्होंने सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी। इसके अलावा स्कूल के ऐडमिन हैड नगेंदर कुमार लूटा, जगदेव सिंह व अन्य अध्यापक भी मौजूद रहे।

यह प्रतियोगिता अंतर सदन स्तर पर बालक व बालिका वर्ग में अलग-अलग आयोजित की गई। वॉलीबाल प्रतियोगिता के जूनियर बालक वर्ग में ग्रीन सदन ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस टीम में सक्षम शर्मा, आदित्या राठौर, काव्यांश डंठीयान, अनुराग नेगी, हार्दिक जिंटा व नक्श थारटा ने भाग लिया। वहीं, यलो सदन दूसरे स्थान पर रहा। इस टीम में सक्षम ठाकुर, दिव्यांशु चौहान, रुद्रंश कंवर, कृतज्ञ सिंह राठौर, योगेश जग्गा, सुशांत मेहता व अथर्व गल्टा ने भाग लिया। जूनियर बालक वर्ग में सक्षम ठाकुर को उत्कृष्ट खिलाड़ी चुना गया। वॉलीबाल प्रतियोगिता के सीनियर बालक वर्ग में रेड सदन ने प्रथम स्थान हासिल किया। जिस टीम में सक्षम राणा, प्रशम रेस्टा, कुनाल भारद्वाज, साहिल बघेल, अंश ब्राग्टा अनिरुद्ध ब्राग्टा व अथर्वदेव सिंह ने भाग लिया। वहीं, यलो सदन दूसरे स्थान पर रहा। इस टीम मे ईशान जगटा, प्रज्वल भारद्वाज, अक्षित चौहान, सक्षम ठाकुर, दृश ठाकुर, प्रिंस प्रथम नेगी, युगल चौहान मयंक सेवाग व अथर्व गल्टा ने भाग लिया। सीनियर बालक वर्ग प्रतियोगिता में सक्षम राणा को उत्कृष्ट खिलाडी चुना गया। बालिका वर्ग मे ग्रीन सदन ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस टीम में नेविश पांचटा, महक ठाकुर, नंदिका चौहान, अनन्या मेहता, सव्या सुर्यान, नव्या आज़ाद, राशि भागटा, कश्वी ठाकुर ने हिसा लिया । ब्लू सदन दूसरे स्थान पर रहे जिस टीम में इशिका जगटा, गरिमा जिंटा, पावनी ठाकुर, उमंग भाऊटा, ज्योति शरवान, हर्षिता व दिव्यान्शिका ठाकुर भाग लिया। वॉलीबाल प्रतियोगिता में बालिका बर्ग में नेविश पांचटा को उत्कृष्ट खिलाडी चुना गया । इसके अलावा सब जूनियर वर्ग कक्षा नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी में कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से अराध्य संख्यान ने प्रथम स्थान हासिल किया। अश्विका शर्मा ने द्वितीय स्थान व चिराग हिस्टा ने तृतीय स्थान हासिल किया, कक्षा एलकेजी में अराध्य ठाकुर ने प्रथम स्थान हासिल किया। सत्यम ने द्वितीय स्थान व अद्विक लतवान ने तृतीय स्थान हासिल किया और कक्षा यूकेजी में युगल ठाकुर ने प्रथम स्थान हासिल किया। आराध्य जिंटा ने द्वितीय स्थान व आदित्य राणा ने तृतीय राणा ने तृतीय स्थान हासिल किया।



मैच खेलने से पहले खिलाड़ी सामूहिक चित्र में।

## विजेता खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

**स्कूल** की प्रधानाचार्या रंजू शर्मा व अध्यक्ष दिनेश शर्मा, एडमिन नगेंद्र लूटा, जगदेव चौहान, दिनेश शर्मा, पवन सुर्याण, बलवंत शर्मा, स्वीटी शर्मा, बंदन शर्मा, सुरुचि शर्मा, आरती चोपड़ा, पृथ्वीराज नेगी , पूजा, पूजा समरैक, मधु दत्ता, रेशम गोगुलवान, आँचल शर्मा, अजय शर्मा, अनुष्का शुक्ला, वनिता चौहान, रविकांता ,अंकिता शर्मा, पूर्णिमा, पूजा कल्याण, नितिका राठौर व सभी अध्यापकों ने प्रतियोगिता की विजेता व उपविजेता को हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### शुभमन को अभी बहुत कुछ सीखना है : डेविड मिलर



**बेंगलुरु।** शुभमन गिल को गुजरात टाइटंस की कप्तानी में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन सीनियर बल्लेबाज डेविड मिलर ने उनका समर्थन करते हुए कहा कि यह 24 वर्षीय खिलाड़ी इस भूमिका के साथ तेजी से 'सामंजस्य' बैठा रहा है। हार्दिक पंड्या की कप्तानी में पिछले साल की उपविजेता और 2022 की चैंपियन टाइटंस की टीम गिल की कप्तानी में अंक तालिका में नौवें स्थान पर चल रही है और उसकी प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीद लगभग खत्म हो गई है।

### पुजारा के नाबाद 104 रन की बदौलत ससेक्स मजबूत



**लंदन।** भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा के नाबाद 104 रन की मदद से ससेक्स ने डर्बीशर के खिलाफ काउंटी चैंपियनशिप डिविजन दो मैच में पहली पारी में 111 रन की बढ़त बना ली है। पुजारा ने अपनी नाबाद पारी में 167 गेंद का सामना करते हुए 10 चौके मारे हैं। उन्होंने काउंटी सत्र के अपने तीसरे मैच में सत्र का पहला शतक जड़ा। उन्होंने ग्लॉस्टरशर के खिलाफ नाबाद 86 और 44 रन बनाए तथा लीसेस्टरशर के खिलाफ अपनी एकमात्र पारी में 38 रन का योगदान दिया।

### आरसीबी टीम में अब भी कई कमजोरियां : अजय जडेजा



**बेंगलुरु।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर अजय जडेजा ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के गेंदबाजों ने एकजुट होकर प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को 'वेंटिलेटर' से बाहर निकाल दिया है, लेकिन गुजरात टाइटंस पर जीत के बावजूद टीम अब भी 'आईसीयू' में है। अब भी कमजोरियां नजर आ रही हैं, आखिर में क्या हुआ। विराट और फाफ डु प्लेसी को बल्लेबाजी करते हुए देखने के बाद हम आज के मैच को लेकर उत्साहित हैं, लेकिन असली काम गेंदबाजों ने किया, एक ऐसा पहलू जिसमें आरसीबी पारंपरिक रूप से संघर्ष करती रही है।

### भारतीय टीम विश्व एथलेटिक्स रिले की हीट को पूरा करने में नाकाम

**नासाउ (बहामास)।** दूसरे चरण के धावक राजेश रमेश के चोटिल होकर बाहर होने से भारतीय पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन के पहले दौर के दौरान रविवार को विश्व एथलेटिक्स रिले में अपनी हीट (शुरुआती दौर की रेस) पूरी करने में विफल रही। मोहम्मद अनस याहिया, राजेश रमेश, मोहम्मद अजमल और अमोज जैकब की भारतीय चौकड़ी हीट नंबर चार में शीर्ष दो में रहकर पेरिस का टिकट पक्का करने की उम्मीद कर रही थी, लेकिन रमेश ने अपना बायां पैर पकड़कर लड़खड़ाते हुए रेस बीच में ही छोड़ दी। अनस पहले चरण की दौड़ पूरी कर चुके थे।

### मौसम खराब, सीजेआई चंद्रचूड़ नहीं कर पाए मुक्तिनाथ के दर्शन, भारत लौटे

**काठमांडू।** तीन दिनों के नेपाल दौरे पर आए चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ मौसम खराबी के कारण मुक्तिनाथ के दर्शन नहीं कर पाए। उनका एवरेस्ट बेस कैंप पर भी जाने का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया, जिसके बाद सीजेआई भारत लौट गए हैं। नेपाल की सर्वोच्च अदालत के प्रधान न्यायाधीश के निमंत्रण पर आए जस्टिस चंद्रचूड़ का शनिवार को तीसरे दिन पोखरा होते हुए मुक्तिनाथ और एवरेस्ट बेस कैंप जाने का कार्यक्रम तय था।

### निज्जर हत्याकांड से देश का कोई लेना-देना नहीं: जयशंकर

**नई दिल्ली।** कनाडा में खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले में तीन भारतीयों को गिरफ्तार किया गया है। अब इस पर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर का बयान सामने आया है। जयशंकर ने कहा कि कनाडा में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर जो कुछ हो रहा है, वह ज्यादातर उनकी आंतरिक राजनीति के कारण है। जयशंकर ने आगे कहा कि इस मामले में भारत का कोई लेना-देना नहीं है। एस जयशंकर ने कहा कि कनाडा बिना सबूतों के भारत पर आरोप लगाता है।

### तीन भारतीयों की गिरफ्तारी पर बोले ट्रूडो- कनाडा कानून के शासन वाला देश

**टोरंटो।** खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की मौत पर तीन भारतीयों की गिरफ्तारी पर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कनाडा को एक मजबूत और स्वतंत्र न्याय प्रणाली वाला कानून-सम्मत देश करार दिया। सीबीएस की रिपोर्ट के अनुसार, रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने मामले में तीन लोगों का नाम 28 वर्षीय करणप्रीत सिंह, 22 वर्षीय कमलप्रीत सिंह और 22 वर्षीय करण बराड़ बताया है। तीनों को अलबर्टा के एडमॉन्टन शहर से गिरफ्तार किया गया है।

### प्रज्ज्वल की दुष्कर्म पीड़िताओं को वित्तीय सहायता देगी कांग्रेस

**बेलगावी (कर्नाटक)।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार जद (एस) नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना द्वारा कथित तौर पर यौन उत्पीड़न की शिकार बनाई गईं महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। कांग्रेस महासचिव और पार्टी के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की मौजूदगी में यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। हासन लोकसभा क्षेत्र से जद (एस)-भाजपा गठबंधन के उम्मीदवार प्रज्ज्वल पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के भतीजे हैं।

### व्हाइट हाउस के द्वार से टकराई गाड़ी, ड्राइवर की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' के एक द्वार से शनिवार रात एक वाहन के टकरा जाने के कारण चालक की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमेरिकी खुफिया सेवा ने एक बयान में कहा कि 'व्हाइट हाउस' परिसर की बाहरी परिधि के एक द्वार से रात लगभग साढ़े दस बजे एक वाहन टकरा गया और इस दुर्घटना के बाद चालक वाहन में मृत पाया गया। एजेंसी ने कहा कि सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया है, लेकिन 'व्हाइट हाउस' को कोई खतरा नहीं है। मृत चालक की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

## महेंद्र सिंह धोनी को शून्य पर बोल्ड करने के बाद बोले हर्षल पटेल

# दिल में धोनी के प्रति सम्मान, इसलिए विकेट लेने पर नहीं मनाया मैंने जश्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पंजाब** किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेले गए मैच में हर्षल पटेल ने महेंद्र सिंह धोनी को बोल्ड कर दिया। गेंदबाज ने दिग्गज बल्लेबाज को शून्य पर आउट किया। इससे पहले उन्होंने शार्दुल ठाकुर को आउट किया।

इस मैच में हर्षल ने गेंदबाजी की और तीन विकेट चटकाए। पारी खत्म होने के बाद उन्होंने बताया कि धोनी के प्रति उनके दिल में सम्मान है, इसलिए उन्हें उस विकेट का सेलिब्रेशन नहीं किया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स ने इस मुकाबले में 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 167 रन बनाए। धोनी इस मैच में नंबर नौ पर बल्लेबाजी के लिए उतरे। वह बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इस सीजन में पहली बार वह गोल्डन डक पर आउट हुए। लक्ष्य का पीछे करने उतरी पंजाब किंग्स की टीम नौ विकेट पर 139 रन बना सकी। पारी के बाद हर्षल पटेल ने कहा मैंने उन्हें (धोनी) आउट करने के बाद जश्न इसलिए नहीं मनाया, क्योंकि मेरे दिल में उनके प्रति बहुत सम्मान है। वह नेट्स पर जमकर पसीना बहा रहे हैं जिसका परिणाम मैच में देखने को मिल रहा है। इस सीजन में 33 वर्षीय गेंदबाज ने अब तक 12 मुकाबले खेले हैं। इनमें उन्होंने 17 विकेट हासिल किए हैं। पर्पल कैप की दौड़ में हर्षल ने बुमराह की बराबरी कर ली है। मुंबई के गेंदबाज ने इस सीजन में अब तक 17 विकेट हासिल किए हैं।





धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाड़ी को आउट करने के बाद जश्न मनाते चेन्नई सुपर किंग्स के प्लेयर

### पंजाब के प्रभसिमरण ने बनाए सबसे ज्यादा 30 रन

टारगेट का पीछा कर रही पंजाब की तरफ से ओपनर प्रभसिमरन सिंह ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। उनके अलावा शशांक सिंह ने 27 रन की पारी खेली। चेन्नई की ओर से रवींद्र जडेजा ने 3 विकेट झटके। तुषार देशपांडे और सिमरजीत सिंह ने 2-2 विकेट लिए। शार्दूल ठाकुर और मिचेल सैंटनर को 1-1 विकेट मिला।

### स्कोर बोर्ड

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रहाणे क. रबाडा ब. अर्शदीप | 09 | 07 | 1/0 |
| गायकवाड़ क. जितेश ब. चाहर | 32 | 21 | 4/1 |
| डेरिल पगबाधा ब. हर्षल | 30 | 19 | 2/1 |
| दुबे क. जितेश ब. चाहर | 00 | 01 | 0/0 |
| मोइन क. बेयरस्टो ब. कुरेन | 17 | 20 | 2/0 |
| जडेजा क. कुरेन ब. अर्शदीप | 43 | 26 | 3/2 |
| सेंटनर क. कुरेन ब. चाहर | 11 | 11 | 1/0 |
| शार्दुल ब. हर्षल | 17 | 11 | 2/1 |
| धोनी ब. हर्षल | 00 | 01 | 0/0 |
| देशपांडे (नाबाद) | 00 | 01 | 0/0 |
| ग्लीसन (नाबाद) | 02 | 02 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 06 | | |
| **कुल : (20 ओवर)** | **167/9** | | |

**विकेट पतन** : 1-12, 2-69, 3-69, 4-75, 5-101, 6-122, 7-150, 8-150, 9-164., **गेंदबाजी** : रबाडा 3-0-24-0, अर्शदीप 4-0-42-2, कुरेन 4-0-34-1, बराड़ 1-0-19-0, चाहर 4-0-23-3, हर्षल 4-0-24-3

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रभसिमरन क. स्थानापन्न ब. जडेजा | 30 | 23 | 2/2 |
| बेयरस्टो ब. देशपांडे | 07 | 06 | 1/0 |
| रोसो ब. देशपांडे | 00 | 03 | 0/0 |
| शशांक क. सिमरजीत ब. सेंटनर | 27 | 20 | 4/0 |
| कुरेन क. सेंटनर ब. जडेजा | 07 | 11 | 0/0 |
| जितेश क. धोनी ब. सिमरजीत | 00 | 01 | 0/0 |
| आशुतोष क. सिमरजीत ब. जडेजा | 03 | 10 | 0/0 |
| बराड़ (नाबाद) | 17 | 13 | 2/0 |
| हर्षल क. स्थानापन्न ब. सिमरजीत | 12 | 13 | 1/1 |
| चाहर ब. शार्दुल | 16 | 10 | 2/1 |
| रबाडा (नाबाद) | 11 | 10 | 0/1 |
| **अतिरिक्त** | 09 | | |
| **कुल : (20ओवर)** | **139/9** | | |

**विकेट पतन** : 1-9, 2-9, 3-62, 4-68, 5-69, 6-77, 7-78, 8-90, 9-117., **गेंदबाजी** : सेंटनर 3-0-10-1, देशपांडे 4-0-35-2, ग्लीसन 4-0-41-0, जडेजा 4-0-20-3, सिमरजीत 3-0-16-2, शार्दुल 2-0-12-1.

### रीयाल मैड्रिड ने जीता स्पेनिश लीग खिताब

**बार्सिलोना।** रीयाल मैड्रिड ने बायर्न म्यूनिख के खिलाफ चैंपियंस लीग सेमीफाइनल से पहले शनिवार को यहां चार मैच शेष रहते स्पेनिश लीग फुटबाल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। मैड्रिड ने अपनी बेंच स्ट्रैंथ को आजमाने के बावजूद कैडिज को 3-0 से हराया। बार्सिलोना की टीम इसके बाद गिरोना के खिलाफ 2-4 से हार गई, जिससे मैड्रिड ने खिताब सुनिश्चित किया। मैड्रिड ने अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए 36वीं बार ला लीगा का खिताब जीता। गिरोना की टीम इस जीत से बार्सिलोना को पछाड़कर 34 मैच में 74 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

### चीन ने 16वीं बार जीता उबेर कप

**चेंगडू।** चीन ने रविवार को इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर अपना 16वां उबेर कप खिताब जीता। दो साल पहले दक्षिण कोरिया से फाइनल हारने के बाद, 2016 के बाद पहली बार चीनी धरती पर आयोजित चैंपियनशिप में चीन को प्रबल दावेदार माना जा रहा था। ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई ने एकल मुकाबले में बढ़त बनाई और ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजुंग को 21-7, 21-16 से हराकर चीन को 1-0 की बढत दिलाई।

## मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीतकर अपनी स्थिति मजबूत करने उतरेंगे सनराइजर्स

**एजेंसी, मुंबई**

**आत्मविश्वास** से भरी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम सोमवार को खराब फॉर्म से जूझ रहे मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत के साथ इंडियन प्रीमियर लीग की अंक तालिका में आगे बढ़ने की कोशिश करेगी। दस मैच में छह जीत और चार हार से 12 अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है।

सनराइजर्स टीम ऑलराउंड प्रदर्शन और गेंदबाजी विभाग में सुधार करने के लिए बेताब होगी। पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम राजस्थान रॉयल्स (16 अंक), कोलकाता नाइट राइडर्स (14 अंक) और लखनऊ सुपर जाइंट्स (12 अंक) के साथ शीर्ष चार में शामिल है। चेन्नई सुपरकिंग्स (10 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर) और



दिल्ली कैपिटल्स (10 अंकों के साथ छठे स्थान पर) से अंक तालिका में सनराइजर्स को कड़ी चुनौती मिल रही है। वानखेड़े की पिच अगर बल्लेबाजी के अनुकूल होती है तो सनराइजर्स के बल्लेबाजों के एक बार फिर बड़ा स्कोर खड़ा करने की उम्मीद है, जो वे मौजूदा सत्र में कई बार कर चुके हैं। यहां की पिचें आम तौर पर बल्लेबाजी के अनुकूल होती हैं और छोटी बाउंड्री के कारण 200 से अधिक का स्कोर बनना आम बात है।

## महिला टी-20 वर्ल्ड कप का शेड्यूल जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**इंटरनेशनल** क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के शेड्यूल का ऐलान कर दिया है। यह टूर्नामेंट बांग्लादेश की मेजबानी में खेला जाएगा। इस बार होने वाले महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में कुल 10 टीमें भाग ले रही है। मुकाबला 19 दिन तक चलेगा।

इस बीच कुल 23 मैच खेले जाएंगे। सभी 10 टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप में प्रत्येक टीम को 4-4 मैच खेलने होंगे। हर एक ग्रुप की टॉप-2 टीमें सेमीफाइल के लिए क्वालिफाई करेंगी। फिर चारों टीमों के बीच प्लेऑफ की जंग होग। विश्व कप



चार अक्तूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरेगी भारतीय टीम

की शुरुआत तीन अक्तूबर से इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के मैच के साथ होगी। फाइनल मैच 20 अक्तूबर को ढाका में खेला जाएगा। बता दें टीम इंडिया के ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और क्वालीफायर 1 है। ऐसे में टीम इंडिया 6 अक्तूबर को पाकिस्तान से भिड़ेगी।

**शेड्यूल**

- 3 अक्तूबर : इंग्लैंड बनाम साउथ अफ्रीका, ढाका
- 3 अक्तूबर: बांग्लादेश बनाम क्वालीफायर 2, ढाका
- 4 अक्तूबर : ऑस्ट्रेलिया बनाम क्वालीफायर 1, सिलहट
- 4 अक्तूबर: भारत बनाम न्यूजीलैंड, सिलहट
- 5 अक्तूबर: साउथ अफ्रीका बनाम वेस्टइंडीज, ढाका
- 5 अक्तूबर : बांग्लादेश बनाम इंग्लैंड, ढाका
- 6 अक्तूबर: न्यूजीलैंड बनाम क्वालीफायर 1, सिलहट
- 6 अक्तूबर: भारत बनाम पाकिस्तान, सिलहट
- 7 अक्तूबर : वेस्टइंडीज बनाम क्वालीफायर 2, ढाका
- 8 अक्तूबर: ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान, सिलहट
- 9 अक्तूबर: बांग्लादेश बनाम वेस्टइंडीज, ढाका
- 9 अक्तूबर : भारत बनाम क्वालीफायर 1, सिलहट
- 10 अक्तूबर : साउथ अफ्रीका बनाम क्वालीफायर 2, ढाका
- 11 अक्तूबर : ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड, सिलहट
- 11 अक्तूबर : पाकिस्तान बनाम क्वालीफायर 1, सिलहट
- 12 अक्तूबर: इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज, ढाका
- 12 अक्तूबर: बांग्लादेश बनाम साउथ अफ्रीका, ढाका
- 13 अक्तूबर: पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड, सिलहट
- 13 अक्तूबर: भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, सिलहट
- 14 अक्तूबर: इंग्लैंड बनाम क्वालीफायर 2, ढाका
- 17 अक्तूबर: पहला सेमीफाइनल, सिलहट
- 18 अक्तूबर: दूसरा सेमीफाइनल, ढाका
- 20 अक्तूबर : फाइनल, ढाका

### अफगानी डिप्लोमैट ने जकिया वारदाक ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** मुंबई एयरपोर्ट पर 25 किलो सोने की तस्करी करते पकड़ी गई अफगानी डिप्लोमैट जकिया वारदाक से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है। अफगानी डिप्लोमैट जकिया वारदाक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। जकिया वारदाक को कथित तौर पर पिछले महीने संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी से 18.6 करोड़ रुपए मूल्य के 25 किलोग्राम सोने की तस्करी की कोशिश के आरोप में मुंबई एयरपोर्ट पर पकड़ा गया था। वह दो साल से अधिक समय तक मुंबई में अफगान महावाणिज्यदूत के रूप में काम करने के बाद पिछले साल के अंत से नई दिल्ली में अफगानिस्तान की कार्यवाहक राजदूत थीं।

## श्रेयस तलपड़े का दावा- कोविशील्ड की वजह से आया था हार्ट अटैक!

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अभिनेता श्रेयस तलपड़े ने बॉलीवुड कला जगत में अपनी एक अलग पहचान बनाई है, लेकिन पिछले साल के अंत में श्रेयस को निजी जिंदगी में कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ा। उन्हें 15 दिसंबर, 2023 को एक फिल्म की शूटिंग से घर लौटते समय दिल का दौरा पड़ा।

इसके बाद उनकी अंधेरी के वेल्वु हॉस्पिटल में एंजियोप्लास्टी हुई। अब श्रेयस बिल्कुल ठीक हैं और अपनी सेहत का अच्छे से ख्याल रख रहे हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में श्रेयस ने हार्ट अटैक आने को लेकर कुछ सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मैं धूम्रपान नहीं करता, मैं शराब भी नहीं पीता। मैं महीने में एक बार या कभी काल ड्रिंक लेता हूं।



तंबाकू नहीं खाता। जब मुझे दिल का दौरा पड़ा तो मेरा कोलेस्ट्रॉल निश्चित रूप से थोड़ा बढ़ा हुआ था। अब मेरी सभी रिपोर्ट्स सामान्य हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना टीकाकरण के बाद ही मुझे कुछ थकान और थकावट का अनुभव होने लगा। इसमें कुछ तो सच होगा। हम इस बात से इंकार नहीं कर सकते कि शायद टीकाकरण या कोविड के कारण मुझे यह परेशानी हुई।

### बीजेपी नेताओं की हत्या की साजिश रचने वाला मौलवी अरेस्ट

**अहमदाबाद।** गुजरात पुलिस ने हिंदू नेताओं की हत्या की साजिश रचने के आरोप में एक मौलवी को अरेस्ट किया है। पुलिस के अनुसार मौलवी ने इसके लिए पाकिस्तान से हथियार का ऑर्डर भी दिया था। इसके लिए 1 करोड़ की रकम की व्यवस्था भी की थी। पुलिस का दावा है कि तेलंगाना बीजेपी विधायक टी राजा सिंह, पूर्व बीजेपी नेता नूरपुर शर्मा हिंदू सनातन संघ के नेता उपदेश राणा की हत्या की साजिश बना रहा था। मौलवी ने दूसरे देशों में बैठे साथियों से ऑनलाइन कोड वर्ड में बात करता था। यह बातचीत लूडो जैसे एक गेम में होती थी। इसमें चैटिंग की भी सुविधा थी। पुलिस के अनुसार इस मौलवी को सूरत क्राइम ब्रांच ने कामरेज में आने वाले कठोर गांव से अरेस्ट किया गया है। सूरत पुलिस आयुक्त अनुमप सिंह गहलोत के अनुसार पकड़ा गया आरोपी की मोहम्मद सोहेल उर्फ मौलवी अबुबकर टिमोल (27) है। वह इस्लाम पर निजी ट्यूशन भी देता है। इसने कुछ हिंदू नेताओं को मारने के लिए पाकिस्तान और नेपाल के लोगों के साथ 1 करोड़ रुपए की सुपारी दी थी। इतना ही नहीं पाकिस्तान से हथियार भी मंगवाया था। मौलवी के टारगेट पर हिंदू सनातन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपदेश राणा का नाम पहले नंबर पर था।

### राधिका खेड़ा ने मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजा इस्तीफा

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस महिला नेता राधिका खेड़ा ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। बता दें कि मल्लिकार्जुन खरगे को राधिका खेड़ा ने अपना इस्तीफा भेजा है। सुशील आनंद शुक्ला से विवाद के बाद यह इस्तीफा दिया है। राजीव भवन में सुशील आनंद शुक्ला से विवाद हुआ था, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। राधिका खेड़ा ने ट्वीट किया कि आज अत्यंत पीड़ा के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता त्याग रही हूं व अपने पद से इस्तीफा दे रही हूं। उन्होंने लिखा, हां मैं लड़की हूं और लड़ सकती हूं, और वही अब मैं कर रहीं हूं।

### पद्मश्री विजेता दर्शनम मोगुलैया दिहाड़ी लगाने के लिए मजबूर

**हैदराबाद ।** प्रतिष्ठित पद्मश्री से दो साल पहले सम्मानित लोकप्रिय लोक कलाकार दर्शनम मोगुलैया राज्य सरकार से इनाम स्वरूप एक करोड़ रुपए मिलने के बावजूद अब अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम कर रहे हैं। दुर्लभ संगीत वाद्य यंत्र 'किन्नेरा' बजाने के लिए मशहूर 73 वर्षीय कलाकार को पद्मश्री से सम्मानित किया गया था और तत्कालीन भारत राष्ट्र समिति की सरकार ने उन्हें एक करोड़ रुपए दिए थे, जो उन्होंने खर्च कर दिए। नौ बच्चों के पिता मोगुलैया ने कहा कि उन्होंने सरकार से मिले एक करोड़ रुपए का इस्तेमाल कर लिया और अपने दो बच्चों की शादी की और एक जमीन खरीदने के बाद तीन मंजिला मकान बनवाया।

### उत्तराखंड में जल रहे जंगल अब तक पांच की मौत



**देहरादून।** उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों मे इन दिनों जंगल आग की चपेट में हैं। इस फायर सीजन में जंगल की आग की 886 घटनाएं हो चुकी हैं, जिसकी चपेट में आकर अब तक पांच की मौत और पांच लोग घायल हो चुके हैं। वहीं, 1107 हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। उत्तरकाशी जिले की बाड़ाहाट रेंज से लेकर धरासू रेंज के जंगल अधिक जल रहे हैं। विभाग के रिकॉर्ड पर नजर डालें तो अब तक 19.55 हेक्टेयर वन क्षेत्र जल गए हैं। जहां धुएं से लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है, वहीं आग बुझाने में वन विभाग का दम फूल रहा है। वनाग्नि के चलते अमूल्य वन संपदा के साथ वन्यजीवों को भी नुकसान पहुंचने की संभावना है, लेकिन वन विभाग की ओर वनाग्नि की रोकथाम के लिए कोई सार्थक प्रयास नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि वन विभाग का कहना है कि वनाग्नि नियंत्रण के लिए संसाधन बढ़ाए हैं।

### रायबरेली से राहुल के नामांकन के बाद रॉबर्ट वाड्रा ने किया इमोशनल पोस्ट

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने लोकसभा चुनाव के बीच एक इमोशनल पोस्ट किया है। रॉबर्ट का यह पोस्ट कांग्रेस नेता राहुल गांधी के रायबरेली से नामांकन के बाद आया है। इस पोस्ट में उन्होंने राजनीति की ताकत और परिवार के संबंधों का जिक्र किया है। माना जा रहा है कि रॉबर्ट वाड्रा का यह पोस्ट टिकट नहीं मिलने के बाद की अभिव्यक्ति है। पोस्ट में रॉबर्ट ने जनता के समर्थन और शुभकामनाओं के लिए शुक्रिया भी अदा किया है। दरअसल रॉबर्ट वाड्रा अमेठी के अमेठी से चुनाव लड़ने की अटकलें काफी तेज थी। उनके नाम के अमेठी में पोस्टर तक लग गए थे। रॉबर्ट वाड्रा ने पोस्ट में लिखा, राजनीति की कोई भी शक्ति, पद हमारे परिवार के बीच नहीं आ सकता। हम सभी अपने महान राष्ट्र की जनता और जनता की बेहतरी के लिए हमेशा काम करेंगे, करेंगे और करते रहेंगे।

### आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर नड्डा एवं भाजपा के अन्य नेताओं के खिलाफ शिकायत

**एजेंसी, बेंगलुरु**

कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) ने आदर्श आचार संहिता का कथित उल्लंघन करने को लेकर रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ निर्वाचन आयोग से कार्रवाई करने की मांग की।

प्रदेश कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सोशल मीडिया पर भाजपा की ओर से पोस्ट किए गए एक वीडियो में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय के सदस्यों को एक विशेष उम्मीदवार को वोट नहीं देने के लिए डराया-धमकाया गया है। कांग्रेस ने कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को दी शिकायत में प्रदेश भाजपा के आधिकारिक अकांउट से चार मई को शाम करीब साढ़े पांच बजे 'एक्स' पर साझा एक वीडियो का उल्लेख किया है। इस अकाउंट का संचालन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र के निर्देश पर पार्टी के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय करते हैं।

## ड्रग्स के नशे में ऑस्ट्रेलियाई महिला सांसद का यौन उत्पीड़न

**एजेंसी, ऑस्ट्रेलिया**



ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड की एक महिला सांसद ने दावा किया है कि उनका यौन उत्पीड़न किया गया है। उन्होंने बताया कि उन्हें ड्रग्स का सेवन कराया गया था। ब्रिटनी लौगा नाम की सांसद ऑस्ट्रेलिया में सहायक स्वास्थ्य मंत्री के पद पर है।

इंस्टाग्राम पोस्ट पर उन्होंने बताया कि एक शाम उनके निर्वाचन क्षेत्र येप्पून में उन पर हमला भी किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसा किसी के साथ भी हो सकता था और दुखद बात यह है कि यह हममें से कई लोगों के साथ होता है। 37 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई सांसद यौन उत्पीड़न का मामला लेकर 28 अप्रैल को पुलिस के पास पहुंची थीं। इसके बाद वह अस्पताल भी गईं। वहीं, टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अस्पताल में हुए टेस्ट में उनके शरीर में ड्रग्स की मौजूदगी की पुष्टि हुई, जो उन्हें दी गई थी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए एक बयान में खुलासा किया। सांसद ने कहा कि ड्रग्स ने उन पर काफी प्रभाव डाला और अन्य महिलाओं ने उनसे संपर्क किया था, जिन्हें ड्रग्स दिया गया था।


**योजना** इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या में वृद्धि से उत्सर्जन में होगी कमी, वायु गुणवत्ता में होगा सुधार

## वायु प्रदूषण को कम करने में इलेक्ट्रिक गाड़ियां रामबाण

**एजेंसी, सिडनी**

इलेक्ट्रिक वाहनों को अक्सर परिवहन क्षेत्र से होने वाले उत्सर्जन और वायु प्रदूषण को कम करने के रामबाण उपाय के रूप में देखा जाता है। क्या यह दृष्टिकोण सही है? हां- लेकिन ऐसा तभी संभव है, जब इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या में वृद्धि आएगी। लोगों द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद में हालिया तेजी के बावजूद, अभी भी सड़क पर अन्य इंधनों से चलने वाली कारों की संख्या की तुलना में इलेक्ट्रिक कारों की संख्या काफी कम है।

बसें आश्चर्यजनक रूप से वायु प्रदूषण का एक बड़ा स्रोत हैं, ऐसे में हमें



इलेक्ट्रिक बसों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। इसके अलावा डीजल से चलने वाले ट्रकों से होने वाले उत्सर्जन में कटौती करने के तरीके खोजने से वायु प्रदूषण को कम करने में अधिक तत्काल लाभ मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया में अभी भी उत्सर्जन में विद्युत क्षेत्र की सबसे अधिक (32.3 प्रतिशत) हिस्सेदारी है, हालांकि उत्सर्जन में गिरावट आ रही है, लेकिन परिवहन क्षेत्र से होने वाला उत्सर्जन (21.1 प्रतिशत) पहले से ही तीसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता है और कुल उत्सर्जन में परिवहन क्षेत्र की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ रही है। आलोचकों का कहना है कि इलेक्ट्रिक वाहन उत्सर्जन और प्रदूषण को टेलपाइप से 'पावर प्लांट स्मोकस्टैक' में स्थानांतरित कर देते हैं। यह केवल आंशिक रूप से सत्य है। भूरे कोयले से संचालित ग्रिड का मतलब वास्तव में यह हो सकता है कि इलेक्ट्रिक वाहन जितना हम सोचते हैं उससे कहीं ज्यादा गंदे हैं, लेकिन, जैसे-जैसे अधिक से अधिक स्वच्छ ऊर्जा ग्रिड में (या ग्रिड के पीछे, हमारी छतों पर सौर ऊर्जा के रूप में) प्रवाहित होती है, यह चिंता का विषय कम और अधिक कम होता जाता है।

पिछले साल, ऑस्ट्रेलिया में बेचे गए आठ प्रतिशत से अधिक नए वाहन इलेक्ट्रिक वाहन थे। यह पिछले वर्ष के 3.6 प्रतिशत के आंकड़े की तुलना में काफी अधिक है।